1. खारा, 2. नम्र, 3.रव रव एक नरक, 4. खोज, 5. दूर जन्म लेने वाला, 6. तालाब।

पर सब मिटता सा लगे, पतझड़ पुनः बसन्त ॥10॥
ज्ञायक[7] बन गायक नहीं, पाना है विश्राम।
लायक[8] बन नायक नहीं, जाना है शिवधाम ॥11॥
सूक्ष्म वस्तु यदि न दिखे, उनका नहीं अभाव।
तारा राजी[9] रात में, दिन में नहीं दिखाव ॥12॥
लघु कंकर भी डूबता, तिरे काष्ठ[10] स्थूल।
क्यों मत पूछो तर्क से, स्वभाव रहता दूर ॥13॥
कल्प काल से चल रहे, विकल्प[11] ये संकल्प।
अल्प काल भी मौन ले, चलता अन्तर्जल्प[12] ॥14॥
सुचिर काल से सो रहा, तन का करता राग।
ऊषा सम नरजन्म है, जाग सके तो जाग ॥15॥
दिन का हो या रात का, सपना सपना होय।
सपना अपना सा लगे, किन्तु न अपना होय ॥16॥
दोष रहित आचरण से, चरण पूज्य बन जाये।
चरण धूल तक सर चढ़े, मरण पूज्य बन जाये ॥17॥
एक साथ दो बैल तो, मिलकर खाते घास।
लोकतंत्र पा क्यों लड़ो, क्यों आपस में त्रास ॥18॥
बूँद-बूँद के मिलन से, जल में गति आ जाये।
सरिता बन सागर मिले, सागर बूँद समाय ॥19॥

---

7. सब जानने वाला, 8. योग्य, 9. सहमत, 10. काष्ठ लकड़ी, 11. मेरे तेरे पन का भाव या मन की ऊहापोह, 12. मानसिक चिन्तन।

# 21. अध्यात्म-दोहावली

जीवन समझो मोल है, ना समझो तो खेल।
खेल खेल में युग गया, वही खिलाड़ी खेल॥1॥
खेल सको तो खेल लो, एक अनोखा खेल।
आप खिलाड़ी आप ही, बनो खिलौना खेल॥2॥
किस-किस का कर्ता[1] बनूँ, किस-किस का मैं कार्य।
किस-किस का कारण बनूँ, यह सब क्यों कर आर्य[2] ॥3॥
पर का कर्ता मैं नहीं, मैं क्यों पर का कार्य।
कर्ता कारण कार्य हूँ, मैं निज का अनिवार्य॥4॥
घुट-घुट कर क्यों जी रहा, लुट लुट कर क्यों दीन।
अन्तर्घट[3] में हो जरा, सिमट सिमट कर लीन॥5॥
[4]खोया जो है अहम[5] में, खोया[6] उसने मोल।
खोया जिसने अहम को, खोजा धन अनमोल॥6॥
यान करे बहरे इधर, उधर यान में शांत।
कोरा कोलाहल यहाँ, भीतर तो एकांत॥7॥
स्वर्ण बने वह कोयला, और कोयला स्वर्ण।
पाप-पुण्य का खेल है, आतम में ना वर्ण॥8॥
प्रमाण का आकार ना, प्रमाण में आकार।
प्रकाश का आकार ना, प्रकाश में आकार॥9॥
जिनवर आँखें अधखुली, जिनमें झलके लोक।

---

1.करने वाला, 2. सज्जन पुरुष, 3.अपनी आत्मा, 4. लीन है, 5. अहंकार, 6. खोना।

आप दिखे सब देख ना, स्वस्थ रहे उपयोग ॥10॥
अलख जगाकर देख ले, विलख विलख मत हार।
निरख निरख निज को जरा, हरख हरख इस बार ॥11॥
कर्तापन की गंध बिन, सदा करे कर्तव्य।
स्वामीपन ऊपर धरे, ध्रुव पर हो मन्तव्य ॥12॥
चेतन में ना भार है, चेतन की ना छाँव।
चेतन की फिर हार क्यों, भाव हुआ दुर्भाव ॥13॥
धन जब आता बीच में, वतन सहज हो गौण।
तन जब आता बीच में, चेतन होता मौन ॥14॥
फूल राग का घर रहा, काँटा रहा विराग।
तभी फूल का पतन हो, राग त्याग तू जाग ॥15॥
मोह दुखों का मूल[4] है, धर्म सुखों का स्त्रोत।
मूल्य तभी पीयूष[5] का, जब हो विष से मौत ॥16॥
पर घर में क्यों घुस रही, निज घर तज यह भीड़।
पर नीड़ो[6] में कब घुसा, पंछी तज निज नीड़ ॥17॥
विषय-विषम विष है सुनो, विष सेवन से मौत।
विषय-कषाय विसार दो, स्वानुभूति सुख स्त्रोत ॥18॥
हल्का लगता जल भरा[7], घट भी जल में जान[8]।
दुख सुख सा अनुभूत हो, हो जब आतम ज्ञान ॥19॥
कुन्दकुन्द को नित नमूँ, हृदय कुन्द खिल जाय।
परम सुगन्धित महक में, जीवन मम घुल जाये ॥20॥

---

4. जड़, 5. अमृत, 6. घौंसला, 7. मटका ( घड़ा ), 8. जानना।

## 22. मंगल-भावना

मंगलमय जीवन बने, छा जाये सुख छाँव।
जुड़े परस्पर दिल सभी, टले अमंगल भाव॥1॥
'ही'[1] से 'भी'[2] की ओर ही, बढ़ें सभी हम लोग।
छह के आगे तीन हो, विश्व शांति का योग॥2॥
यही प्रार्थना वीर से, अनुनय से कर जोर।
हरी भरी दिखती रहे, धरती चारों ओर॥3॥
गुरु चरणों की शरण में, प्रभु पर हो विश्वास।
अक्षय सुख के विषय में, संशय का हो नाश॥4॥
मेरा-तेरा पन मिटे, भेदभाव का नाश।
रीति-नीति सुधरे सभी, वेद भाव में वास॥5॥
ऊधम से तो दम घुटे, उद्यम[3] से दम आय।
बनो दमी हो आदमी, कदम-कदम जम जाय॥6॥
मरहम पट्टी बांध के, वृण का कर उपचार।
ऐसा यदि न बन सके, डंडा तो मत मार॥7॥
नम्र बनो मानी नहीं, जीवन वर-ना मौत।
बेत बनो न बट बनो, सुर-शिव-सुख का स्त्रोत॥8॥
तन मन से औ वचन से, पर का कर उपकार।
रवि सम जीवन बस बने, मिलता शिव उपकार॥9॥
दिखा रोशनी रोश न, शत्रु मित्र बन जाय।
भावों का बस खेल है, शूल[4] फूल बन जाय॥10॥

---

1.एकान्त का प्रतीक, 2. अनेकान्त का प्रतीक, 3.पुरुषार्थ, 4. काँटा।

धोओ मन को धो सको, तन को धोना व्यर्थ।
खोओ गुण में खो सको, धन में खोना व्यर्थ ॥11॥
निर्धनता वरदान है, अधिक धनिकता पाप।
सत्य तथ्य की खोज में, निर्गुणता अभिशाप ॥12॥
अर्थ नहीं परमार्थ की, ओर बड़े भूपाल[5]।
पालक जनता के बने, बनें नहीं भूचाल[6] ॥13॥
दूषण ना भूषण बनो, बनो देश के भक्त।
उम्र बढ़े बस देश की, देश रहे अविभक्त ॥14॥
धर्म धनिकता में सदा, देश रहे बल जोर।
भवन वही बस चिर टिके, नींव नहीं कमजोर ॥15॥
कब तक कितना पूछ मत, चलते चल अविराम।
रुको-रुको यूँ सफलता, आप कहे यह धाम ॥16॥
गुण ही गुण पर में सदा, खोजूँ निज में दाग।
दाग मिटे बिन गुण कहाँ, तामस मिटते राग ॥17॥
पंक[7] नहीं पंकज[8] बनूँ, मुक्ता[9] बनूँ न सीप।
दीप बनूँ जलता रहूँ, प्रभु-पद-पद्म समीप ॥18॥
यही प्रार्थना वीर से, शान्ति रहे चहुँ ओर।
हिल मिलकर सब एक हों, बढ़ें धर्म की ओर ॥19॥
गोमटेश के चरण में, नत हो बारम्बार।
विद्यासागर कब बनूँ, भव सागर कर पार ॥20॥

5. राजा, 6. भूकम्प, 7. कीचड़, 8. कमल, 9. मोती।

## 23. गुरु अर्चना

दया करो संकट हरो, विद्या गुरु भगवान।
मुझे भरोसा आप पर, रखना मेरा ध्यान॥1॥
गिरे न मेरा मन कभी, रहे माथ पर हाथ।
मैं बालक डरपोक हूँ, रखना मुझको साथ॥2॥
गुरु ही मेरे अंग हैं, गुरु ही मेरे प्राण।
यह जीवन गुरु के बिना, जैसा इक श्मशान॥3॥
शिष्य भले ही दूर हो, रखते हैं गुरु ध्यान।
अंतरंग के भाव से, देते हैं वरदान॥4॥
गुरु हैं जग में कल्पतरु, फल उपदेश महान्।
जो भी खाता है इसे, बनता वह भगवान॥5॥
गुरु गंधोदक से मिटे, तन मन के सब रोग।
भक्ति भाव के साथ ही, ले लो सारे लोग॥6॥
मेरे गुरुवर मेघ हैं, बच्चे हम सब मोर।
नाच रहे हैं प्यार से देखत इनकी ओर॥7॥
विद्यासागर चरण की, जिसे मिली है धूल।
उसे मिला है जगत में, मन वांछित फलफूल॥8॥
मन वच तन से कर रहे, जो निज पर उद्धार।
ऐसे विद्या संत को, प्रणाम बारम्बार॥9॥
विद्यासागर में भरे , रत्न अनंतानंत।
इन्हें प्राप्त कर बन रहे, संत लोक श्रीमंत॥10॥
दुर्जन के दुर्गुण मिटे, रोगी के सब रोग।
साधु साधे साध्य को , पा गुरुवर का योग॥11॥

धर्म धुरंधर गुरु रहे, करुणा के अवतार।
भविजन को भव-सिन्धु में, ये ही तारणहार॥12॥
गुरु ही मेरे त्राण हैं, गुरु ही मेरे प्राण।
गुरु ही मेरी शान हैं, गुरु ही मम पहचान॥13॥
विद्यासागर गुरु मिले, हमें भाग्य से आज।
भवसागर से तैरने, ये हैं परम जहाज॥14॥
गुरु स्वाती की बूँद हैं, शिष्य सीप सम जान।
गुरु आज्ञा संयोग है, मोती केवलज्ञान॥ 15॥
मैं पूजूँ गुरुदेव को, मम उर में रख पाद।
जब तक शिव सुख ना मिले, करूँ इन्हीं को याद॥16॥
भव आतप से जल रहे, थे हम सब के प्राण।
विद्यासागर नीर से, मिला सु जीवन दान॥17॥
मेरे गुरु के पूज्य हैं, गज-रेखा के पैर।
हिंसक पशु भी छोड़ते, इत आकर सब वैर॥18॥
विद्यासागर के चरण, जग में पूज्य महान।
शरणागत को शरण हैं, बनने को भगवान॥19॥
गुरुवर ने जो भी दिया, मुझ को यह आधार।
युगों युगों तक मैं नहीं, भूलूँगा उपकार॥20॥
विद्यासागर सूर्य हैं, शिष्य किरण सम जान।
इनके दर्शन मात्र से, मिटता तम अज्ञान॥21॥
विद्या गुरुवर ने दिया, जन-जन को यह सीख।
निज में निधी अपार है, मत मांगों रे भीख॥22॥

● ● ●

## 24. इष्ट प्रार्थना

हमारे कष्ट मिट जाये, नहीं यह भावना स्वामी।
डरे न संकटों से हम, यही है भावना स्वामी॥1॥

हमारा भार घट जाये, नहीं यह भावना स्वामी।
किसी पर भार न हों हम, यही है भावना स्वामी॥ 2॥

फले आशा सभी मन की, नहीं यह भावना स्वामी।
निराशा हो न अपने से, यही है भावना स्वामी॥ 3॥

बढ़े धन सम्पदा भारी, नहीं यह भावना स्वामी।
रहे संतोष थोड़े में, यही है भावना स्वामी॥ 4॥

दुःखों में साथ दे कोई, नहीं यह भावना स्वामी।
बने सक्षम स्वयं ही हम, यही है भावना स्वामी॥ 5॥

दुःखीं हो दुष्ट जन सारे, नहीं यह भावना स्वामी।
सभी दुर्जन बने सज्जन, यही है भावना स्वामी॥ 6॥

मनोरंजन हमारा हो, नहीं यह भावना स्वामी।
मनोभंजन हमारा हो, यही है भावना स्वामी॥ 7॥

रहे सुख शान्ति जीवन में, नहीं यह भावना स्वामी।
न जीवन में असंयम हो, यही है भावना स्वामी॥ 8॥

फले फूले नहीं कोई, नहीं यह भावना स्वामी।
सभी पर प्रेम हो उर में, यही है भावना स्वामी॥ 9॥

दुखों में आपको ध्यायें, नहीं यह भावना स्वामी।
कभी न आपको भूलें, यही है भावना स्वामी॥10॥

# देव वन्दना

## 1. दर्शन स्तुति

प्रभु पतित पावन मैं अपावन, चरण आयो शरण जी।
यो विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन मरण जी॥

तुम ना पिछान्या आन मान्या, देव विविध प्रकार जी।
या बुद्धिसेती निज न जान्यो, भ्रम गिन्यो हितकार जी॥

भव-विकट-वन में कर्म बैरी, ज्ञान धन मेरो हर्‍यो।
तव इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय, अनिष्ट गति धरतो फिर्‍यो॥

धन घड़ी यो धन दिवस यों ही, धन जनम मेरो भयो।
अब भाग्य मेरो उदय आयो, दरश प्रभु जी को लख लयो॥

छवि वीतरागी नग्नमुद्रा, दृष्टि नाशा पै धरैं।
वसु प्रातिहार्य अनन्त गुण-युत कोटि रवि छवि को हरैं॥

मिट गयो तिमिर मिथ्यात्व मेरो, उदय रवि आतम भयो।
मो उर हरष ऐसो भयो, मनु रंक चिंतामणि लयो॥

मैं हाथ जोड़ नवाऊँ मस्तक, वीनऊँ तुम चरन जी।
सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनहुँ तारन तरन जी॥

जाचूँ नहीं सुरवास पुनि नर, राज परिजन साथ जी।
'बुध' जाँचहूँ तुमभक्ति भव-भव दीजिए शिवनाथ जी॥

• • •

## 2. देव स्तुति

वीतराग सर्वज्ञ हितंकर[1], भविजन[2] की अब पूरो आस।
ज्ञानभानु[3] का उदय करो, मम मिथ्यातम का होय विनास ॥1 ॥

जीवों की हम करुणा पालें, झूठ वचन नहीं कहें कदा।
परधन कबहुँ न हरहूँ स्वामी, ब्रह्मचर्य व्रत रखें सदा ॥2 ॥

तृष्णा लोभ बढ़े न हमारा, तोष सुधा नित पिया करें।
श्री जिन धर्म हमारा प्यारा, तिस की सेवा किया करें ॥3 ॥

दूर भगावें बुरी रीतियाँ, सुखद रीति का करें प्रचार।
मेल मिलाप बढ़ावें हम सब, धर्मोन्नति का करें प्रसार ॥4 ॥

सुख दुःख में हम समता धारें, रहें अचल[4] जिमि[5] सदा अटल।
न्याय मार्ग का लेश न त्यागें, वृद्धि करें निज आतमबल ॥5 ॥

अष्ट करम जो दुःख हेतु हैं, तिनके क्षय[6] का करें उपाय।
नाम आपका जपें निरन्तर, विघ्न शोक सबही टल जाय ॥6 ॥

आतम शुद्ध हमारा होवे, पाप मैल नहीं चढ़े कदा।
विद्या की हो उन्नति हममें, धर्म ज्ञान हूँ बढ़े सदा ॥7 ॥

हाथ जोड़कर शीश नवावें, तुमको भविजन खड़े खड़े।
यह सब पूरो आस[7] हमारी, चरण शरण में आन पड़े ॥8 ॥

---

1. हित करने वाला, 2. भव्य पुरुष, 3. ज्ञान रूपी सूर्य, 4. पर्वत, 5. के समान, 6. नाश, 7. इच्छा।

## 3. पार्श्वनाथ स्तुति

तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण,
पारस प्यारा, मेटो मेटो जी संकट हमारा॥ टेक॥ 1॥
निश दिन तुमको जपूँ पर से नेहा तजूँ।
जीवन सारा, तेरे चरणों में बीते हमारा॥ मेटो ॥ 2॥
अश्वसेन के राज दुलारे, वामादेवी के सुत प्राण प्यारे।
सबसे नेहा तोड़ा, जग से मुँह को मोड़ा, संयम धारा॥ मेटो ॥ 3॥
इन्द्र और धरणेन्द्र भी आये, देवी पद्मावती मंगल गाये।
आशा पूरो सदा, दुःख नहिं पावे कदा, सेवक थारा॥ मेटो ॥ 4॥
जग के दुःख की तो परवाह नहीं है, स्वर्ग सुख की भी चाह नहीं है।
मेटो जामन-मरण, होवे ऐसा यतन, पारस प्यारा॥ मेटो ॥ 5॥
लाखों बार तुम्हें शीश नवाऊँ, जग के नाथ तुम्हें कैसे पाऊँ।
'पंकज' व्याकुल भया, दर्शन बिन ये जिया, लागे खारा॥ मेटो ॥ 6॥

## 4. पार्श्वनाथ स्तुति

भक्ति बेकरार है आनन्द अपार है,
आजा प्रभु पारस तेरी जय जयकार है॥ टेक॥
तेरी जयजयकार है [2]॥
देखो आज मंदिर जी में कैसा चमत्कार है॥
मंगल आरति लेकर स्वामी, आया तेरे द्वार जी।
दर्शन देना पारस प्रभु जी, होवे आतम ज्ञान जी॥
देव सभी दुनियाँ के देखे, देखे देश विदेश जी।
तुम सम सच्चा देव न देखा, हे पारस परमेश जी।
चन्दा देखे सूरज देखे, और देखे तारागण जी।
तुम सम ज्ञान ज्योति न देखा, हे पारस परमेश जी॥
एक दिन चेतन गोरा तन ये, मिट्टी में मिल जायेगा।
अर्पणकर दे पार्श्व चरण में, तू पारस बन जायेगा॥

## 5. विद्याष्टकम्

सुविद्यावारीशो गणधरसमो ज्ञानचतुरः।
विधाता शिष्याणां शुभगुणवतां शास्त्रकुशलः॥
पुराणानां ज्ञाता नयपथचरो नीतिनिपुणः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥1॥

मुमुक्षुर्ब्रह्मज्ञः सरलहृदयः शान्तकरणः।
स्वशिष्याणां शास्ता शुभगुणधरः सिद्धगणकः॥
सुयोगी धर्मज्ञः सरलसरलः कर्मकुशलः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥2॥

अहिंसा सत्यार्थी शमदमपरो ज्ञानपथिकः।
मलप्पा -श्रीमन्त्योरजनि जनुषा गौरवकरः॥
प्रविद्यो विख्यातः सुरगुरु - समः वीत-वसनः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥3॥

सदालग्गा-ग्रामे यो जनिमवाप्नोच्छारदि-तिथौ।
धरो विद्यायाः यो प्रथित-यशसोऽभूदनुपमः॥
ततो लब्ध्वा ज्ञानं उपनय-विधानस्य विधिना।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥ 4॥

इतो लब्ध्वाऽऽचार्यं ऋषिवर-वरं 'देश'-भणितम्।
व्रतं ब्रह्माख्यं योऽलभत परमं ह्यात्म-रसिकः।

ततोऽनुज्ञां प्राप्य गतवानसौ ज्ञानजलधिं॥
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥5॥

यशस्वी तेजस्वी सरसिजसमो रागरहितः।
यथाभानुर्नित्यं तपति सततं ह्युष्णकिरणः॥
तथैवायं पूज्यस्तपति भवने शुद्धचरणः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥ 6॥

प्रकृत्या सौम्यो यो हिमकरसमः शान्तिचषकः।
सुधीर्वाग्मी शिष्टः शुभगुणधनः शुद्धकरणः॥
महापीठासीनो बहुगुणनिधिर्लोभ - रहितः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥7॥

सुविद्या वागीशः निजगुरुकृतिक्रान्त-प्रवणः।
मुनीशैः संवन्द्यः विदित - महिमा मंगलकरः॥
चिरञ्जीव्यादेषा भव-भयभृतां मौलिशिखरः।
प्रकुर्यात्कल्याणं भवभयहरो मे गुरुवरः॥8॥

विद्यासागर आचार्यः प्रथितो भुवनत्रये ।
ससंघाय नमस्तस्मै, नमस्तस्मै नमो नमः॥
विद्यासिन्ध्वष्टकमिदं, भक्त्या भागेन्दुना कृतम्।
महापुण्यप्रदं लोकैः प्रपठन् याति सदा सुखम्॥9॥

● ● ●

## 6. पार्श्वनाथ स्तोत्र

नरेन्द्रं फणीन्द्रं सुरेन्द्रं अधीशं, शतेन्द्रं सु पूजैं भजैं नाय शीशं।
मुनीद्रं गणेन्द्रं नमों जोड़ि हाथं, नमो देव देवं सदा पार्श्वनाथं॥

गजेन्द्रं मृगेन्द्रं गह्यो तू छुड़ावै, महा आगतैं नागतैं तू बचावै।
महावीर तैं युद्ध में तू जितावै, महा रोग तैं बंधतैं तू छुड़ावै॥

दुखी दुःखहर्ता सुखी सुक्खकर्ता, सदा सेवकों को महानन्द भर्ता।
हरे यक्ष राक्षस भूतं पिशाचं,विषं डाकिनी विघ्न के भय अवाचं॥

दरिद्रीन को द्रव्य के दान दीने, अपुत्रीन को तू भले पुत्र कीने।
महा संकटों से निकारै विधाता, सबै संपदा सर्व को देहि दाता॥

महा चोर को वज्र को भय निवारे, महा पौन के पुंजतैं तू उबारै।
महाक्रोध की अग्नि को मेघ धारा, महा लोभ शैलेश को वज्र भारा॥

महा मोह अंधेर को ज्ञान भानं, महा कर्म कांतार को दौ प्रधानं।
किये नागनागिन अधोलोकस्वामी, हर्यो मान तू दैत्य को हो अकामी॥

तुही कल्पवृक्षं तुही कामधेनुं,तुही दिव्य चिन्तामणी नाग एनं।
पशु नर्क के दुःखतैं तू छुड़ावै, महा स्वर्गतै मुक्ति में तू बसावै॥

करै लोह को हेमपाषाण नामी, रटै नाम सो क्यों न हो मोक्ष गामी।
करै सेव ताकी करैं देव सेवा, सुनै वैन सोही लहैं ज्ञान मेवा॥

जपै जाप ताको नहीं पाप लागै, धरै ध्यान ताके सबै दोष भागै।
बिना तोहि जाने धरे भव घनेरे, तुम्हारी कृपा तैं सरैं काज मेरे ॥

गणधर इन्द्र न कर सकें, तुम विनती भगवान्।
''द्यानत'' प्रीति निहारकैं, कीजै आप समान॥

● ● ●

## 7. दोहा थुदि

आदिम तीर्थंकर प्रभो, आदिनाथ मुनिनाथ।
आधि व्याधि अघ मद मिटे, तुम पद में मम माथ॥
शरण चरण हैं आपके, तारण तरण जहाज।
भवदधि तट तक ले चलो,करुणाकर जिनराज॥1॥
जित-इन्द्रिय जित-मद बने, जित-भवविजित-कषाय।
अजित-नाथ को नित नमूँ, अर्जित दुरित पलाय॥
कोंपल पल-पल को पले, वन में ऋतु-पति आय।
पुलकित मम जीवन-लता, मन में जिन पद पाय॥ 2॥
तुम-पद-पंकज से प्रभो, झर-झर-झरी पराग।
जब तक शिव-सुख ना मिले, पीऊँ षट्पद जाग॥
भव-भव, भव-वन भ्रमित हो, भ्रमता-भ्रमता आज।
संभव-जिन भव शिव मिले, पूर्ण हुआ मम काज॥ 3॥
विषयों को विष लख तजूँ, बनकर विषयातीत।
विषय बना ऋषि ईश को, गाऊँ उनका गीत॥
गुण धारे पर मद नहीं, मृदुतम हो नवनीत।
अभिनन्दन जिन! नित नमूँ, मुनि बन मैं भवभीत॥ 4॥
सुमतिनाथ प्रभु सुमति हो, मम मति है अति मंद।
बोध कली खुल-खिल उठे, महक उठे मकरन्द॥
तुम जिन मेघ मयूर मैं, गरजो बरसो नाथ।
चिर प्रतीक्षित हूँ खड़ा, ऊपर करके माथ॥ 5॥
शुभ्र-सरल तुम, बाल तव, कुटिल कृष्ण-तम नाग।
तव चिति चित्रित ज्ञेय से, किन्तु न उसमें दाग॥
विराग पद्मप्रभ आपके, दोनों पाद-सराग।
रागी मम मन जा वहीं, पीता तभी पराग॥ 6॥

अबंध भाते काटके, वसु विध विधिका बंध।
सुपार्श्व प्रभु निज प्रभु-पना, पा पाये आनन्द॥
बांध-बांध विधि-बंध मैं, अन्ध बना मति-मन्द।
ऐसा बल दो अंध को, बंधन तोड़ूँ द्वन्द॥ 7॥
चन्द्र कलंकित, किन्तु हो, चन्द्र प्रभ अकलंक।
वह तो शंकित केतु से, शंकर तुम निःशंक॥
रंक बना हूँ मम अतः, मेटो मनका पंक।
जाप जपूँ जिन-नाम का, बैठ सदा पर्यंक॥ 8॥
सुविधि! सुविधि के पूर हो, विधि से हो अति दूर।
मम मन से मत दूर हो, विनती हो मंजूर॥
बाल मात्र भी ज्ञान ना, मुझमें मैं मुनि-बाल।
वबाल भवका मम मिटे, प्रभु-पद में मम भाल॥ 9॥
शीतल चन्दन है नहीं, शीतल हिम ना नीर।
शीतल जिन ! तव मत रहा, शीतल हरता पीर॥
सुचिर काल से मैं रहा, मोह-नींद से सुप्त।
मुझे जगा कर, कर कृपा, प्रभो करो परितृप्त॥ 10॥
अनेकान्त की कान्ति से, हटा तिमिर एकान्त।
नितान्त हर्षित कर दिया, क्लान्त विश्व को शान्त॥
निःश्रेयस सुख - धाम हो, हे जिनवर श्रेयांस।
तव थुति अविरल मैं करूँ, जब लौं घट में श्वास॥ 11॥
वसुविध मंगल द्रव्य ले, जिन पूजो सागार।
पाप-घटे फलतः फले, पावन पुण्य अपार॥
बिना द्रव्य शुचि भाव से, जिन पूजों मुनि लोग।
बिन निज शुभ उपयोग के, शुद्ध न हो उपयोग॥ 12॥

कराल काला व्याल सम, कुटिल चाल का काल।
जीत लिया तुमने उसे, हो गए आप निहाल॥
मोह अमल वश समल बन, निर्बल मैं भयवान्।
विमलनाथ तुम अमल हो, संबल दो भगवान्॥ 13॥
अनन्त गुण पा कर दिया, अनन्त भव का अन्त।
अनन्त सार्थक नाम तव, अनन्त जिन जयवन्त॥
अनन्त सुख पाने सदा, भव से हो भयवन्त।
अन्तिम क्षण तक मैं तुम्हें, स्मरूँ स्मरें सब सन्त॥ 14॥
दया धर्म वर धर्म है, अदया-भाव अधर्म।
अधर्म तज प्रभु धर्म ने, समझाया पुनि धर्म॥
धर्मनाथ को नित नमूँ, सधे शीघ्र शिव शर्म।
धर्म-मर्म को लख सकूँ, मिटे मलिन मम कर्म॥ 15॥
शान्तिनाथ हो शान्त कर, सातासाता सान्त।
केवल, केवल-ज्योतिमय, क्लान्ति मिटी सब ध्वान्त॥
सकल ज्ञान से सकल को, जान रहे जगदीश।
विकल रहे जड़ देह से, विमल नमूँ नत शीश॥ 16॥
ध्यान-अग्नि से नष्ट कर, प्रथम पाप परिताप।
कुन्थुनाथ पुरुषार्थ से, बने न अपने- आप॥
ऐसी मुझ पै हो कृपा, मम मन मुझ में आय।
जिस विध पल में लवण है जल में घुल मिल जाय॥ 17॥
नाम-मात्र भी नहिं रखों, नाम-काम से काम।
ललाम आतम में करो, विराम आठों याम॥
नाम धरो 'अर' नाम तव, अतः स्मरूँ अविराम।
अनाम बन शिवधाम में, काम बनूँ कृत-काम॥ 18॥

मोहमल्ल को मार कर, मल्लि नाथ जिनदेव।
अक्षय बनकर पा लिया, अक्षय सुख स्वयमेव॥
बाल ब्रह्मचारी विभो, बाल समान विराग।
किसी वस्तु से राग ना, मम तव पद से राग॥ 19॥
मुनि बन मुनिपन में निरत, हो मुनि यति बिन स्वार्थ।
मुनिव्रत का उपदेश दे, हमको किया कृतार्थ॥
यही भावना मम रही, मुनिव्रत पाल यथार्थ।
मैं भी मुनिसुव्रत बनूँ, पावन पाय पदार्थ॥ 20॥
अनेकान्त का दास हो, अनेकान्त की सेव।
करूँ गहूँ मैं शीघ्र से, अनेक गुण स्वयमेव॥
अनाथ मैं जगनाथ हो, नमीनाथ दो साथ।
तव पद में दिन-रात हूँ, हाथ जोड़ नत-माथ॥ 21॥
नील गगन में अधर हो, शोभित निज में लीन।
नील कमल आसीन हो, नीलम से अति नील॥
शील - झील में तैरते, नेमि जिनेश सलील।
शील डोर मुझ बांध दो, डोर करो मत ढील॥ 22॥
खास दास की आस बस, श्वाँस-श्वाँस पर वास।
पार्श्व करो मत दास को, उदासता का दास॥
ना तो सुर-सुख चाहता, शिव-सुख की ना चाह।
तव थुति-सरवर में सदा, होवे मम अवगाह।। 23॥
नीर-निधी- से धीर हो, वीर बने गंभीर।
पूर्ण तैर कर पा लिया, भव सागर का तीर॥
अधीर हूँ मुझे धीर दो, सहन करूँ सब पीर।
चीर-चीर कर चिर लखूँ, अन्तर की तस्वीर॥ 24॥

● ● ●

## 8. गोमटेश अष्टक

नील कमल के दल-सम जिन के युगल-सुलोचन विकसित हैं,
शशि-सम मनहर सुख कर जिनका मुख-मण्डल मृदु प्रमुदित है।
चम्पक की छवि शोभा जिनकी नम्र नासिका ने जीती,
गोमटेश जिन-पाद-पद्म की पराग नित मम मति पीती ॥1॥
गोल-गोल दो कपोल जिन के उज्ज्वल सलिल सम छवि धारे,
ऐरावत-गज की सूण्डा सम बाहुदण्ड उज्ज्वल-प्यारे।
कन्धों पर आ, कर्ण-पाश वे नर्तन करते नन्दन है,
निरालम्ब वे नभ-सम शुचि मम, गोमटेश को वन्दन है॥2॥
दर्शनीय तव मध्य भाग है गिरि-सम निश्चल अचल रहा,
दिव्य शंख भी आप कण्ठ से हार गया वह विफल रहा।
उन्नत विस्तृत हिमगिरि-सम है, स्कन्ध आपका विलस रहा,
गोमटेश प्रभु तभी सदा मम तुम पद में मन निवस रहा॥3॥
विंध्याचल पर चढ़ कर खरतर तप में तत्पर हो बसते,
सकल विश्व के मुमुक्षु जन के, शिखामणी तुम हो लसते।
त्रिभुवन के सब भव्य कुमुद ये खिलते तुम पूरण शशि हो,
गोमटेश तुम नमन तुम्हें हो सदा चाह बस मन वशि हो॥4॥
मृदुतम बेल लताएँ लिपटी पग से उर तक तुम तन में,
कल्पवृक्ष हो अनल्प फल दो भवि-जन को तुम त्रिभुवन में।
तुम पद-पंकज में अलि बन सुर-पति गण करता गुन-गुन है,

गोमटेश प्रभु के प्रति प्रतिपल वन्दन अर्पित तन-मन है ॥5 ॥
अम्बर तज अम्बर-तल थित हो दिग अम्बर नहिं भीत रहे,
अंबर आदि विषयन से अति विरत रहे भव भीत रहे।
सर्पादिक से घिरे हुए पर अकम्प निश्चल शैल रहे,
गोमटेश स्वीकार नमन हो धुलता मन का मैल रहे ॥6 ॥
आशा तुम को छू नहिं सकती समदर्शन के शासक हो,
जग के विषयन में वांछा नहिं दोष मूल के नाशक हो।
भरत-भ्रात में शल्य नहीं अब विगत-राग हो रोष जला,
गोमटेश तुम में मम इस विध सतत राग हो होत चला ॥7 ॥
काम-धाम से धन-कंचन से सकलसंग से दूर हुए,
शूर हुए मद मोह-मार कर समता से भरपूर हुए।
एक वर्ष तक एक थान थित निराहार उपवास किये,
इसीलिए बस गोमटेश जिन मम मन में अब वास किये ॥8 ॥

दोहा

नेमीचन्द्र गुरु ने किया प्राकृत में गुणगान।
गोमटेश थुति अब किया भाषा-मय सुख खान ॥1 ॥
गोमटेश के चरण में नत हो बारम्बार।
विद्यासागर कब बनूँ भवसागर कर पार ॥2 ॥

● ● ●

# जिनवाणी स्तुति

1.

माता तू दया करके कर्मों से छुड़ा देना।
इतनी सी विनय तुमसे चरणों में जगह देना॥
टेक॥

माता आज मैं भटका हूँ माया के अन्धेरे में।
कोई नहीं मेरा है इस कर्म के रेले में।
कोई नहीं मेरा है तुम धीर बंधा देना॥

जीवन के चौराहे पर मैं सोच रहा कब से।
जाऊँ तो किधर जाऊँ यह पूछ रहा मन से।
पथ भूल गया हूँ मैं, तुम राह दिखा देना॥

लाखों को उबारा है हमको भी उबारो तुम।
मझधार में है नैया उस पार लगा दो तुम।
मझधार में अटका हूँ उस पार लगा देना॥

2.

जिनवाणी मोक्ष नसैनी है, जिनवाणी। टेक॥
जीव कर्म के जुदा करन को, ये ही पैनी छैनी है जिनवाणी॥
जो जिनवाणी नित अभ्यासे, वो ही सच्चा जैनी है जिनवाणी॥
जो जिनवाणी उर न धरत है सैनी होके असैनी है जिनवाणी॥
पढ़ो सुनो ध्यावो जिनवाणी, यदि सुख शांति लेनी है जिनवाणी॥

3.

मिथ्यातम नासवे को, ज्ञान के प्रकाशवे को।
आपा पर भासवे को, भानु सी बखानी है॥
छहों द्रव्य जानवे को, बन्ध-विधि भानवे को।
स्वपर पिछानवे को, परम प्रमानी है॥
अनुभव बतायवे को, जीव के जतायवे को।
काहू न सतायवे को, भव्य उर आनी है॥
जहाँ-तहाँ तारवे को, पार के उतारवे को।
सुख विस्तारवे को, ऐसी जिनवाणी है॥
हे जिनवाणी भारती, तोहि जपूँ दिन रैन।
जो तेरी शरणा गहै, सो पावे सुख चैन॥
जिनवाणी की यह थुति, अल्पबुद्धि परमान।
'पन्नालाल' विनती करै, दे माता मोहि ज्ञान॥
जा वाणी के ज्ञानतैं, सूझे लोकालोक।
सो वानी मस्तक चढ़ो, सदा देत हों धोक॥

4.

वीर हिमाचलतैं निकसी, गुरु गौतम के मुखकुण्ड ढ़री है।
मोह महाचल भेदचली, जग की जड़तातप दूर करी है॥
ज्ञान पयोनिधि माँहिं रली, बहुभंगतरंगनि सों उछरी है।
ता शुचिशारद गंगनदी प्रति, मैं अंजुलि करि शीश धरी है॥
या जगमन्दिर में अनिवार, अज्ञान अंधेर छयौ अति भारी।
श्री जिनकी धुनिदीपशिखासम, जो नहिं होत प्रकाशनहारी॥
तो किस भाँति पदारथ-पांति, कहाँ लहते रहते अविचारी।
या विधि सन्त कहैं, धनि हैं, धनि हैं जिन-बैन बड़े उपकारी।

5.

चरणों में आ पड़ा हूँ, हे द्वादशांग वाणी।
मस्तक झुका रहा हूँ, हे द्वादशांग वाणी॥ टेक॥
मिथ्यात्व को नशाया, निज तत्त्व को बताया।
आपा पराया भासा, हो भानु के समानी॥ 1॥
षड् द्रव्य को बताया, स्याद्वाद को जताया।
भव-फन्द से छुड़ाया,सच्ची जिनेन्द्र वाणी॥ 2॥
रिपु चार मेरे मग में, जंजीर डाले पग में।
ठाडे हैं मोक्ष मग में, तकरार मोसों ठानी॥ 3॥
दे ज्ञान मुझको माता, इस जग से तोड़ूँ नाता।
होवे सुदर्शन साता, नहीं जग में तेरी सानी॥ 4॥

6.

हे भारती माँ ! हे भारती माँ !॥ टेक॥
तेरी उतारें सभी आरती माँ...
अर्हन्त भाषी ये जिनवाणी प्यारी।
गणधर ऋषि और मुनियों ने धारी॥
जो तुमको ध्याते सुख शांति पाते।
जीवन की नैया को तू तारती माँ॥ 1॥
तेरे श्रवण से खुशी मन में छाई।
नया बोध पाया नई राह पाई॥
दया धर्म संयम के पथ पर चलें हम।
अत:आज मिलकर करें आरती माँ॥ 2॥
माँ तेरी महिमा को कैसे बताऊँ।
अल्पज्ञ हूँ भक्ति से सिर झुकाऊँ॥
सद्ज्ञान का सूर्य तम को करे दूर।
ज्योति सदा फैले भू भारती माँ॥ 3॥

7.

श्वांस-श्वांस में तुझे बसायें, हे जिनवाणी माँ !
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ! ॥ टेक ॥
मूल अर्थ कर्त्ता हैं तेरे, तीर्थंकर स्वामी।
उत्तर ग्रन्थ रचयिता तेरे, श्री गणधर स्वामी॥
हम सब श्रोता सुनने आये, श्री जिनवाणी माँ।
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥ 1 ॥
ज्ञान सूर्य सम निर्मल बनता, तेरी वाणी से।
चारित चन्दा सा उज्ज्वल हो, तेरी वाणी से॥
अखिल विश्व कल्याण कारिणी, आगम वाणी माँ।
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥ 2 ॥
ग्वाला को भी कुन्दकुन्द सा, संत बनाती माँ।
ग्रन्थ सिखा निर्ग्रन्थ बना, अरिहन्त बनाती माँ॥
तीर्थंकर की दिव्य देशना, मोक्ष दायिनी माँ।
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥ 3 ॥
तेरे अमृत अक्षर माता! अक्षय पद दाता।
तेरे पद हर आपद हरते, हैं शिव पद दाता॥
ओम् नमः अर्हं सिखलाती, अर्हद् वाणी माँ।
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥ 4 ॥
अहो भारती सारवती माँ!, सरस्वती माता।
वीर हिमाचल से निकली हो, ज्ञान सलिल दाता॥
पाप-ताप संताप हारिणी, जग कल्याणी माँ!
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥ 5 ॥
श्वांस-श्वांस में तुझे बसायें, हे जिनवाणी माँ !
बार-बार हम शीश झुकायें, हे जिनवाणी माँ!॥

# प्रार्थना

( 1 )

जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।
वीतराग जिनदेव भजेंगे, जिनवाणी अनुशरण करेंगे।
परम दिगम्बर मुनि पूजेंगे, उन पर श्रद्धा भक्ति बढ़ायें।
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।
सदा बड़ों की विनय करेंगे, छोटों के प्रति प्रेम रखेंगे।
सबसे मिलकर नेक बनेंगे, शक्ति एकता की दिखलायें॥
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।
गुरु उपकार नहीं भूलेंगे, गुरु संकेत से शिक्षा लेंगे।
विनय नम्रता नहीं भूलेंगे, धीरज समता को अपनायें॥
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।
रात्रि भोजन नहीं करेंगे, छान के पानी सदा पीयेंगे।
प्रभु के दर्शन नित्य करेंगे, इनके ही गुणगान को गायें॥
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।
कभी किसी से नहीं लड़ेंगे, प्रेमभाव हम सदा रखेंगे।
दुखियों पर हम दया करेंगे, उनकी सेवा कर सुख पायें॥
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभाये।
चुगली भी हम नहीं करेंगे, बिना दिये कुछ चीज न लेंगे।
खोटी संगत सदा तजेंगे,सप्त व्यसन को दूर भगायें॥
जीवन हम आदर्श बनायें, अनुशासन के नियम निभायें।

( 2 )

हे प्रभु ज्ञान का दान दो, हम सभी की यही वंदना।
दूर दुर्गुण सभी तुम करो, हम सभी की यही प्रार्थना ॥

धर्म रक्षा में हम प्राण दें, न अधर्मी कभी हम बनें ।
झूठे वैभव को हम त्याग कर, सर्वथा सत्य राही बनें ॥
न कभी हमको अभिमान हो, बस यही एक आराधना।
हे प्रभु ज्ञान का दान दो, हम सभी की यही वंदना।।

सदाचारी रहें हम सदा, और सदाचार हो सम्पदा।
न रहे मन में ईर्ष्या कभी, प्रीत की ही बहे नर्मदा॥
छल कपट से रहे दूर हम, मिलके करते यही कामना।
हे प्रभु ज्ञान का दान दो, हम सभी की यही वंदना।।

लाखों बाधायें आयें तो क्या,लोभ भरमाये हमको तो क्या।
जिसे मिल जाये तेरी शरण, धैर्य छूटेगा उसका कहाँ॥
हम भक्तों को तुमसे प्रभो, यही वरदान तो मांगना ।
हे प्रभु ज्ञान का दान दो, हम सभी की यही वंदना।।

( 3 )

हमको मन की शक्ति देना मन विजय करे।
दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें॥

भेदभाव अपने दिल से साफ कर सकें।
दोस्तों से भूल हो तो माफ कर सकें॥
झूठ से बचे रहें, सच का दम भरें।
दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें॥

मुश्किलें पड़े तो हमपे इतना कर्म कर।
साथ दें तो धर्म का, चलेंगे धर्म पर॥
खुद पर हौसला रहे बदी से ना डरें।
दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें।
हमको मन की शक्ति देना मन विजय करे।।

( 4 )

श्रद्धा हमारी भाषा, निष्ठा हमारा नारा।
गुरुदेव की शरण में, भव का मिले किनारा॥

हम गुरु के शिष्य ऐसे, जैसे दिये में बाती।
जलते रहेंगे हर पल, चाहे हो तूफां पानी॥

गुरुवर हमारे ऐसे, जैसे श्री वीर भगवान।
श्री कुन्दकुन्द स्वामी, जैसा पवित्र जीवन॥

चरणों का स्पर्श पाकर, हो जाती माटी चंदन।
पारस हैं आप गुरुवर, हमको बना दो कुन्दन॥

दुखियों के दुःख हरने, हरदम खड़े रहेंगे।
हर आँच में जलेंगे, कर्मों से हम लड़ेंगे॥

शुद्धोपयोगी गुरुवर, बस एक भावना है।
बन जाएँ आप जैसे, कुछ और चाह न है॥

( 5 )

संत साधु बनके विचरुँ, वह घड़ी कब आयेगी।
चल पडूँ में मोक्ष पथ पर, वह घड़ी कब आयेगी॥
हाथ में पिच्छी कमण्डल, ध्यान आतम राम का।

छोड़कर घर बार दीक्षा की घड़ी कब आयेगी॥ संत साधु .....
आयेगा वैराग्य मुझको, इस दुःखी संसार से।
त्याग दूँगा मोह ममता, वह घड़ी कब आयेगी॥ संत साधु .....
पाँच समिति तीन गुप्ति बाईस परीषह भी सहूँ।
भावना बारह जूँ भाऊँ, वह घड़ी कब आयेगी॥ संत साधु .....
बाह्य उपाधि त्याग कर, निज तत्त्व का चिन्तन करूँ।
निर्विकल्प होवे समाधि,वह घड़ी कब आयेगी॥ संत साधु .....

( 6 )

भावना दिन रात मेरी, सब सुखी संसार हो।
सत्य संयम शील का, व्यवहार घर-घर वार हो॥
भावना दिन रात मेरी......॥
धर्म का परचार हो, अरु देश का उद्धार हो।
और यह उजड़ा हुआ, भारत चमन गुलजार हो॥
भावना दिन रात मेरी......॥
ज्ञान के अभ्यास से, जीवों का पूर्ण विकास हो।
धर्म के आचार से, हिंसा का जग से ह्रास हो॥
भावना दिन रात मेरी......॥
शान्ति सुख आनन्द का, हर एक घर में वास हो।
वीर वाणी पर सभी, संसार का विश्वास हो॥
भावना दिन रात मेरी......॥
रोग दुख भय शोक ना हो, हे प्रभु ! परमात्मा।
कर सके कल्याण ज्योति, सब जगत की आत्मा॥
भावना दिन रात मेरी......॥

● ● ●

( 7 )

जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र बोलिए।
जय जिनेन्द्र की ध्वनि से अपना मौन खोलिए॥

सुर असुर जिनेन्द्र की महिमा को नहीं गा सके।
और गौतम स्वामी न महिमा का पार पा सके॥

जय जिनेन्द्र बोलकर जिनेन्द्र शक्ति तौलिए।
जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र बोलिए॥

जय जिनेन्द्र ही हमारा एक मात्र मंत्र हो।
जय जिनेन्द्र बोलने को हर मनुज स्वंतत्र हो॥

जय जिनेन्द्र बोल बोल खुद जिनेन्द्र हो लिए।
जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र बोलिए॥

पाप छोड़ धर्म जोड़, ये जिनेन्द्र देशना।
अष्टकर्म को मरोड़, ये जिनेन्द्र देशना॥

जाग! जाग ! जाग! चेतन, बहुकाल सो लिए ।
जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र बोलिए॥

हे जिनेन्द्र ज्ञान दो मोक्ष का वरदान दो।
कर रहे है प्रार्थना हम प्रार्थना पर ध्यान दो ॥

जय जिनेन्द्र, बोलकर! हृदय के द्वार खोलिए।
जय जिनेन्द्र, जय जिनेन्द्र जय जिनेन्द्र बोलिए॥

● ● ●

## ( 8 )

मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान् तुम्हारे चरणों में।
यह विनती है पल-पल क्षण-क्षण, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

चाहे बैरी कुल संसार बने, चाहे जीवन मेरा भार बने।
चाहे मौत गले का हार बने, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

चाहे अग्नि में मुझे जलना पड़े, चाहे काँटों पे मुझे चलना पड़े,
चाहे छोड़ के देश निकलना पड़े, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

जिह्वा पर तेरा नाम रहे, तेरा ध्यान सुबह और शाम रहे।
तेरी याद तो आठों याम रहे, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

चाहे संकट ने मुझे घेरा हो, चाहे चारों ओर अंधेरा हो।
पर मन नहीं मेरा डगमग हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

निशदिन मैं दीप जलाता हूँ, फिर भी मन में क्यों अंधेरा है।
प्रभु ज्ञानदीप हमको दे दो,रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा ...

प्रभु भव सिंधु के खिवैया तुम, इस भव से पार लगा दो तुम।
स्वीकार करो आरति मेरी, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में॥
मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान् तुम्हारे चरणों में।

● ● ●

## 9. पञ्च परमेष्ठी स्तवन

अरहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्व साधु सुख दाता,
परमेष्ठी पंच सुखदाता ॥
इन्द्र, नरेन्द्र यक्ष सुर किन्नर पंडित बुधजन सारे,
भवतम भंजन शीश नमावत रक्षक तुम ही हमारे,
जब शुभ मन से ध्यावे, तब शुभ आशीष पावे,
हे सद्बुद्धि प्रदाता ॥
भव दुःख बाधा हरो हमारी तुम्हे नमावत माथा,
जय हे जय हे जय हे जय जय जय जय हे,
परमेष्ठी पंच सुखदाता ॥1 ॥
चारों गति में भ्रमत फिरे हैं कष्ट अनेक उठाये,
ज्ञान नयन जब खुले हमारे तब तुम दर्शन पाये,
सुख की आश लगाये, हम सब तुम ढिग आये,
जहाँ मिले सुखसाता ॥
नाथ तुम्हारे दर्शन से तो मुक्ति पथ मिल जाता,
जय हे जय हे जय हे जय जय जय जय हे,
परमेष्ठी पंच सुखदाता ॥2 ॥
अरहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय सर्व साधु सुख दाता ॥
परमेष्ठी पंच सुखदाता ॥

• • •

## 10. समाधि भाषा

इतना तो कर दो स्वामी, जब प्राण तन से निकले।
होवे समाधि पूरी, जब प्राण तन से निकले॥
माता - पितादि जितने, हैं ये कुटुम्ब सारे [2]
उनसे ममत्व छूटे, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥
बैरी बहुत से मेरे, होवेंगे इस जगत् में [2]
उनसे क्षमा करा लूँ, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥
परिग्रह का जाल मुझपर, फैला बहुत है स्वामी[2]
उनसे ममत्व छूटे, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥
दुष्कर्म दुःख दिखावे या रोग मुझको घेरे[2]
प्रभु का न ध्यान छूटे, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥
इच्छा क्षुधा तृषा की, होवे जो उस घड़ी में[2]
उसका भी त्याग कर दूँ, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥
हे नाथ अर्ज करता, विनती पे ध्यान दीजे[2]
होवे सफल मनोरथ, जब प्राण तन से निकले॥
इतना तो ............॥

● ● ●

## 11. विद्यासागर गंगा

विद्यासागर गंगा, मन निर्मल करती है।
ज्ञानाद्रि से निकली है, शिवसागर मिलती है ।।ध्रुव ।।
जहाँ सत्य अहिंसा की, गुरु लहरें रंगत हैं।
अस्तेय ब्रह्मचर्या, अपरिग्रह संगत हैं।
है मूल दया अनिला, अनुकूला बहती है ।।
विद्यासागर............ ।।1 ।।
जब विषय-नाग नहिं हो, तब पाप जहर क्यों हो।
जहाँ अविरति पंक न हो, वहाँ कष्ट भँवर क्यों हो।
संयम की प्राण सुधा, अन्तक-दुख हरती है ।।
विद्यासागर............ ।।2 ।।
जहाँ ज्ञान मात्र रटते, मण्डूक नहीं छलते।
करुणा रस पूर्ण भरे, मुनि कलश यहाँ छलके।
निश्छलता की मछली, मन कंचन करती है ।।
विद्यासागर............ ।।3 ।।
गंगा की शीतलता, रोषादि तपन हरती।
रत्नत्रय औषध से, रोगादि शमन करती।
संसार क्षार जल की, दाहकता मिटती है ।।
विद्यासागर............ ।।4 ।।
गुरु ज्ञान - रश्मियों से, विद्या उद्यान खिला।
महाकाव्य 'मूकमाटी', सर्वोदय ज्ञान मिला।
साहित्य-शरद-झरिणी, 'मृदुमति' सुख झरती है।
विद्यासागर गंगा, मन निर्मल करती है।
ज्ञानाद्रि से निकली है, शिवसागर मिलती है ।।5 ।।

## 12. प्रायश्चित पाठ

( दिन रात मेरे .. )

शत शत प्रणाम करते, आशीष हमको देना।
दोषों को दूर करने, अपराध क्षम्य करना॥ 1॥

मन से वचन से तन से, अपराध पाप करते।
कृत कारितानुमत से, दुख शोक क्लेश सहते॥ 2॥

चारों कषाय करके, निज रूप को भुलाया।
आलस्य भाव करके, बहु जीव को सताया॥ 3॥

भोजन शयन गमन में, पापों का बंध बाँधा।
अज्ञान भाव द्वारा, अज्ञात पाप बाँधा॥ 4॥

दिन रात और क्षण क्षण, अपराध हो रहे हैं।
इस बोझ से दबे हम, पापों को ढो रहे हैं॥ 5॥

गुरुदेव की शरण में, प्रायश्चित लेने आये।
मुक्ती का राज पाने, भव रोग को नशाए॥ 6॥

### क्षमा प्रार्थना

किया अपराध जो मैंने, तुम्हारे जाने अनजाने।
क्षमा करना सभी मुझको, क्षमा करता सभी जन को॥
सभी से मित्रता मेरे, किसी से बैर ना क्षण को।
यही है भावना मेरी, जिनेश्वर हो कृपा तेरी॥
किया उपयोग से छेदन, रहा हो भाव में वेदन।
उन्हीं को त्यागता हूँ मैं, रहे जो भाव वह मुझमें॥
क्षमा करना क्षमा करना, ना दिल में रोष को धरना।
शुद्ध दिल से माँगता हूँ, क्षमा भावों से झुकता हूँ॥

## 13. गुरु वन्दना

परम दिगम्बर मुनिवर देखे, हृदय हर्षित होता है।
आनन्द उल्लसित होता है, हो-ऽ ऽ ऽ सम्यग्दर्शन होता है॥

वास जिनका वन, उपवन में, गिरि शिखर के नदी तटे।
वास जिनका चित्त गुफा में, आतम आनन्द में रमें॥

कंचन कामिनी के त्यागी, महातपस्वी ज्ञानी ध्यानी।
काया की माया के त्यागी, तीन रतन गुण भण्डारी॥

परम पावन मुनिवरों के, पावन चरणों में नमूँ।
शान्त मूर्ति सौम्य मुद्रा, आतम आनन्द में रमूँ॥

चाह नहीं है राज्य की, चाह नहीं है रमणी की।
चाह हृदय में एक यही है, शिवरमणी को वरने की॥

भेदज्ञान की ज्योति जलाकर, शुद्धातम में रमते हैं।
क्षण-क्षण में अर्न्तमुख होकर, सिद्धों से बातें करते हैं॥

• • •

# आरती

(1)

इहविधि मंगल आरति कीजे, पंच परमपद भज सुख लीजे।
पहली आरति श्रीजिनराजा, भवदधि पार उतार जिहाजा।
इहविधि मंगल ............
दूसरी आरति सिद्धन केरी, सुमरन करत मिटै भवफेरी।
इहविधि मंगल ............
तीसरी आरति सूर मुनिंदा, जनम मरन दु:ख दूर करिंदा,
इहविधि मंगल ............
चौथी आरति श्रीउवझाया, दर्शन देखत पाप पलाया।
इहविधि मंगल ............
पाँचवी आरति साधु तिहारी, कुमति विनाशन शिव अधिकारी।
इहविधि मंगल ............
छट्ठी आरति श्री जिनवानी, 'द्यानत' सुरग मुकति सुखदानी।
इहविधि मंगल ............
सातवीं आरति बाहुबलि स्वामी, करि तपस्या हुये मोक्षधामी।
इहविधि मंगल ............

(2)

ॐ जय पद्मप्रभ देवा, स्वामी जय पद्मप्रभ देवा।
तुम बिन कौन जगत में, मेरा पार करो देवा॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।
तुम हो अगम अगोचर, स्वामी हम हैं अज्ञानी।
अपरम्पार तुम्हारी महिमा, काहू न जानी॥
विघ्न निवारों संकट टारो, आये हम शरणा, 2।

कुमति हटा सुमति वर दीज्यो, कर जोड़ पड़े चरणा ॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।
पांव पड़े को पार लगाया, सुख सम्पत्ति दाता, 2।
श्रीपाल का कष्ट हटाकर, सुवर्ण तन कीना ॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।
सीता सती के अग्निकुण्ड को शीतल कर दीना, 2।
बचा सभा में लाज द्रौपदी, चीर बढ़ा दीना ॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।
मात-पिता तुम सबके स्वामी, रक्षक हो मेरे, 2।
पद्मपुरी में आकर स्वामी, द्वार खड़े तेरे॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।
जो कोई शरण तुम्हारी आये, नैया पार करो, 2।
सेवक चरणों में आये हैं, प्रभु पद्म पार करो ॥
ॐ जय पद्मप्रभ देवा।

( 3 )

ॐ जय महावीर प्रभो स्वामी जय महावीर प्रभो।
कुण्डलपुर अवतारी[2], त्रिशलानन्द विभो ॥
सिद्धारथ घर जन्में, वैभव था भारी,
बाल ब्रह्मचारी व्रत[2], पाल्यो तपधारी ॥ ॐ जय
आतम ज्ञान विरागी, सम दृष्टि धारी।
माया मोह विनाशक[2], ज्ञान ज्योति जारी ॥ ॐ जय
जग में पाठ अहिंसा, आप ही विस्तारयो।
हिंसा पाप मिटाकर[2], सुधर्म परिचारयो ॥ ॐ जय
यह विधि चांदनपुर में, अतिशय दरशायो।
हिंसा पाप मिटाकर[2], सुधर्म परिचारयो ॥ ॐ जय

अमरचन्द को सपना, तुमने प्रभु दीना।
मंदिर तीन शिखर का[2], निर्मित है कीना।। ॐ जय
जयपुर नृप भी तेरे, अतिशय के सेवी।
एक ग्राम तिन दीनों[2], सेवा हित यह भी॥ ॐ जय
जो कोई तेरे दर पर, इच्छा कर आवे।
धन सुत सब कुछ पावे[2], संकट मिट जावे।। ॐ जय
निशदिन प्रभु मंदिर में, जगमग ज्योति जले।
'हरिप्रसाद' चरणों में[2], आनन्द मोद भरे॥ ॐ जय

(4)

विद्यासागर की, गुणआगर की, शुभ मंगल दीप सजाय के।
आज उतारूँ आरतिया॥
मल्लप्पा श्री, श्रीमती के गर्भ विषैं गुरु आये।
ग्राम सदलगा जन्म लिया है, सब जन मंगल गाये।।
गुरु जी सब जन मंगल गाये,
न रागी की, न द्वेषी की, शुभ मंगल दीप सजायके।।
आज उतारूँ आरतिया॥
गुरुवर पाँच महाव्रत धारी, आतम ब्रह्म विहारी।
खड्गधार शिवपथ पर चलकर, शिथिलाचार निवारी।।
गुरु जी शिथिलाचार निवारी,
गृहत्यागी की, वैरागी की, ले दीप सुमन का थाल रे।।
आज उतारूँ आरतिया॥
गुरुवर आज नयन से लखकर, आलौकिक सुख पाया।
भक्ति भाव से आरति करके, फूला नहीं समाया॥
गुरु जी फूला नहीं समाया,
ऐसे मुनिवर को, ऐसे ऋषिवर को, हो वन्दन बारम्बार हो।।
आज उतारूँ आरतिया॥

( 5 )

तीर्थ बिहारी गुरुराज आज थारी आरती उतारूँ।
वर्षों से सूना पड़ा नाथ आज मन मंदिर पधारो॥
आत्म पिपासु ये चातक आए
अध्यातम अमृत पाने को आए
वर्षा दो अमृत आज
कि आज थारी आरती उतारूँ........1
कब से ये प्यासी हैं अखियाँ हमारी।
वीतराग मूरत ये प्यारी न्यारी
सपना कब होगा साकार
कि आज थारी आरती उतारूँ........2
विद्या गुरु की है महिमा न्यारी
उनके आशीष का अतिशय भारी
दीक्षा का पाऊँ उपहार, भक्ति का पाऊँ उपहार
कि आज थारी आरती उतारूँ........3
चरणों की रज को सिर पर लगाऊँ
जन्म मरण के कष्ट मिटाऊँ
मुक्ति का पाऊँ साम्राज्य
कि आज थारी आरती उतारूँ........4
मूक पशु का सुनकर क्रंदन
बनकर आए वीर के नंदन
करुणा के अवतार
कि आज थारी आरती उतारूँ........5

● ● ●

# ग्रन्थ पाठ

## 1. इष्टोपदेश

यस्य स्वयं स्वभावाप्ति, रभावे कृत्स्नकर्मणः।
तस्मै संज्ञान रूपाय नमोऽस्तु परमात्मने ।। 1 ॥
योग्योपादानयोगेन, दृषदः स्वर्णता मता ।
द्रव्यादिस्वादिसंपत्तावात्मनोऽप्यात्मतामता ।। 2 ॥
वरं व्रतैः पदं दैवं, नाव्रतैर्वत नारकं।
छायातपस्थयो र्भेदः प्रतिपालयतोर्महान् ॥ 3 ॥
यत्र भावः शिवं दत्ते, द्यौः कियद्दूरवर्तिनी।
यो नयत्याशु गव्यूतिं क्रोशार्धे किं स सीदति ? ॥ 4 ॥
हृषीकज –मनातङ्कं दीर्घ – कालोपलालितम्
नाके नाकौकसां सौख्यं, नाके नाकौकसामिव ॥ 5 ॥
वासना मात्रमेवैतत् सुखं दुःखं च देहिनाम्।
तथा ह्युद्वेजयन्त्येते, भोगा रोगा इवापदि॥ 6 ॥
मोहेन संवृतं ज्ञानं, स्वभावं लभते न हि।
मत्तः पुमान् पदार्थानां यथा मदन कोद्रवैः ॥ 7 ॥
वपुर्गृहं धनं दाराः, पुत्रा मित्राणि शत्रवः।
सर्वथान्यस्वभावानि, मूढः स्वानि प्रपद्यते ।। 8 ॥
दिग्देशेभ्यः खगा एत्य, संवसन्ति नगे नगे ।
स्वस्वकार्यवशाद्यान्ति, देशे दिक्षु प्रगे प्रगे॥ 9 ॥
विराधकः कथं हन्त्रे जनाय परिकुप्यति।

त्र्यङ्.गुलं पातयन् पद्भ्यां स्वयं दण्डेन पात्यते।। 10 ।।
रागद्वेषद्वयीदीर्घ - नेत्राकर्षण कर्मणा।
अज्ञानात्सुचिरं जीवः, संसाराब्धौभ्रमत्यसौ ।। 11 ।।
विपद्भवपदावर्ते पदिकेवातिवाह्यते।
यावत्तावद्भवन्त्यन्याः प्रचुरा विपदः पुरः ।। 12 ।।
दुरर्ज्येनासुरक्ष्येण, नश्वरेण धनादिना।
स्वस्थंमन्यो जनः कोऽपि, ज्वरवानिव सर्पिषा ।।13 ।।
विपत्तिमात्मनो मूढः, परेषामिव नेक्षते।
दह्यमान-मृगाकीर्णवनान्तर -तरुस्थवत् ।।14 ।।
आयुर्वृद्धिक्षयोत्कर्ष, हेतुं कालस्य निर्गमम्।
वाञ्छतां धनिनामिष्टं, जीवितात्सुतरां धनम् ।। 15 ।।
त्यागाय श्रेयसे वित्तमवित्तः सञ्चिनोति यः।
स्वशरीरं स पङ्केन, स्नास्यामीति विलिम्पति ।। 16 ।।
आरम्भे तापकान् प्राप्तावतृप्ति प्रतिपादकान् ।
अन्ते सुदुस्त्यजान् कामान् कामं कः सेवते सुधीः ।। 17 ।।
भवन्ति प्राप्य यत्सङ्गमशुचीनि शुचीन्यपि।
स कायः सन्ततापायस्तदर्थं प्रार्थना वृथा ।। 18 ।।
यज्जीवस्योपकाराय, तद्देहस्यापकारकम्।
यद्देहस्योपकाराय, तज्जीवस्यापकारकम् ।। 19 ।।
इतश्चिन्तामणिर्दिव्य इतः पिण्याकखण्डकम् ।
ध्यानेन चेदुभे लभ्ये क्वाद्रियन्तां विवेकिनः ।।20 ।।

स्वसंवेदन सुव्यक्तस्तनुमात्रो निरत्ययः।
अत्यन्तसौख्यवानात्मा, लोकालोकविलोकनः ॥21॥
संयम्य करणग्राममेकाग्रत्वेन चेतसः।
आत्मानमात्मवान् ध्यायेदात्मनैवात्मनि स्थितम्॥22॥
अज्ञानोपास्तिरज्ञानं, ज्ञानं ज्ञानिसमाश्रयः।
ददाति यत्तु यस्यास्ति, सुप्रसिद्धमिदं वचः॥23॥
परीषहाद्यविज्ञानादास्रवस्य निरोधिनी।
जायतेऽध्यात्मयोगेन, कर्मणामाशु निर्जरा॥24॥
कटस्य कर्त्ताहमिति, सम्बन्धः स्याद् द्वयोर्द्वयोः।
ध्यानं ध्येयं यदात्मैव, सम्बन्धः कीदृशस्तदा॥25॥
बध्यते मुच्यते जीवः, सममो निर्ममः क्रमात्।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन, निर्ममत्वं विचिन्तयेत्॥ 26॥
एकोऽहं निर्ममः शुद्धो, ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः।
बाह्याः संयोगजा भावा, मत्तः सर्वेऽपि सर्वथा।।27॥
दुःखसंदोहभागित्वं, संयोगादिह देहिनाम्।
त्यजाम्येनं ततः सर्वं, मनोवाक्कायकर्मभिः ॥28॥
न मे मृत्युः कुतोभीतिर्न मे व्याधिः कुतो व्यथा।
नाहं बालो न वृद्धोऽहं,न युवैतानि पुद्गले॥29॥
भुक्तोज्झिता मुहुर्मोहान्मया सर्वेऽपि पुद्गलाः।
उच्छिष्टेष्विव तेष्वद्य, मम विज्ञस्य का स्पृहा॥30॥
कर्म कर्म हिताबन्धि, जीवो जीवहितस्पृहः।
स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे,स्वार्थं को वा न वाञ्छति।।31॥

परोपकृतिमुत्सृज्य, स्वोपकारपरो भव।
उपकुर्वन्परस्याज्ञो,दृश्यमानस्य लोकवत् ॥ 32 ॥
गुरुपदेशादभ्यासात्संवित्तेः स्वपरान्तरम्।
जानाति यः स जानाति, मोक्षसौख्यं निरन्तरम्॥33 ॥
स्वस्मिन् सदभिलाषित्वादभीष्टज्ञापकत्वतः।
स्वयं हितप्रयोक्तृत्वादात्मैव गुरुरात्मनः॥34 ॥
नाज्ञो विज्ञत्वमायाति, विज्ञो नाज्ञत्वमृच्छति।
निमित्तमात्र मन्यस्तु, गतेर्धर्मास्तिकायवत्॥35 ॥
अभवच्चित्तविक्षेप, एकान्ते तत्त्वसंस्थितः।
अभ्यस्येदभियोगेन, योगी तत्त्वं निजात्मनः॥36 ॥
यथा यथा समायाति, संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम्।
तथा तथा न रोचन्ते, विषयाः सुलभा अपि॥37 ॥
यथा यथा न रोचन्ते, विषयाः सुलभा अपि।
तथा तथा समायाति, संवित्तौ,तत्त्वमुत्तमम्॥38 ॥
निशामयति निश्शेषमिन्द्रजालोपमं जगत्।
स्पृहयत्यात्मलाभाय, गत्वान्यत्रानुतप्यते॥ 39 ॥
इच्छत्येकान्तसंवासं निर्जनं जनितादरः।
निज कार्यवशात्किञ्चिदुक्त्वा विस्मरति द्रुतम्॥40 ॥
ब्रुवन्नपि हि न ब्रूते गच्छन्नपि न गच्छति।
स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु, पश्यन्नपि न पश्यति॥41 ॥
किमिदं कीदृशं कस्य, कस्मात्क्वेत्यविशेषयन्।
स्वदेहमपि नावैति योगी योगपरायणः॥42 ॥

यो यत्र निवसन्नास्ते, स तत्र कुरुते रतिम्।
यो यत्र रमते तस्मादन्यत्र स न गच्छति॥43॥
अगच्छंस्तद्विशेषाणामनभिज्ञश्च जायते।
अज्ञाततद्विशेषस्तु, बध्यते न विमुच्यते॥44॥
परः परस्ततो दुःखमात्मैवात्मा ततः सुखम्।
अत एव महात्मानस्तन्निमित्तं कृतोद्यमाः॥45॥
अविद्वान् पुद्गलद्रव्यं योऽभिनन्दति तस्य तत्।
न जातु जन्तोःसामीप्यं,चतुर्गतिषु मुञ्चति॥46॥
आत्मानुष्ठाननिष्ठस्य, व्यवहारबहिः स्थितेः।
जायते परमानन्दः कश्चिद्योगेन योगिनः॥47॥
आनन्दो निर्दहत्युद्धं कर्मेन्धनमनारतम्।
न चासौ खिद्यते योगी, बहिर्दुःखेष्वचेतनः॥48॥
अविद्याभिदुरं ज्योतिः, परं ज्ञानमयं महत्।
तत्प्रष्टव्यं तदेष्टव्यं, तद्द्रष्टव्यं मुमुक्षुभिः॥49॥
जीवोऽन्यः पुद्गलश्चान्य इत्यसौ तत्त्वसंग्रहः।
यदन्यदुच्यते किञ्चित्सोऽस्तु तस्यैव विस्तरः॥50॥

इष्टोपदेशमिति सम्यगधीत्य धीमान्,
मानापमानसमतां स्वमताद्वितन्य।
मुक्ताग्रहो विनिवसन् सजने वने वा,
मुक्तिश्रियं निरुपमामुपयाति भव्यः॥51॥

• • •

## 2. द्रव्य संग्रह

जीवमजीवं दव्वं, जिणवरवसहेण जेण णिद्दिठं।
देविंदविंदवंदं, वंदे तं सव्वदा सिरसा॥ 1॥
जीवो उवओगमओ, अमुत्ति कत्ता सदेहपरिमाणो।
भोत्ता संसारत्थो, सिद्धो सो विस्ससोड्ढगई॥ 2॥
तिक्काले चदुपाणा इंदियबलमाउ आणपाणो य।
ववहारा सो जीवो णिच्छय णयदो दु चेदणा जस्स॥ 3॥
उवओगो दुवियप्पो दंसणणाणं च दंसणं चदुधा।
चक्खु अचक्खुओही दंसणमध केवलं णेयं॥4॥
णाणं अट्ठवियप्पं, मदिसुद ओही अणाणणाणाणि।
मणपज्जय केवलमवि, पच्चक्ख परोक्ख भेयं च॥5॥
अट्ठचदुणाण दंसण, सामण्णं जीवलक्खणं भणियं।
ववहारा सुद्धणया, सुद्धं पुण दंसणं णाणं॥6॥
वण्ण रस पंच गंधा, दो फासा अट्ठ णिच्छया जीवे।
णो संति अमुत्ति तदो, ववहारा मुत्ति बंधादो॥7॥
पुग्गलकम्मादीणं, कत्ता ववहारदो दु णिच्छयदो।
चेदणकम्माणादा, सुद्धणया सुद्धभावाणं॥8॥
ववहारा सुहदुक्खं पुग्गलकम्मप्फलं पभुंजेदि।
आदा णिच्छय णयदो चेदणभावं खु आदस्स॥9॥
अणुगुरुदेहपमाणो, उवसंहारप्पसप्पदो चेदा।
असमुहदो ववहारा णिच्छय णयदो असंखदेसो वा॥10॥
पुढविजलतेउवाऊ, वणप्फदी विविह थावरेइंदी।
विगतिगचदुपंचक्खा, तसजीवा होंति संखादी॥11॥
समणा अमणा णेया पंचिंदिय णिम्मणा परे सव्वे।

बादर सुहुमे - इंदिय सव्वे पज्जत्त इदरा य॥12॥
मग्गणगुणठाणेहि य चउदसहिं हवंति तह असुद्धणया।
विण्णेया संसारी, सव्वे सुद्धा हु सुद्धणया॥13॥
णिक्कम्मा अट्ठगुणा किंचूणा चरमदेहदो सिद्धा।
लोयग्गठिदा णिच्चा, उप्पादवएहिं संजुत्ता॥14॥
अज्जीवो पुण णेओ, पुग्गलधम्मो अधम्म आयासं।
कालो पुग्गलमुत्तो, रूवादिगुणो अमुत्तिसेसा दु॥ 15॥
सद्दो बंधो सुहुमो, थूलो संठाणभेदतमछाया।
उज्जोदादवसहिया, पुग्गलदव्वस्स पज्जाया॥ 16॥
गइ परिणयाण धम्मो, पुग्गलजीवाण गमणसहयारी।
तोयं जह मच्छाणं, अच्छंता णेव सो णेई॥ 17॥
ठाणजुदाण अधम्मो पुग्गलजीवाण ठाण सहयारी।
छाया जहपहियाणं गच्छंता णेव सो धरई॥ 18॥
अवगासदाणजोग्गं, जीवादीणं वियाण आयासं।
जेण्हं लोगागासं, अल्लोगागासमिदि दुविहं॥ 19॥
धम्माधम्मा कालो, पुग्गलजीवा य संति जावदिये।
आयासे सो लोगो, तत्तो परदो अलोगुत्तो॥ 20॥
दव्वपरिवट्टरूवो, जो सो कालो हवेइ ववहारो।
परिणामादीलक्खो, वट्टणलक्खो य परमट्ठो॥ 21॥
लोयायासपदेसे, इक्किक्के जे ठिया हु इक्किक्का।
रयणाणं रासीमिव, ते कालाणू असंखदव्वाणि॥ 22॥
एवं छब्भेयमिदं, जीवाजीवप्पभेददो दव्वं।
उत्तं कालविजुत्तं णादव्वा पंच अत्थिकाया दु॥ 23॥
संति जदो तेणेदे, अत्थित्ति भणंति जिणवरा जम्हा।

काया इव बहुदेसा, तम्हा काया य अत्थिकाया य॥ 24॥
होंति असंखा जीवे, धम्माधम्मे अणंत आयासे।
मुत्ते तिविह पदेसा, कालस्सेगो ण तेण सो काओ॥ 25॥
एयपदेसो वि अणू, णाणाखंधप्पदेसदो होदि।
बहुदेसो उवयारा, तेण य काओ भणंति सव्वण्हु॥ 26॥
जावदियं आयासं, अविभागी पुग्गलाणुवट्ठद्धं।
तं खु पदेसं जाणे, सव्वाणुट्ठाणदाणरिहं॥ 27॥
आसव बंधण संवर, णिज्जरमोक्खो सपुण्णपावा जे।
जीवाजीवविसेसा, ते वि समासेण पभणामो॥ 28॥
आसवदि जेण कम्मं, परिणामेणप्पणो स विण्णेओ।
भावासवो जिणुत्तो, कम्मासवणं परो होदि॥ 29॥
मिच्छत्ताविरदिपमादजोग कोधादओऽथ विण्णेया।
पणपणपणदहतिय चदु, कमसो भेदा दु पुव्वस्स॥ 30॥
णाणावरणादीणं, जोग्गं जं पुग्गलं समासवदि।
दव्वासवो स णेओ, अणेयभेओ जिणक्खादो॥ 31॥
बज्झदिकम्मं जेण दु, चेदणभावेण भावबंधो सो।
कम्मादपदेसाणं, अण्णोण्णपवेसणं इदरो॥ 32॥
पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेस भेदा दु चदुविधो बंधो।
जोगा पयडिपदेसा, ठिदिअणुभागाकसायदो होंति॥ 33॥
चेदणपरिणामो, जो कम्मस्सासव णिरोहणे हेदू।
सो भावसंवरो खलु, दव्वासवरोहणे अण्णो॥ 34॥
वद समिदीगुत्तीओ, धम्माणुपेहा परीसहजओ य।
चारित्तं बहुभेया णायव्वा भावसंवरविसेसा॥ 35॥
जहकालेण तवेण य, भुत्तरसं कम्मपुग्गलं जेण।

भावेण सडदि णेया,तस्सडणं चेदि णिज्जरा दुविहा ॥ 36 ॥
सव्वस्स कम्मणो जो, खयहेदू अप्पणो हु परिणामो।
णेओ स भावमोक्खो, दव्वविमोक्खो य कम्मपुहभावो ॥ 37 ॥
सुहअसुहभावजुत्ता, पुण्णं पावं हवंति खलु जीवा।
सादं सुहाउ णामं, गोदं पुण्णं पराणि पावं च॥ 38 ॥
सम्मद्दंसणणाणं, चरणं मोक्खस्स कारणं जाणे।
ववहारा णिच्छयदो, तत्तियमइओ णिओ अप्पा॥ 39 ॥
रयणत्तयं ण वट्टइ, अप्पाणं मुइत्तु अण्णदवियम्हि।
तम्हा तत्तिय मइओ, होदि हु मोक्खस्स कारणं आदा ॥ 40 ॥
जीवादी सद्दहणं, सम्मत्तं रूवमप्पणो तं तु।
दुरभिणिवेसविमुक्कं, णाणं सम्मं खु होदि सदि जम्हि ॥ 41 ॥
संसय विमोह विब्भम विवज्जियं अप्पपरसरूवस्स।
गहणं सम्मं णाणं, सायारमणेयभेयं तु॥ 42 ॥
जं सामण्णं गहणं, भावाणं णेव कट्टुमायारं।
अविसेसदूण अट्ठे दंसणमिदि भण्णए समए॥ 43 ॥
दंसणपुव्वं णाणं, छदमत्थाणं ण दुण्णि उवओगा।
जुगवं जम्हा केवलिणाहे जुगवं तु ते दो वि॥ 44 ॥
असुहादो विणिवित्ती, सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं।
वदसमिदिगुत्तिरूवं ववहारणया दु जिणभणियं॥ 45 ॥
बहिरब्भंतरकिरियारोहो, भवकारणप्पणासट्ठं।
णाणिस्स जं जिणुत्तं, तं परमं सम्मचारित्तं॥ 46 ॥
दुविहं पि मोक्खहेउं, झाणे पाउणदि जं मुणी णियमा।
तम्हा पयत्तचित्ता, जूयं झाणं समब्भसह॥ 47 ॥
मा मुज्झह मा रज्जह, मा दुस्सह इट्ठणिट्ठअत्थेसु।

थिरमिच्छह जइ  चित्तं, विचित्त झाणप्पसिद्धीए॥ 48॥
पणतीस सोल छप्पण, चदु दुग मेगं च जवह ज्झाएह।
परमेट्ठिवाचयाणं, अण्णं च गुरूवएसेण॥ 49॥
णट्ठ चदुघाइकम्मो, दंसण सुह णाण वीरिय मईओ।
सुहदेहत्थो अप्पा, सुद्धो अरिहो विचिंतिज्जो॥ 50॥
णट्ठट्ठ कम्मदेहो, लोयालोयस्स जाणओ दट्ठा।
पुरिसायारो अप्पा, सिद्धो झाएह लोयसिहरत्थो॥51॥
दंसणणाणपहाणे, वीरिय - चारित्त-वरतवायारे।
अप्पं परं च जुंजइ, सो आयरिओ मुणी झेओ॥52॥
जो रयणत्तयजुत्तो, णिच्चं धम्मोवएसणे णिरदो।
सो उवझाओ अप्पा, जदिवरवसहो णमो तस्स॥53॥
दंसणणाणसमग्गं, मग्गं मोक्खस्स जो हु चारित्तं।
साधयदि णिच्चसुद्धं, साहू सो मुणी णमो तस्स॥54॥
जं किंचिवि चिंतंतो, णिरीहवित्ती हवे जदा साहू।
लद्धूणय एयत्तं, तदा हु तं तस्स णिच्छयं ज्झाणं॥ 55॥
मा चिट्ठह मा जंपह, मा चिंतह किंवि जेण होइ थिरो।
अप्पा अप्पम्मिरओ, इणमेव परं हवे ज्झाणं॥56॥
तवसुदवदवं चेदा, ज्झाण रहधुरंधरो हवे जम्हा।
तम्हा तत्तियणिरदा, तल्लद्धीए सदा होइ॥57॥
दव्वसंगहमिणं मुणिणाहा, दोससंचयचुदा सुदपुण्णा।
सोधयंतु तणुसुत्तधरेण, णेमिचंद मुणिणा भणियं जं॥58॥

शम-दमतैं जो कर्म न आवैं, सो संवर आदरिये।
तप-बलतैं विधि-झरन निरजरा, ताहि सदा आचरिये॥9॥
सकल-करमतैं रहित अवस्था, सो शिव, थिर सुखकारी।
इहिविधि जो सरधा तत्त्वन की, सो समकित व्यवहारी।
देव जिनेन्द्र गुरु परिग्रह बिन, धर्म दयाजुत सारो।
येहू मान समकित को कारन, अष्ट अंग-जुत धारो॥10॥
वसु मद टारि निवारि त्रिशठता, षट् अनायतन त्यागो।
शंकादिक वसु दोष बिना संवेगादिक चित पागो॥
अष्ट अंग अरु दोष पचीसों, तिन संक्षेपहु कहिये।
विन जानेतैं दोष-गुणन को, कैसे तजिये गहिये॥11॥
जिन-वचमें शंका न, धारि वृष, भव-सुख-वांछा भानै।

मुनि-तन मलिन न देख घिनावै, तत्त्व कुतत्त्व पिछानै॥
निज-गुण अरु पर औगुन ढाकै, वा निज-धर्म-बढ़ावै।
कामादिक कर वृषतैं चिगते, निज-परको सु दृढ़ावै॥12॥
धर्मीसों गउ-वच्छ-प्रीति-सम, कर जिन-धर्म दिपावै।
इन गुनतैं विपरीत दोष वसु, तिनकों सतत् खिपावै॥
पिता भूप वा मातुल नृप जो, होय न तो मद ठानै।
मद न रूप को, मद न ज्ञान को, धन बल को मद भानै॥13॥
तप को मद, न मद जु प्रभुता को, करै न सो निज जानै।
मद धारै तो ये ही दोष वसु, समकित को मल ठानै॥
कुगुरु-कुदेव-कुवृष-सेवक की, नहिं प्रशंस उचरै है।
जिनमुनि जिनश्रुत बिन, कुगुरादिक तिन्हें न नमन करै है॥14॥
दोषरहित गुनसहित सुधी जे, सम्यक्दर्श सजै हैं।
चरितमोहवश लेश न संजम, पै सुरनाथ जजे हैं॥
गेही पै गृह में न रचै ज्यों, जलतैं भिन्न कमल है।
नगरनारि को प्यार यथा, कादे में हेम अमल है॥15॥
प्रथम नरक बिन षट् भू ज्योतिष, वान भवन षंढ नारी।
थावर विकलत्रय पशु में नहिं, उपजत समकितधारी॥
तीन लोक तिहुं काल मांहि नहिं, दर्शनसम सुखकारी।
सकल धरम को मूल यही इस, बिन करनी दुखकारी॥16॥
मोक्ष-महल की परथम सीढ़ी, या बिन ज्ञान चरित्रा।
सम्यकता न लहै सो दर्शन, धारो भव्य पवित्रा॥
'दौल' समझ सुन चेत सयाने, काल वृथा मत खोवै।
यह नर-भव फिर मिलन कठिन है, जो सम्यक् नहिं होवै।।17॥

# चौथी ढाल

सम्यकश्रद्धा धारि पुनि, सेवहु सम्यग्ज्ञान।
स्व-पर अर्थ बहु धर्मजुत, जो प्रकटावन भान ॥
सम्यकसाथै ज्ञान होय पै भिन्न अराधो।
लक्षण श्रद्धा जान दुहूमें भेद अबाधो॥
सम्यक कारण जान ज्ञान कारज है सोई।
युगपद होतैं हूँ प्रकाश दीपकतैं होई ॥1॥
तास भेद दो हैं परोक्ष परतछ तिनमाहीं।
मति श्रुत दोय परोक्ष अक्ष मनतैं उपजाहीं॥
अवधिज्ञान मनपर्जय, दो हैं देशप्रतक्षा।
द्रव्य-क्षेत्र-परिमान लिये, जानैं जिय स्वच्छा ॥2॥
सकल द्रव्यके गुण अनन्त परजाय अनन्ता।
जानैं एकै काल प्रगट केवलि भगवन्ता॥
ज्ञान समान न आन जगतमें सुखको कारन।
इह परमामृत जन्म जरा-मृत-रोग-निवारन॥3॥
कोटि जन्म तप तपैं, ज्ञान बिन कर्म झरैं जे।
ज्ञानीके छिनमाँहि, त्रिगुप्तितैं सहज टरैं ते॥
मुनिव्रत धार, अनन्त वार ग्रीवक उपजायो।
पै निज-आतम-ज्ञान बिना, सुख लेश न पायो ॥4॥
तातैं जिनवर-कथित, तत्त्व अभ्यास करीजै।
संशय विभ्रम मोह त्याग, आपो लखि लीजै॥
यह मानुष-परजाय, सुकुल सुनिवो जिन-वानी।
इह विधि गये न मिलैं, सुमणि ज्यों उदधि समानी ॥5॥

धन समाज गज बाज, राज तो काज न आवै।
ज्ञान आपको रूप भये, फिर अचल रहावै॥
तास ज्ञान को कारन स्व-पर-विवेक बखानो।
कोटि उपाय बनाय भव्य ताको उर आनो ॥6॥
जे पूरव शिव गये, जाहिं अब आगे जै हैं।
सो सब महिमा ज्ञानतनी, मुनिनाथ कहै हैं॥
विषय-चाह-दव-दाह, जगत-जन अरनि दझावै।
तास उपाय न आन ज्ञान-घनघान बुझावै ॥7॥
पुण्य-पाप-फलमाहिं हरख विलखौ मत भाई।
यह पुद्गल-परजाय उपजि विनसै फिर थाई॥
लाख बात की बात यहै निश्चय उर लावो।
तोरि सकलजग-दन्द-फन्दनिज-आतम ध्यावो॥8॥
सम्यग्ज्ञानी होय बहुरि दृढ़ चारित लीजै।
एकदेश अरु सकलदेश, तसु भेद कहीजै॥
त्रस - हिंसा को त्याग, वृथा थावर न सँघारै।
पर-वधकार कठोर निन्द्य, नहिं वयन उचारै॥9॥
जल मृतिका बिन और नाहिं कछु गहै अदत्ता।
निज वनिता बिन सकल नारिसों रहै विरत्ता।
अपनी शक्ति विचार, परिग्रह थोरो राखै।
दश दिश गमन-प्रमान, ठान तसु सीम न नाखै ॥10॥
ताहू में फिर ग्राम, गली गृह बाग बजारा।
गमनागमन प्रमान, ठान अन सकल निवारा॥
काहू की धन-हानि, किसी जय हार न चिन्तै।

देय न सो उपदेश होय अघ बनिज कृषीतैं ॥11॥
कर  प्रमाद जल भूमि, वृक्ष पावक न विराधै।
असि धनु हल हिंसोपकरन, नहिं दे यश लाधै॥
राग- द्वेष - करतार,   कथा कबहूँ न सुनीजै।
औरहु अनरथदण्ड-हेतु, अघ तिन्हैं न कीजै॥12॥
धर उर समता-भाव, सदा सामायिक करिये।
परव - चतुष्टयमाहिं,  पाप तजि प्रोषध धरिये॥
भोग और उपभोग,  नियम करि ममतु निवारै।
मुनि को भोजन देय, फेर निज करहि अहारै ॥13॥
बारह व्रत  के  अतीचार,  पन-पन न लगावै।
मरण समय संन्यास धारि,  तसु  दोष  नसावै॥
यों श्रावक व्रत पाल, स्वर्ग  सोलम उपजावै।
तहंतै चय नर-जन्म पाय मुनि ह्वै शिव जावै॥14॥

## पाँचवी ढाल

मुनि सकलव्रती बडभागी, भवभोगनतैं वैरागी।
वैराग्य उपावन माई, चिन्तैं अनुप्रेक्षा भाई॥1॥
इन चिन्तत समसुख जागै, जिमिज्वलन पवनके लागै।
जब ही जिय आतम जानै, तब ही जिय शिवसुख ठानै ॥2॥
जोवन गृह गोधन नारी, हय गय जन आज्ञाकारी।
इन्द्रिय भोग छिन थाई, सुरधनु चपला चपलाई ॥3॥
सुर असुर खगाधिप जेते, मृग ज्यों हरि काल दले ते।
मणि मन्त्र तन्त्र बहु होई, मरते न बचावै कोई ॥4॥

चहुँगति दुःख जीव भरै हैं, परिवर्तन पञ्च करै हैं।
सब विधि संसार असारा, यामें सुख नाहिं लगारा ॥5॥
शुभ-अशुभ करम फल जेते, भोगैं जिय एकहिं तेते।
सुत दारा होय न सीरी, सब स्वारथ के हैं भीरी ॥6॥
जल-पय ज्यौं जिय-तन मेला, पै भिन्न-भिन्न नहिं भेला।
तो प्रगट जुदे धन-धामा, क्यों ह्वै इक मिलि सुत रामा ॥7॥
पल - रुधिर राध-मल-थैली, कीकस वसादितैं मैली।
नवद्वार बहैं घिनकारी, अस देह करै किम यारी ॥8॥
जो जोगन की चपलाई, तातैं ह्वै आस्रव भाई।
आस्रव दुखकार घनेरे, बुधिवन्त तिन्हैं निरवेरे ॥9॥
जिन पुण्य-पाप नहिं कीना, आतम अनुभव चित दीना।
तिन ही विधि आवत रोके, संवर लहि सुख अवलोके ॥10॥
निज काल पाय विधि झरना, तासौं निज-काज न सरना।
तप करि जो कर्म खिपावै, सोई शिवसुख दरसावै ॥11॥
किन हू न कर्‌यो न धरै को, षट्‌द्रव्यमयी न हरै को।
सो लोकमाहिं बिन समता,दुःख सहै जीव नित भ्रमता ॥12॥
अन्तिम ग्रीवक लौं की हद, पायो अनन्त बिरियाँ पद।
पर सम्यग्ज्ञान न लाधौ, दुर्लभ निज में मुनि साधौ ॥13॥
जे भाव मोहतैं न्यारे, दृग ज्ञान व्रतादिक सारे।
सो धर्म जबै जिय धारै, तबही सुख अचल निहारै ॥14॥
सो धर्म मुनिन करि धरिये, तिनकी करतूति उचरिये।
ताको सुनिये भवि प्रानी, अपनी अनुभूति पिछानी ॥15॥

# छठवी ढाल

षट्काय जीव न हननतैं, सबविधि दरव-हिंसा टरी।
रागादि भाव निवारतैं, हिंसा न भावित अवतरी॥
जिनके न लेश मृषा न जल मृण हू बिना दीयो गहैं।
अठदशसहस विधि शीलधर, चिद्ब्रह्म में नित रमि रहैं॥1॥
अन्तर चतुर्दश भेद बाहिर, संग दशधा तैं टलैं।
परमाद तजि चौकर मही लखि, समिति ईर्यातैं चलैं॥
जग सुहितकर सब अहितहर, श्रुतिसुखद सब संशय हरैं।
भ्रम-रोग-हर जिनके वचन, मुख-चन्द्रतैं अमृत झरैं॥2॥
छयालीस दोष बिना सुकुल, श्रावकतनैं घर अशन को।
लैं तप बढ़ावन हेतु, नहिं तन पोषते तजि रसन को।
शुचि ज्ञान संयम उपकरण, लखिकैं गहैं लखिकैं धरैं।
निर्जन्तु थान विलोक तन-मल, मूत्र श्लेषम परिहरैं॥3॥
सम्यक् प्रकार निरोध मन - वच - काय आतम ध्यावते।
तिन सुथिर-मुद्रा देखि मृग-गण, उपल खाज खुजावते॥
रस रूप गन्ध तथा फरस, अरु शब्द शुभ असुहावने।
तिनमें न राग विरोध, पंचेन्द्रिय-जयन पद पावने॥4॥
समता सम्हारैं थुति उचारैं, वन्दना जिनदेव को।
नित करैं प्रत्याख्यान प्रतिक्रम, तजैं तन अहमेव को॥
जिनके न न्हवन न दन्त - धोवन, लेश अम्बर आवरन।
भूमाहिं पिछली रयनि में कुछ, शयन एकाशन करन॥5॥
इक बार दिनमें लैं अहार, खड़े अलप निज पानमें।

कचलोंच करत न डरत परिषह, सों लगे निज ध्यान में॥
अरि मित्र महल मसान कंचन काच निन्दन थुति करन।
अर्घावतारन असि - प्रहारन, में सदा समता धरन ॥ 6॥
तप तपै द्वादश धरैं वृष दश, रत्न-त्रय सेवैं सदा।
मुनि-साथ में वा एक विचरैं चहैं नहिं भव-सुख कदा॥
यों है सकलसंयमचरित, सुनिये स्वरूपाचरन अब।
जिस होत प्रगटै आपनी निधि, मिटै पर की प्रवृत्ति सब ॥ 7॥
जिन परमपैनी सुबुधि - छैनी, डारि अन्तर भेदिया।
वरणादि अरु रागादि तैं, निज-भाव को न्यारा किया॥
निजमाहिं निज के हेतु निजकर, आपको आपै गह्यो।
गुण गुणी ज्ञाता ज्ञान ज्ञेय, मंझार कछु भेद न रह्यो॥ 8॥
जहँ ध्यान ध्याता ध्येय को, न विकल्प वच भेद न जहाँ।
चिद्भाव कर्म चिदेश करता, चेतना किरिया तहाँ॥
तीनों अभिन्न अखिन्न शुध उपयोग की निश्चल दशा।
प्रगटी जहाँ दृग-ज्ञान-व्रत ये तीनधा एकै लशा ॥ 9॥
परमाण नय निक्षेप को न उद्योत अनुभव में दिखैं।
दृग-ज्ञान-सुख-बलमय सदा, नहिं आन भाव जु मो विखैं।
मैं साध्य साधक मैं अबाधक, कर्म अरु तसु फलनितैं।
चितपिण्ड चण्ड अखण्ड सुगुणकरण्ड च्युत पुनि कलनितैं ॥ 10॥
यों चिन्त्य निज में थिर भये, तिन अकथ जो आनन्द लह्यो।
सो इन्द्र नाग नरेन्द्र वा, अहमिन्द्र के नाहीं कह्यो॥
तब ही शुकलध्यानाग्निकरि, चउ-घातिविधि-कानन दह्यो।

सब लख्यो केवलज्ञान करि, भवि-लोक को शिवमग कह्यो ॥11॥
पुनि घाति शेष अघातिविधि, छिनमाहिं अष्टम-भू बसैं।
वसुकर्म विनशै सुगुण वसु, सम्यक्त्व आदिक सब लसैं॥
संसार खार अपार पारावार, तिर तीरहिं गये।
अविकार अकल अरूप शुचि,चिद्रूप अविनाशी भये ॥ 12 ॥
निजमाँहि लोक अलोक गुण, परजाय प्रतिबिम्बित थये।
रहि हैं अनन्तानन्तकाल, यथा तथा शिव परिणये॥
धनि धन्य हैं जे जीव, नर-भव पाय, यह कारज किया।
तिनही अनादि भ्रमण पञ्च प्रकार तजि वर सुख लिया ॥13॥
मुख्योपचार दुभेद यों बड़भागि रत्नत्रय धरैं।
अरु धरैंगे ते शिव लहैं तिन, सुयस-जल-जग-मल हरैं॥
इमि जानि आलस हानि, साहस ठानि यह सिख आदरो।
जबलौं न रोग जरा गहै तबलौं झटिति निज हित करो ॥14॥
यह राग आग दहै सदा, तातैं समामृत सेइये।
चिर भजे विषय कषाय अब तो त्याग निजपद बेइये॥
कहा रच्यो पर-पद में न तेरो पद यहै क्यों दुःख सहै।
अब 'दौल' होउ सुखी स्व-पद रचि, दाव मत चूकौ यहै॥15॥

इक नव वसु इक वर्ष की, तीज शुकल वैशाख।
कर्‌यो तत्त्व उपदेश यह, लखि 'बुधजन' की भाख॥1॥
लघु-धी तथा प्रमादतैं, शब्द - अर्थ की भूल।
सुधी सुधार पढ़ो सदा, जो पावो भव-कूल॥2॥

● ● ●

## 8. श्रीजिनसहस्रनाम-स्तोत्र

( प्रस्तावना )

स्वयंभुवे नमस्तुभ्यमुत्पाद्यात्मानमात्मनि।
स्वात्म नैव तथोद्भूत - वृत्तयेऽचिन्त्य-वृत्तये॥ 1॥
नमस्ते जगतां पत्ये लक्ष्मी-भर्त्रे नमोऽस्तु ते।
विदांवर नमस्तुभ्यं नमस्ते वदतांवर॥ 2॥
काम - शत्रुहणं देवमामनन्ति मनीषिणः।
त्वामानमत्सुरेण्मौलि-भामालाभ्यर्चित-क्रमम्॥ 3॥
ध्यान - दुर्घण-निर्भिन्न-घन- घाति - महातरुः।
अनन्त-भव-सन्तान, जयादासीरनन्तजित्॥ 4॥
त्रैलोक्य - निर्जयावाप्त - दुर्दर्पमतिदुर्जयम्।
मृत्युराजं विजित्यासीज्जिन! मृत्युञ्जयो भवान्॥ 5॥
विधूताशेष - संसार - बन्धनो भव्य-बान्धवः।
त्रिपुरारिस्त्वमीशाऽसि जन्म-मृत्यु-जरान्तकृत्॥ 6॥
त्रिकाल-विषयाशेष - तत्त्व - भेदात् त्रिधोत्थितम्।
केवलाख्यं दधच्चक्षुस्त्रिनेत्रोऽसि त्वमीशितः॥ 7॥
त्वामन्धकान्तकं प्राहुर्मोहान्धासुर - मर्दनात्।
अर्द्धं ते नारयो यस्मादर्ध - नारीश्वरोऽस्यतः॥ 8॥
शिवः शिव-पदाध्यासाद् दुरितारि - हरो हरः।
शङ्करः कृतशं लोके शम्भवस्त्वं भवन्सुखे॥ 9॥
वृषभोऽसि जगज्ज्येष्ठः पुरुः पुरु- गुणोदयैः।
नाभेयो नाभि - संभूतेरिक्ष्वाकु-कुल-नन्दनः॥ 10।
त्वमेकः पुरुष - स्कन्धस्त्वं द्वे लोकस्य लोचने।
त्वं त्रिधा बुद्ध-सन्मार्गस्त्रिज्ञस्त्रि-ज्ञान-धारकः॥11॥

चतु:शरण-माङ्गल्य- मूर्तिस्त्वं चतुरस्त्रधी:।
पञ्च-ब्रह्ममयो देव! पावनस्त्वं पुनीहि माम् ॥12॥
स्वर्गावतरणे तुभ्यं सद्योजातात्मने नमः।
जन्माभिषेक-वामाय वामदेव नमोऽस्तु ते॥13॥
सनिष्क्रान्तावघोराय परं प्रशममीयुषे।
केवल-ज्ञान-संसिद्धावीशानाय नमोऽस्तु ते॥14॥
पुरस्तत्पुरुषत्वेन विमुक्ति-पद-भाजिने।
नमस्तत्पुरुषावस्थां भाविनीं तेऽद्य बिभ्रते॥15॥
ज्ञानावरण - निर्ह्रासान्नमस्तेऽनन्त - चक्षुषे।
दर्शनावरणोच्छेदान्नमस्ते विश्वदृश्वने॥16॥
नमो दर्शन - मोहघ्ने क्षायिकामल-दृष्टये।
नमश्चारित्र - मोहघ्ने विरागाय महौजसे॥17॥
नमस्तेऽनन्त - वीर्याय नमोऽनन्त - सुखात्मने।
नमस्तेऽनन्त-लोकाय लोकालोकावलोकिने॥ 18॥
नमस्तेऽनन्त - दानाय नमस्तेऽनन्त-लब्धये।
नमस्तेऽनन्त - भोगाय नमोऽनन्तोपभोगिने॥19॥
नमः परमयोगाय नमस्तुभ्यमयोनये।
नमः परमपूताय नमस्ते परमर्षये॥20॥
नमः परमविद्याय नमः पर-मतच्छिदे।
नमः परम - तत्त्वाय नमस्ते परमात्मने॥ 21॥
नमः परम - रूपाय नमः परम-तेजसे।
नमः परम - मार्गाय नमस्ते परमेष्ठिने॥ 22॥
परमर्द्धिजुषे धाम्ने परमज्योतिषे नमः।
नमः पारेतम:प्राप्त - धाम्ने परतरात्मने ॥ 23॥
नमः क्षीण-कलङ्काय क्षीण-बन्ध! नमोऽस्तु ते।

नमस्ते क्षीण-मोहाय क्षीण-दोषाय ते नमः ॥24॥
नमः सुगतये तुभ्यं शोभनां गतिमीयुषे।
नमस्तेऽतीन्द्रियज्ञानसुखायानिन्द्रियात्मने ॥ 25॥
काय-बन्धन - निर्मोक्षादकायाय नमोऽस्तु ते।
नमस्तुभ्यमयोगाय योगिनामधियोगिने॥ 26॥
अवेदाय नमस्तुभ्य मकषायाय ते नमः।
नमः परम - योगीन्द्र -वन्दिताङ्घ्रि - द्वयाय ते ॥27॥
नमः परम - विज्ञान! नमः परम - संयम!
नमः परम - दृग्दृष्ट, परमार्थाय ते नमः ॥28॥
नमस्तुभ्यमलेश्याय शुक्ललेश्यांशक - स्पृशे।
नमो भव्येतरावस्था, व्यतीताय विमोक्षिणे॥29॥
संज्ञ्यसंज्ञिद्वयावस्था, व्यतिरिक्तामलात्मने।
नमस्ते वीतसंज्ञाय, नमः क्षायिक - दृष्टये॥ 30॥
अनाहाराय तृप्ताय, नमः परम-भाजुषे।
व्यतीताशेषदोषाय, भवाब्धेः पारमीयुषे॥ 31॥
अजराय नमस्तुभ्यं, नमस्तेस्तादजन्मने।
अमृत्यवे नमस्तुभ्यमचलायाक्षरात्मने॥ 32॥
अलमास्तां गुणस्तोत्र, मनन्तास्तावका गुणाः।
त्वां नामस्मृतिमात्रेण, पर्युपासिसिषामहे॥ 33॥
एवं स्तुत्वा जिनं देवं, भक्त्या परमया सुधीः।
पठेदष्टोत्तरं नाम्नां, सहस्त्रं पाप - शान्तये॥34॥

इति जिनसहस्त्रनामस्तोत्रप्रस्तावना

## प्रथमशतकम्

प्रसिद्धाष्ट - सहस्त्रेद्ध - लक्षणं त्वां गिरां पतिम्।
नाम्नामष्ट -सहस्त्रेण तोष्टुमोऽभीष्ट - सिद्धये ॥ 1 ॥
श्रीमान् स्वयंभूर्वृषभः शंभवः शंभुरात्मभूः।
स्वयंप्रभः प्रभुर्भोक्ता विश्वभूरपुनर्भवः ॥ 2 ॥
विश्वात्मा विश्वलोकेशो विश्वतश्चक्षुरक्षरः।
विश्वविद् विश्वविद्येशो विश्वयोनिरनश्वरः ॥ 3 ॥
विश्वदृश्वा विभुर्धाता विश्वेशो विश्वलोचनः।
विश्वव्यापी विधिर्वेधाः शाश्वतो विश्वतोमुखः ॥ 4 ॥
विश्वकर्मा जगज्ज्येष्ठो विश्वमूर्तिर्जिनेश्वरः।
विश्वदृग्विश्वभूतेशो विश्वज्योतिरनीश्वरः ॥ 5 ॥
जिनो जिष्णुरमेयात्मा विश्वरीशो जगत्पतिः।
अनन्तजिदचिन्त्यात्मा भव्य - बन्धुरबन्धनः ॥ 6 ॥
युगादि-पुरुषो ब्रह्मा पञ्च - ब्रह्ममयः शिवः।
परः परतरः सूक्ष्मः परमेष्ठी सनातनः ॥ 7 ॥
स्वयंज्योतिरजोऽजन्मा ब्रह्म - योनिरयोनिजः।
मोहारिविजयी जेता धर्म - चक्री दयाध्वजः ॥ 8 ॥
प्रशान्तारिरनन्तात्मा योगी योगीश्वरार्चितः।
ब्रह्मविद् ब्रह्मतत्त्वज्ञो ब्रह्मोद्याविद्यतीश्वरः ॥ 9 ॥
शुद्धो बुद्धः प्रबुद्धात्मा सिद्धार्थः सिद्धशासनः।
सिद्धः सिद्धान्तविद्ध्येयः सिद्धसाध्यो जगद्धितः ॥ 10 ॥
सहिष्णुरच्युतोऽनन्तः प्रभविष्णुर्भवोद्भवः।
प्रभूष्णुरजरोऽजर्यो भ्राजिष्णुर्धीश्वरोऽव्ययः ॥ 11 ॥
विभावसुरसम्भूष्णुः स्वयंभूष्णुः पुरातनः।
परमात्मा परंज्योतिस्त्रिजगत्परमेश्वरः ॥ 12 ॥

॥ इति श्रीमदादिशतम् ॥ 1 ॥

## द्वितीयशतकम्

दिव्यभाषापतिर्दिव्यः पूतवाक्पूतशासनः।
पूतात्मा परम - ज्योतिर्धर्माध्यक्षो दमीश्वरः॥ 1॥
श्रीपतिर्भगवानर्हन्नरजा विरजाः शुचिः।
तीर्थकृत्केवलीशानः पूजार्हः स्नातकोऽमलः॥ 2॥
अनन्त- दीप्तिर्ज्ञानात्मा स्वयंबुद्धः प्रजापतिः।
मुक्तः शक्तो निराबाधो निष्कलो भुवनेश्वरः॥ 3॥
निरञ्जनो जगज्ज्योतिर्निरुक्तोक्ति-रनामयः।
अचल - स्थितिरक्षोभ्यः कूटस्थः स्थाणुरक्षयः॥ 4॥
अग्रणीर्ग्रामणीर्नेता प्रणेता न्याय - शास्त्रकृत्।
शास्ता धर्मपतिर्धर्म्यो धर्मात्मा धर्म-तीर्थकृत्॥ 5॥
वृषध्वजो वृषाधीशो वृषकेतु - र्वृषायुधः।
वृषो वृषपतिर्भर्ता वृषभाङ्को वृषोद्भवः॥ 6॥
हिरण्य - नाभिर्भूतात्मा भूतभृद् भूतभावनः।
प्रभवो विभवो भास्वान् भवो भावो भवान्तकः॥ 7॥
हिरण्यगर्भः श्रीगर्भः प्रभूतविभवोऽभवः।
स्वयंप्रभुः प्रभूतात्मा भूतनाथो जगत्प्रभुः॥ 8॥
सर्वादिः सर्वदृक्सार्वः सर्वज्ञः सर्वदर्शनः।
सर्वात्मा सर्वलोकेशः सर्ववित् सर्वलोकजित्॥ 9॥
सुगतिः सुश्रुतः सुश्रुत्, सुवाक् सूरिर्बहुश्रुतः।
विश्रुतो विश्वतः पादो विश्वशीर्षः शुचिश्रवाः॥ 10॥
सहस्रशीर्षः क्षेत्रज्ञः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
भूत-भव्य-भवद्भर्ता विश्व- विद्या-महेश्वरः॥11॥
॥ इति दिव्यादिशतम् ॥ 2॥

# तृतीयशतकम्

स्थविष्ठः स्थविरो ज्येष्ठः प्रष्ठः प्रेष्ठो वरिष्ठ-धीः।
स्थेष्ठो गरिष्ठो बंहिष्ठः श्रेष्ठोऽणिष्ठो गरिष्ठ-गीः॥ 1॥
विश्वभृद् विश्वसृड् विश्वेड्,विश्वभुग्विश्व-नायकः।
विश्वासीर्विश्वरूपात्मा, विश्वजिद्विजितान्तकः॥ 2॥
विभवो विभयो वीरो, विशोको विजरो जरन्।
विरागो विरतोऽसङ्गो, विविक्तो वीत-मत्सरः॥ 3॥
विनेय - जनता - बन्धुर्विलीनाशेष-कल्मषः।
वियोगो योगविद्विद्वान् विधाता सुविधिः सुधीः॥ 4॥
क्षान्तिभाक् पृथिवीमूर्तिः शान्तिभाक् सलिलात्मकः।
वायु - मूर्तिरसङ्गात्मा वह्निमूर्तिरधर्मधक्॥ 5॥
सुयज्वा यजमानात्मा सुत्वा सुत्राम-पूजितः।
ऋत्विग्यज्ञ -पतिर्याज्यो यज्ञाङ्गममृतं हविः॥ 6॥
व्योम - मूर्तिरमूर्तात्मा निर्लेपो निर्मलोऽचलः।
सोम-मूर्तिः सुसौम्यात्मा सूर्य-मूर्तिर्महाप्रभः॥ 7॥
मन्त्रविन्मन्त्रकृन्मन्त्री मन्त्र-मूर्तिरनन्तगः।
स्वतन्त्रस्तन्त्रकृत्स्वन्तः कृतान्तान्तः कृतान्तकृत्॥ 8॥
कृती कृतार्थः सत्कृत्यः कृतकृत्यः कृत-क्रतुः।
नित्यो मृत्युञ्जयोऽमृत्युरमृतात्मामृतोद्भवः॥ 9॥
ब्रह्मनिष्ठः परंब्रह्मा ब्रह्मात्मा ब्रह्म-संभवः।
महाब्रह्म- पतिर्ब्रह्मेड् महाब्रह्म - पदेश्वरः॥1॥
सुप्रसन्नः प्रसन्नात्मा ज्ञान - धर्म - दम - प्रभुः।
प्रशमात्मा प्रशान्तात्मा पुराण-पुरुषोत्तमः॥ 11॥

॥ इति स्थविष्ठादिशतम्॥ 3॥

# चतुर्थ-शतकम्

महाशोक - ध्वजोऽशोकः कः स्त्रष्टा पद्म-विष्टरः।
पद्मेशः पद्म-सम्भूतिः पद्म - नाभिरनुत्तरः॥ 1॥
पद्म - योनिर्जगद्योनिरित्यः स्तुत्यः स्तुतीश्वरः।
स्तवनार्हो हृषीकेशो जित-जेयः कृत-क्रियः॥ 2॥
गणाधिपो गण-ज्येष्ठो गण्यः पुण्यो गणाग्रणीः।
गुणाकरो गुणाम्भोधिर्गुणज्ञो गुणनायकः॥ 3॥
गुणादरी गुणोच्छेदी निर्गुणः पुण्य-गीर्गुणः।
शरण्यः पुण्य-वाक्पूतो वरेण्यः पुण्य-नायकः॥4॥
अगण्यः पुण्य-धीर्गुण्यः पुण्यकृत्पुण्य-शासनः।
धर्मारामो गुण-ग्रामः पुण्यापुण्य-निरोधकः॥ 5॥
पापापेतो विपापात्मा विपाप्मा वीत-कल्मषः।
निर्द्वन्द्वो निर्मदः शान्तो निर्मोहो निरुपद्रवः॥6॥
निर्निमेषो निराहारो निष्क्रियो निरुपप्लवः।
निष्कलङ्को निरस्तैना निर्धूतागा निरास्त्रवः॥ 7॥
विशालो विपुल - ज्योतिरतुलोऽचिन्त्य-वैभवः।
सुसंवृतः सुगुप्तात्मा सुभृत्सुनय-तत्त्ववित्॥ 8॥
एक-विद्यो महाविद्यो मुनिः परिवृढः पतिः।
धीशो विद्यानिधिः साक्षी विनेता विहतान्तकः॥ 9॥
पिता पितामहः पाता पवित्रः पावनो गतिः।
त्राता भिषग्वरो वर्यो वरदः परमः पुमान्॥ 10॥
कविः पुराण - पुरुषो वर्षीयान्वृषभः पुरुः।
प्रतिष्ठा- प्रसवो हेतुर्भुवनैक - पितामहः॥ 11॥
॥ इति महाशोकध्वजादिशतम् ॥ 4॥

## पञ्चमशतकम्

श्रीवृक्ष-लक्षणः श्लक्ष्णो लक्षण्यः शुभलक्षणः।
निरक्षः पुण्डरीकाक्षः पुष्कलः पुष्करेक्षणः॥ 1॥
सिद्धिदः सिद्ध-संकल्पः सिद्धात्मा सिद्धसाधनः।
बुद्ध-बोध्यो महाबोधिर्वर्धमानो महर्धिकः॥ 2॥
वेदाङ्गो वेदविद्वेद्यो जात - रूपो विदांवरः।
वेद-वेद्यः स्व- संवेद्यो विवेदो वदतांवरः॥ 3॥
अनादि-निधनो व्यक्तो व्यक्तवाग् व्यक्त-शासनः।
युगादिकृत् युगाधारो युगादिर्जगदादिजः॥ 4॥
अतीन्द्रोऽतीन्द्रियो धीन्द्रो महेन्द्रोऽतीन्द्रियार्थदृक्।
अनिन्द्रियोऽहमिन्द्राच्र्यो महेन्द्र-महितो महान्॥ 5॥
उद्भवः कारणं कर्ता पारगो भव-तारकः।
अगाह्यो गहनं गुह्यं परार्घ्यः परमेश्वरः॥ 6॥
अनन्तर्द्धिरमेयर्द्धिरचिन्त्यर्द्धिः समग्रधीः।
प्राग्र्यः प्राग्रहरोऽभ्यग्रः प्रत्यग्रोऽग्र्योऽग्रिमोऽग्रजः॥7॥
महातपा महातेजा महोदर्को महोदयः।
महायशा महाधामा महासत्त्वो महाधृतिः॥ 8॥
महाधैर्यो महावीर्यो महासम्पन्महाबलः।
महाशक्तिर्महाज्योतिर्महाभूतिर्महाद्युतिः ॥ 9॥
महामतिर्महानीतिर्महाक्षान्तिर्महादयः ।
महाप्राज्ञो महाभागो महानन्दो महाकविः ॥ 10॥
महामहा महाकीर्तिर्महाकान्तिर्महावपुः।
महादानो महाज्ञानो महायोगो महागुणः॥ 11॥
महामहपतिः प्राप्त - महाकल्याण-पञ्चकः।
महाप्रभुर्महाप्रातिहार्याधीशो महेश्वरः॥ 12॥

॥ इति श्रीवृक्षादिशतम्॥ 5॥

## षष्ठशतकम्

महामुनिर्महामौनी महाध्यानो महादमः।
महाक्षमो महाशीलो महायज्ञो महामखः॥ 1॥
महाव्रत - पतिर्मह्यो महाकान्ति - धरोऽधिपः।
महामैत्री - मयोऽमेयो महोपायो महोमयः॥ 2॥
महाकारुणिको मन्ता महामन्त्रो महायतिः।
महानादो महाघोषो महेज्यो महसांपतिः॥ 3॥
महाध्वरधरो धुर्यो महौदार्यो महिष्ठवाक्।
महात्मा महसांधाम महर्षिर्महितोदयः॥ 4॥
महाक्लेशाङ्कुशः शूरो महाभूतपतिर्गुरुः।
महापराक्रमोऽनन्तो महाक्रोधरिपुर्वशी ॥ 5॥
महाभवाब्धि-संतारी महामोहाद्रि-सूदनः।
महागुणाकरः क्षान्तो महायोगीश्वरः शमी॥ 6॥
महाध्यानपतिर्ध्याता - महाधर्मा महाव्रतः।
महाकर्मारिहात्मज्ञो महादेवो महेशिता॥ 7॥
सर्वक्लेशापहः साधुः सर्वदोषहरो हरः।
असंख्येयोऽप्रमेयात्मा शमात्मा प्रशमाकरः॥ 8॥
सर्व-योगीश्वरोऽचिन्त्यः श्रुतात्मा विष्टरश्रवाः।
दान्तात्मा दमतीर्थेशो योगात्मा ज्ञानसर्वगः॥ 9॥
प्रधानमात्मा प्रकृतिः परमः परमोदयः।
प्रक्षीण-बन्धः कामारिः क्षेमकृत् क्षेमशासनः॥ 10॥
प्रणवः प्रणयः प्राणः प्राणदः प्रणतेश्वरः।
प्रमाणं प्रणिधिर्दक्षो दक्षिणोऽध्वर्युरध्वरः॥ 11॥
आनन्दो नन्दनो नन्दो वन्द्योऽनिन्द्योऽभिनन्दनः।
कामहा कामदः काम्यः काम-धेनुररिञ्जयः॥12॥
॥ इति महामुन्यादिशतम्॥ 6॥

# सप्तमशतकम्

असंस्कृत - सुसंस्कारः प्राकृतो वैकृतान्तकृत्।
अन्तकृत्कान्तगुः कान्तश्चिन्तामणिरभीष्टदः॥ 1॥
अजितो जित - कामारिरमितोऽमित - शासनः।
जितक्रोधो जितामित्रो जितक्लेशो जितान्तकः॥ 2॥
जिनेन्द्रः परमानन्दो मुनीन्द्रो दुन्दुभि-स्वनः।
महेन्द्र - वन्द्यो योगीन्द्रो यतीन्द्रो नाभिनन्दनः॥ 3॥
नाभेयो नाभिजोऽजातः सुव्रतो मनुरुत्तमः।
अभेद्योऽनत्ययोऽनाश्वानधिकोऽधिगुरुः सुगीः॥ 4॥
सुमेधा विक्रमी स्वामी दुराधर्षो निरुत्सुकः।
विशिष्टः शिष्टभुक् शिष्टः प्रत्ययः कामनोऽनघः॥ 5॥
क्षेमी क्षेमङ्करोऽक्षय्यः क्षेम-धर्म-पतिः क्षमी।
अग्राह्यो ज्ञान-निग्राह्यो ध्यान-गम्यो निरूत्तरः॥ 6॥
सुकृती धातुरिज्यार्हः सुनयश्चतुराननः।
श्रीनिवासश्चतुर्वक्त्रश्चतुरास्यश्चतुर्मुखः ॥ 7॥
सत्यात्मा सत्य-विज्ञानः सत्य-वाक्सत्य-शासनः।
सत्याशीः सत्य-सन्धानः सत्यः सत्य-परायणः॥ 8॥
स्थेयान्स्थवीयान्नेदीयान्दवीयान्दूरदर्शनः ।
अणोरणीयाननणुर्गुरुराद्यो गरीयसाम् ॥ 9॥
सदायोगः सदाभोगः सदातृप्तः सदाशिवः।
सदागतिः सदासौख्यः सदाविद्यः सदोदयः॥ 10॥
सुघोषः सुमुखः सौम्यः सुखदः सुहितः सुहृत्।
सुगुप्तो गुप्तिभृद् गोप्ता लोकाध्यक्षो दमेश्वरः॥ 11॥

॥ इति असंस्कृतादिशतम्॥ 7॥

# अष्टमशतकम्

बृहद्बृहस्पतिर्वाग्मी वाचस्पतिरुदार - धीः।
मनीषी धिषणो धीमाञ्छेमुषीशो गिरांपतिः॥ 1॥
नैक-रूपो नयोत्तुङ्गो नैकात्मानैक - धर्मकृत्।
अविज्ञेयोऽप्रतर्क्यात्मा कृतज्ञः कृत-लक्षणः॥ 2॥
ज्ञानगर्भो दयागर्भो रत्नगर्भः प्रभास्वरः।
पद्मगर्भो जगद्गर्भो हेम-गर्भः सुदर्शनः॥ 3॥
लक्ष्मीवांस्त्रिदशाध्यक्षो दृढीयानिन ईशिता।
मनोहरो मनोज्ञाङ्गो धीरो गम्भीर-शासनः॥ 4॥
धर्म-यूपो दया - यागो धर्म - नेमिर्मुनीश्वरः।
धर्म-चक्रायुधो देवः कर्महा धर्म-घोषणः॥ 5॥
अमोघवागमोघाज्ञो निर्मलोऽमोघ-शासनः।
सुरूपः सुभगस्त्यागी समयज्ञः समाहितः॥ 6॥
सुस्थितः स्वास्थ्यभाक्स्वस्थो नीरजस्को निरुद्धवः।
अलेपो निष्कलङ्कात्मा वीतरागो गत-स्पृहः॥ 7॥
वश्येन्द्रियो विमुक्तात्मा निःसपत्नो जितेन्द्रियः।
प्रशान्तोऽनन्त - धामर्षिर्मङ्गलं मलहानयः॥ 8॥
अनीदृगुपमाभूतो दिष्टिर्दैवमगोचरः।
अमूर्तो मूर्तिमानेको नैको नानैक-तत्त्वदृक्॥ 9॥
अध्यात्मगम्योऽगम्यात्मा योगविद्योगिवन्दितः।
सर्वत्रगः सदाभावी त्रिकाल-विषयार्थदृक्॥ 10॥
शङ्करः शंवदो दान्तो दमी क्षान्ति-परायणः।
अधिपः परमानन्दः परात्मज्ञः परात्परः॥ 11॥
त्रिजगद्वल्लभोऽभ्यर्च्यस्त्रि-जगन्मङ्गलोऽदयः।
त्रिजगत्पति-पूज्यांघ्रिस्त्रिलोकाग्रशिखामणिः॥ 12॥

॥ इति बृहदादिशतम्॥ 8॥

## नवमशतकम्

त्रिकालदर्शी लोकेशो लोक-धाता दृढ-व्रतः।
सर्व-लोकातिगः पूज्यः सर्व-लोकैक-सारथिः ॥ 1 ॥
पुराणः पुरुषः पूर्वः कृत-पूर्वाङ्ग - विस्तरः।
आदि-देवः पुराणाद्यः पुरु -देवोऽधिदेवता ॥ 2 ॥
युगमुख्यो युग - ज्येष्ठो युगादि-स्थिति-देशकः।
कल्याणवर्णः कल्याणः कल्यः कल्याणलक्षणः ॥ 3 ॥
कल्याणप्रकृतिर्दीप्र - कल्याणात्मा विकल्मषः।
विकलङ्कः कलातीतः कलिलघ्नः कलाधरः ॥ 4 ॥
देव - देवो जगन्नाथो जगद्बन्धुर्जगद्विभुः।
जगद्धितैषी लोकज्ञः सर्वगो जगदग्रजः ॥ 5 ॥
चराचर - गुरुर्गोप्यो गूढात्मा गूढ-गोचरः।
सद्योजातः प्रकाशात्मा ज्वलज्ज्वलन-सत्प्रभः ॥ 6 ॥
आदित्यवर्णो भर्माभः सुप्रभः कनकप्रभः।
सुवर्णवर्णो रुक्माभः सूर्य-कोटि-सम-प्रभः ॥ 7 ॥
तपनीय - निभस्तुङ्गो बालार्काभोऽनल-प्रभः।
संध्याभ्र-बभ्रुर्हेमाभस्तप्त - चामीकरच्छविः ॥ 8 ॥
निष्टप्त - कनकच्छायः कनत्काञ्चन-सन्निभः।
हिरण्य-वर्णः स्वर्णाभः शातकुम्भ-निभ-प्रभः ॥ 9 ॥
द्युम्नाभो जात - रूपाभस्तप्त - जाम्बूनद - द्युतिः।
सुधौत - कलधौत-श्रीः प्रदीप्तो हाटक-द्युतिः ॥ 10 ॥
शिष्टेष्टः पुष्टिदः पुष्टः स्पष्टः स्पष्टाक्षरः क्षमः।
शत्रुघ्नोऽप्रतिघोऽमोघः प्रशास्ता शासिता स्वभूः ॥ 11 ॥

शान्तिनिष्ठो मुनिज्येष्ठः शिवतातिः शिवप्रदः।
शान्तिदः शान्तिकृच्छान्तिः कान्तिमान् कामितप्रदः ॥ 12 ॥
श्रेयोनिधिरधिष्ठानमप्रतिष्ठः प्रतिष्ठितः।
सुस्थिरः स्थावरः स्थाणुः प्रथीयान्प्रथितः पृथुः ॥ 13 ॥
॥ इति त्रिकालदर्श्यादिशतम् ॥ 9 ॥

## दशमाष्टोत्तरशतम्

दिग्वासा वातरसनो निर्ग्रन्थेशो निरम्बरः।
निष्किञ्चनो निराशंसो ज्ञानचक्षुरमोमुहः ॥ 1 ॥
तेजोराशिरनन्तौजा ज्ञानाब्धिः शील-सागरः।
तेजोमयोऽमित-ज्योतिर्ज्योतिर्मूर्तिस्तमोऽपहः ॥ 2 ॥
जगच्चूडा - मणिर्दीप्तः शंवान्विघ्न-विनायकः।
कलिघ्नः कर्म-शत्रुघ्नो लोकालोक-प्रकाशकः ॥ 3 ॥
अनिद्रालुरतन्द्रालुर्जागरुकः प्रमामयः।
लक्ष्मी-पतिर्जगज्ज्योतिर्धर्मराजः प्रजा-हितः ॥ 4 ॥
मुमुक्षुर्बन्धमोक्षज्ञो जिताक्षो जित-मन्मथः।
प्रशान्त-रस-शैलूषो भव्य-पेटक-नायकः ॥ 5 ॥
मूल-कर्त्ताखिल - ज्योतिर्मलघ्नो मूल-कारणः।
आप्तो वागीश्वरः श्रेयाञ्छ्रायसोक्तिर्निरुक्तवाक् ॥ 6 ॥
प्रवक्ता वचसामीशो मारजिद्विश्व - भाववित्।
सुतनुस्तनु - निर्मुक्तः सुगतो हत - दुर्नयः ॥ 7 ॥
श्रीशः श्री-श्रित - पादाब्जो वीत-भीरभयङ्करः।
उत्सन्न-दोषो निर्विघ्नो निश्चलो लोक-वत्सलः ॥ 8 ॥
लोकोत्तरो लोक- पतिर्लोक-चक्षुरपार-धीः।

धीर-धीर्बुद्ध- सन्मार्गः शुद्धः सूनृत-पूतवाक् ॥ 9 ॥
प्रज्ञा-पारमितः प्राज्ञो यतिर्नियमितेन्द्रियः ।
भदन्तो भद्रकृद् भद्रः कल्प-वृक्षो वर-प्रदः ॥ 10 ॥
समुन्मूलित-कर्मारिः कर्म-काष्ठाशुशुक्षणिः ।
कर्मण्यः कर्मठः प्रांशुर्हेयादेय-विचक्षणः ॥ 11 ॥
अनन्त - शक्तिरच्छेद्यस्त्रिपुरारि - स्त्रिलोचनः ।
त्रि-नेत्रस्त्र्यम्बकस्त्र्यक्षः केवल-ज्ञान-वीक्षणः ॥ 12 ॥
समन्तभद्रः शान्तारिर्धर्माचार्यो दया-निधिः ।
सूक्ष्मदर्शी जितानङ्गः कृपालुर्धर्म-देशकः ॥ 13 ॥
शुभंयुः सुखसाद्भूतः पुण्य - राशिरनामयः ।
धर्मपालो जगत्पालो धर्म-साम्राज्य-नायकः ॥ 14 ॥

॥ इति दिग्वासाद्यष्टोत्तरशतम् ॥ 10 ॥

## उपसंहार

धाम्नांपते! तवामूनि नामान्यागम - कोविदैः ।
समुच्चितान्यनुध्यायन्पुमान्पूतस्मृतिर्भवेत् ॥ 1 ॥
गोचरोऽपि गिरामासां त्वमवाग्गोचरो मतः ।
स्तोता तथाप्यसंदिग्धं त्वत्तोऽभीष्ट-फलं भजेत् ॥ 2 ॥
त्वमतोऽसि जगद्बन्धुस्त्वमतोऽसि जगद्भिषक् ।
त्वमतोऽसि जगद्धाता त्वमतोऽसि जगद्धितः ॥ 3 ॥
त्वमेकं जगतां ज्योतिस्त्वं द्वि-रूपोपयोगभाक् ।
त्वं त्रिरूपैक-मुक्त्यङ्गं स्वोत्थानन्त-चतुष्टयः ॥ 4 ॥
त्वं पञ्च-ब्रह्म-तत्त्वात्मा पञ्च-कल्याण-नायकः ।
षड्भेद-भाव-तत्त्वज्ञस्त्वं सप्त-नय-संग्रहः ॥ 5 ॥

दिव्याष्ट- गुण - मूर्तिस्त्वं नव - केवल - लब्धिकः।
दशावतार-निर्धार्यो मां पाहि परमेश्वर!॥ 6॥
युष्मन्नामावली - दृब्ध - विलसत्स्तोत्र-मालया।
भवन्तं वरिवस्यामः प्रसीदानुगृहाण नः॥ 7॥
इदं स्तोत्रमनुस्मृत्य पूतो भवति भाक्तिकः।
यः संपाठं पठत्येनं स स्यात्कल्याण-भाजनम्॥ 8॥
ततः सदेदं पुण्यार्थी पुमान् पठतु पुण्यधीः।
पौरुहूतीं श्रियं प्राप्तुं परमामभिलाषुकः॥ 9॥
स्तुत्वेति मघवा देवं चराचर - जगद्गुरुम्।
ततस्तीर्थविहारस्य व्यधात्प्रस्तावनामिमाम्॥ 10॥
स्तुतिः पुण्यगुणोत्कीर्तिः स्तोता भव्यः प्रसन्नधीः।
निष्ठितार्थो भवान् स्तुत्यः फलं नैःश्रेयसं सुखम्॥ 11॥

## शार्दूलविक्रीडितम्

यः स्तुत्यो जगतां त्रयस्य न पुनः स्तोता स्वयं कस्यचित्,
ध्येयो योगिजनस्य यश्च नतरां ध्याता स्वयं कस्यचित्।
यो नन्तॄन् नयते नमस्कृतिमलं नन्तव्य-पक्षेक्षणः,
स श्रीमान् जगतां त्रयस्य च गुरुर्देवः पुरुःपावनः॥ 12॥
तं देवं त्रिदशाधिपार्चित - पदं घाति - क्षयानन्तरम्,
प्रोत्थानन्त-चतुष्टयं जिनमिनं भव्याब्जिनीनामिनम्।
मानस्तम्भ-विलोकनानत-जगन्मान्यं त्रिलोकी-पतिम्,
प्राप्ताचिन्त्य-बहिर्विभूतिमनघं भक्त्या प्रवन्दामहे॥ 13॥
॥ इति श्रीभगवज्जिनाष्टोतर सहस्त्रनामस्तोत्रम् समाप्तम्॥

● ● ●

# 9. चौबीस तीर्थङ्कर स्तुति

येन स्वयं बोधमयेन लोका, आश्वासिताः केचन वित्तकार्ये।
प्रबोधिताः केचन मोक्षमार्गे, तमादिनाथं प्रणमामि नित्यम्॥ 1॥
इन्द्रादिभिः क्षीरसमुद्र - तोयैः, संस्नापितो मेरुगिरौ जिनेन्द्रः।
यः कामजेता जन-सौख्यकारी, तं शुद्ध-भावादजितं नमामि॥ 2॥
ध्यान-प्रबन्ध-प्रभवेन येन, निहत्य कर्म-प्रकृतीः समस्ताः।
मुक्ति-स्वरूपा-पदवीं प्रपेदे, तं संभवं नौमि महानुरागात्॥ 3॥
स्वप्ने यदीया जननी क्षपायां, गजादि-वह्नयन्तमिदं ददर्श।
यत्तात इत्याह गुरुः परोऽयं, नौमि प्रमोदादभिनन्दनं तम्॥ 4॥
कुवादि-वादं जयता महान्तं, नय-प्रमाणैर्वचनै र्जगत्सु।
जैनं मतं विस्तरितं च येन, तं देव-देवं सुमतिं नमामि॥ 5॥
यस्यावतारे सति पितृधिष्ण्ये, ववर्ष रत्नानि हरे र्निदेशात्।
धनाधिपः षण्णव-मासपूर्वं, पद्मप्रभं तं प्रणमामि साधुम्॥ 6॥
नरेन्द्र - सर्पेश्वर - नाकनाथै, र्वाणी भवन्ती जगृहे स्वचित्ते।
यस्यात्मबोधः प्रथितः सभाया, महं सुपार्श्वं ननु तं नमामि॥ 7॥
सत्प्रातिहार्यातिशय - प्रपन्नो, गुण-प्रवीणो हत-दोष-संगः।
यो लोक-मोहान्धतमः प्रदीपः, चन्द्रप्रभं तं प्रणमामि भावात्॥ 8॥
गुप्तित्रयं पञ्च-महाव्रतानि, पञ्चोपदिष्टाः समितिश्च येन।
बभाण यो द्वादशधा तपांसि, तं पुष्पदंतं प्रणमामि देवम्॥ 9॥
ब्रह्म - व्रतान्तो जिननायकेनोत्तम, क्षमादि र्दशधापि धर्मः।
येन प्रयुक्तो व्रत-बन्ध-बुद्धया, तं शीतलं तीर्थकरं नमामि॥ 10॥
गणे जनानंदकरे धरान्ते, विध्वस्त-कोपे प्रशमैक चित्ते।

यो द्वादशाङ्ग -श्रुतमादिदेश, श्रेयांसमानौमि जिनं तमीशम्॥ 11॥
मुक्त्यङ्गनाया रचिता विशाला, रत्नत्रयी - शेखरता च येन।
यत्कण्ठमासाद्य बभूव श्रेष्ठा, तं वासुपूज्यं प्रणमामि वेगात्॥ 12॥
ज्ञानी विवेकी परमस्वरूपी, ध्यानी व्रती प्राणि-हितोपदेशी।
मिथ्यात्वघाती शिवसौख्यभोजी, बभूव यस्तं विमलं नमामि॥ 13॥
आभ्यन्तरं बाह्यमनेकधा यः, परिग्रहं सर्वमपाचकार।
यो मार्ग- मुद्दिश्य हितं जनानां, वन्दे जिनं तं प्रणमाम्यनन्तम्॥ 14॥
सार्द्धं पदार्था नव सप्त-तत्त्वैः, पञ्चास्तिकायाश्च न कालकायाः।
षड्द्रव्यनिर्णीति रलोकयुक्तिर्ये, नोदिता तं प्रणमामि धर्मम्॥ 15॥
यः चक्रवर्ती भुवि पञ्चमोऽ, भू,च्छ्रीनन्दनो द्वादशको गुणानाम्।
निधि-प्रभुः षोडशको जिनेन्द्रस्तं, शांतिनाथं प्रणमामिभेदात्॥ 16॥
प्रशंसितो यो न बिभर्ति हर्षं, विरोधितो यो न करोति रोषम्।
शील व्रताद् ब्रह्मपदं गतो यस्तं, कुन्थुनाथं प्रणमामि हर्षात्॥ 17॥
न संस्तुतो न प्रणतः सभायां यः, सेवितोऽन्तर्गणपूरणाय।
पदाच्युतैः केवलिभि र्जिनस्य, देवाधिदेवं प्रणमाम्यरं तम॥ 18॥
रत्नत्रयं पूर्व - भवान्तरे यो व्रतं पवित्रं कृतवान-शेषम्।
कायेन वाचा मनसा विशुद्ध्या, तं मल्लिनाथं प्रणमामि भक्त्या॥ 19॥
ब्रुवन्नमः सिद्ध-पदाय वाक्यमित्य-ग्रहीद्यः स्वयमेव लोचम्।
लौकान्तिकेभ्यः स्तवनं निशम्य, वन्दे जिनेशं मुनिसुव्रतं तम्॥ 20॥
विद्यावते तीर्थकराय तस्मादाहार - दानं ददतो विशेषात्।
गृहे नृपस्याजनि रत्नवृष्टिः, स्तौमि प्रणामान्नयतो नमिं तम्॥ 21॥
राजीमतीं यः प्रविहाय मोक्षे, स्थितिं चकारापुनरागमाय।
सर्वेषु जीवेषु दयां दधानस्तं,- नेमिनाथं प्रणमामि भक्त्या॥ 22॥

सर्पाधिराजः कमठारितो यै ध्यानस्थितस्यैव फणावितानैः।
यस्योपसर्गं निरवर्तयत्तं, नमामि पार्श्वं महतादरेण॥ 23॥
भवार्णवे जन्तु - समूह - मेनमाकर्षयामास हि धर्म-पोतात्।
मज्जन्तमुद्वीक्ष्य य एनसापि, श्री-वर्द्धमानं प्रणमाम्यहं तम्॥ 24॥
यो धर्मं दशधा करोति पुरुषः, स्त्री वा कृतोपस्कृतं,
सर्वज्ञ-ध्वनि - संभवं त्रिकरण, - व्यापार शुद्धध्यानिशम्।
भव्यानां जयमालया विमलया, पुष्पाञ्जलिं दापयन्,
नित्यं स श्रियमातनोति सकलां स्वर्गापवर्ग-स्थितिम्॥ 25॥

● ● ●

## 10. अपनी भावना

( दिनरात मेरे.... )

जिनवर हमारे नेता, जिनवाणी सच्ची माता।
गुरुदेव ही हमारे, सन्मार्ग के प्रदाता॥ 1॥
अरहंत मेरे मस्तक, आगम हों मेरे चक्षु।
साधु हों मम हृदय में, बन पायें हम मुमुक्षु॥ 2॥
श्रुत देव गुरु भक्ति, त्रय रत्न की हो शक्ति।
अध्यात्म की हो युक्ति, मंजिल मिलेगी मुक्ति॥ 3॥
गुरुवर के बोल लगते, ज्यों कुन्दकुन्द वाणी।
लख उनकी वीर चर्या, तिरे लाखों भव्य प्राणी॥ 4॥
कर्त्तव्य निष्ठ जीवन, उपकारी हो ये तन मन।
श्रद्धा सहित हो चिंतन, बने कर्म मुक्त चेतन॥ 5॥
साधर्मी सब हमारे, बचपन हो या जवानी।
मुक्ती का राज पाने, भव रोग को नशाए॥ 6॥

# भावना

## 1. मेरी-भावना

जिसने रागद्वेष कामादिक जीते सब जग जान लिया।
सब जीवों को मोक्षमार्ग का निस्पृह हो उपदेश दिया॥
बुद्ध, वीर, जिन, हरि, हर, ब्रह्मा या उसको स्वाधीन कहो।
भक्ति भाव से प्रेरित हो यह चित्त उसी में लीन रहो॥ 1॥
विषयों की आशा नहिं, जिनके साम्य भाव धन रखते हैं।
निज पर के हित साधन में जो, निशदिन तत्पर रहते हैं।
स्वार्थ त्याग की कठिन तपस्या, बिना खेद जो करते हैं।
ऐसे ज्ञानी साधु जगत के, दुख समूह को हरते हैं॥ 2॥
रहे सदा सत्संग उन्हीं का, ध्यान उन्हीं का नित्य रहे।
उन्हीं जैसी चर्या में यह, चित्त सदा अनुरक्त रहे॥
नहीं सताऊँ किसी जीव को, झूठ कभी नहीं कहा करूँ।
परधन वनिता पर न लुभाऊँ, संतोषामृत पिया करूँ॥ 3॥
अहंकार का भाव न रक्खूं, नहीं किसी पर क्रोध करूँ।
देख दूसरों की बढ़ती को, कभी न ईर्ष्या-भाव धरूँ॥
रहे भावना ऐसी मेरी, सरल सत्य व्यवहार करूँ।
बने जहाँ तक इस जीवन में, औरों का उपकार करूं॥ 4॥
मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे।
दीन - दुखी जीवों पर मेरे उर से करुणा स्त्रोत बहे॥
दुर्जन क्रूर - कुमार्ग रतों पर, क्षोभ नहीं मुझको आवे।
साम्यभाव रक्खूँ मैं उन पर, ऐसी परिणति हो जावे॥ 5॥
गुणीजनों को देख हृदय में, मेरे प्रेम उमड़ आवे।
बने जहाँ तक उनकी सेवा, करके यह मन सुख पावे॥

होऊँ नहीं कृतघ्न कभी मैं, द्रोह न मेरे उर आवे।
गुण ग्रहण का भाव रहे नित, दृष्टि न दोषों पर जावे॥ 6॥
कोई बुरा कहो या अच्छा, लक्ष्मी आवे या जावे।
लाखों वर्षों तक जीऊं या, मृत्यु आज ही आ जावे॥
अथवा कोई कैसा ही भय, या लालच देने आवे।
तो भी न्याय-मार्ग से मेरा, कभी न पग डिगने पावे॥ 7॥
होकर सुख में मग्न न फूलै दुख में कभी न घबरावे।
पर्वत नदी श्मशान-भयानक, अटवी से नहिं भय खावे॥
रहे अडोल - अकम्प निरन्तर, यह मन दृढ़तर बन जावे।
इष्टवियोग अनिष्टयोग में, सहनशीलता दिखलावे॥ 8॥
सुखी रहें सब जीव जगत के, कोई कभी न घबरावे।
बैर - पाप अभिमान छोड़ जग, नित्य नये मंगल गावे॥
घर-घर चर्चा रहे धर्म की, दुष्कृत-दुष्कर हो जावे।
ज्ञानचरित उन्नत कर अपना, मनुजजन्म फल सब पावे॥ 9॥
ईति-भीति व्यापे नहिं जग में, वृष्टि समय पर हुआ करे,
धर्म-निष्ठ होकर राजा भी, न्याय प्रजा का किया करे।
रोग - मरी - दुर्भिक्ष न फैले, प्रजा शान्ति से जिया करे।
परम अहिंसा धर्म जगत में, फैल सर्वहित किया करे॥ 10॥
फैले प्रेम परस्पर जग में, मोह दूर ही रहा करे।
अप्रिय-कटुक-कठोर शब्द नहिं, कोई मुख से कहा करे॥
बनकर सब 'युगवीर' हृदय से, देशोन्नति रत रहा करे।
वस्तु स्वरूप विचार खुशी से, सब दुख संकट सहा करे॥11॥

● ● ●

## 2. बारह भावना

राजा राणा छत्रपति, हाथिन के असवार।
मरना सबको एक दिन, अपनी-अपनी बार॥
दल बल देवी देवता, मात-पिता परिवार।
मरती बिरियां जीव को, कोऊ न राखन हार॥
दाम बिना निर्धन दुखी, तृष्णा वश धनवान।
कबहूँ न सुख संसार में, सब जग देख्यो छान॥
आप अकेला अवतरे, मरे अकेला होय।
यो कबहूँ इस जीव को, साथी सगा न कोय॥
जहाँ देह अपनी नहीं, तहां न अपना कोय।
घर सम्पत्ति पर प्रगट ये, पर हैं परिजन लोय॥
दिपै चाम-चादर मढ़ी, हाड़ पींजरा देह।
भीतर या सम जगत में, और नहीं घिन गेह॥
मोह नींद के जोर, जगवासी घूमें सदा।
कर्म चोर चहुं ओर, सरवस लूटैं सुध नहीं॥
सतगुरु देय जगाय, मोहनींद जब उपशमैं।
तब कछु बनहिं उपाय, कर्म चोर आवत रुकैं॥
ज्ञान-दीप तप-तेल भर, घर शोधै भ्रम छोर।
या विधि बिन निकसैं नहीं, बैठे पूरब चोर॥
पंच महाव्रत संचरण, समिति पंच परकार।
प्रबल पंच इन्द्रिय विजय, धार निर्जरा सार॥
चौदह राजु उतंग नभ, लोक पुरुष संठान।
तामें जीव अनादि तैं, भरमत हैं बिन ज्ञान॥
धन कन कंचन राजसुख, सबहि सुलभकर जान।
दुर्लभ है संसार में, एक जथारथ ज्ञान॥

जांचे सुर-तरु देय सुख, चिन्तत चिन्ता रैन।
बिन जांचे बिन चिन्तये, धर्म सकल सुख दैन॥

●●●

## 3. बारह भावना

वंदूँ श्री अरहंत - पद, वीतराग विज्ञान।
वरणूँ बारह भावना, जग जीवन हित जान॥ 1 ॥
कहाँ गये चक्री जिन जीता, भरत खण्ड सारा।
कहाँ गये वह राम-रु-लक्ष्मण, जिन रावण मारा॥
कहाँ कृष्ण रुक्मिणी सतभामा, अरु संपति सगरी।
कहाँ गये वह रंगमहल अरु, सुवरन की नगरी॥ 2 ॥
नहीं रहे वह लोभी कौरव, जूझ मरे रन में।
गये राज तज पांडव वन को, अगनि लगी तन में॥
मोह- नींद से उठ रे चेतन, तुझे जगावन को।
हो दयाल उपदेश करैं, गुरु बारह भावन को॥ 3 ॥

### 1. अनित्य भावना

सूरज चाँद छिपै निकलै ॠतु, फिर फिर कर आवै।
प्यारी आयु ऐसी बीतै, पता नहीं पावै॥
पर्वत-पतित-नदी-सरिता-जल, बहकर नहिं हटता।
स्वास चलत यों घटै काठ ज्यों, आरे सों कटता॥ 4 ॥
ओस - बूंद ज्यों गले धूप में, वा अंजुलि पानी।
छिन-छिन यौवन छीन होत है, क्या समझै प्रानी॥
इंद्रजाल आकाश नगर सम, जग-संपति सारी।
अथिर रूप संसार विचारो, सब नर अरु नारी॥ 5 ॥

## 2. अशरण भावना

काल - सिंह ने मृग - चेतन को घेरा भव वन में।
नहीं बचावन - हारा कोई, यों समझो मन में॥
मंत्र यंत्र सेना धन संपति, राज पाट छूटे।
वश नहिं चलता काल लुटेरा, काय नगरि लूटे॥ 6 ॥
चक्ररत्न हलधर सा भाई, काम नहीं आया।
एक तीर के लगत कृष्ण की विनश गई काया॥
देव धर्म गुरु शरण जगत में, और नहीं कोई।
भ्रम से फिरै भटकता चेतन, यूं ही उमर खोई॥ 7 ॥

## 3. संसार भावना

जनम-मरन अरु जरा- रोग से, सदा दुःखी रहता।
द्रव्य क्षेत्र अरु काल भाव भव-परिवर्तन सहता॥
छेदन भेदन नरक पशूगति, वध बंधन सहना।
राग-उदय से दुःख सुर गति में, कहाँ सुखी रहना॥ 8 ॥
भोगि पुण्य फल हो इक इंद्री, क्या इसमें लाली।
कुतवाली दिनचार वही फिर, खुरपा अरु जाली॥
मानुष-जन्म अनेक विपतिमय, कहीं न सुख देखा।
पंचम गति सुख मिले शुभाशुभ को मेटो लेखा॥ 9 ॥

## 4. एकत्व भावना

जन्मै मरै अकेला चेतन, सुख-दुख का भोगी।
और किसी का क्या इक दिन, यह देह जुदी होगी॥
कमला चलत न पैंड जाय, मरघट तक परिवारा।
अपने अपने सुख को रोवैं, पिता पुत्र दारा॥ 10 ॥
ज्यों मेले में पंथी जन मिल नेह फिरैं धरते।
ज्यों तरुवर पै रैन बसेरा पंछी आ करते॥

कोस कोई दो कोस कोई उड़ फिर थक-थक हारै।
जाय अकेला हंस संग में, कोई न पर मारै॥ 11॥

### 5. अन्यत्व भावना

मोह-रूप मृग-तृष्णा जग में, मिथ्या जल चमकै।
मृग चेतन नित भ्रम में उठ उठ, दौड़े थक थककै॥
जल नहिं पावै प्राण गमावे, भटक भटक मरता।
वस्तु पराई माने अपनी, भेद नहीं करता॥ 12॥
तू चेतन अरु देह अचेतन, यह जड़ तू ज्ञानी।
मिले-अनादि यतन तैं बिछुड़ै, ज्यों पय अरु पानी॥
रूप तुम्हारा सबसों न्यारा, भेद ज्ञान करना।
जौ लों पौरुष थकै न तौ लों उद्यम सों चरना॥ 13॥

### 6. अशुचि भावना

तू नित पोखै यह सूखे ज्यों, धोवै त्यों मैली।
निश दिन करे उपाय देह का, रोग- दशा फैली॥
मात- पिता- रज- वीरज मिलकर, बनी देह तेरी।
मांस हाड़ नश लहू राध की, प्रगट व्याधि घेरी॥ 14॥
काना पौंडा पड़ा हाथ यह चूसै तो रोवै।
फलै अनंत जु धर्म ध्यान की, भूमि-विषै बोवै॥
केसर चंदन पुष्प सुगन्धित, वस्तु देख सारी।
देह परसते होय, अपावन निशदिन मल झारी॥ 15॥

### 7. आस्रव भावना

ज्यों सर-जल आवत मोरी त्यों, आस्रव कर्मन को।
दर्वित जीव प्रदेश गहै जब पुद्गल भरमन को॥
भावित आस्रव भाव शुभाशुभ, निशदिन चेतन को।
पाप पुण्य के दोनों करता, कारण बन्धन को॥ 16॥

पन-मिथ्यात योग- पन्द्रह द्वादश- अविरत जानो।
पंच रु बीस कषाय मिले सब, सत्तावन मानो॥
मोह - भाव की ममता टारै, पर परिणति खोते।
करै मोक्ष का यतन निरास्रव, ज्ञानी जन होते॥ 17॥

8. संवर भावना

ज्यों मोरी में डाट लगावै, तब जल रुक जाता।
त्यों आस्रव को रोकै संवर, क्यों नहिं मन लाता॥
पंच महाव्रत समिति गुप्तिकर वचन काय मन को।
दशविध-धर्म परीषह-बाईस, बारह भावनको॥ 18॥
यह सब भाव सत्तावन मिलकर, आस्रव को खोते।
सुपन दशा से जागो चेतन, कहाँ पड़े सोते॥
भाव शुभाशुभ रहित शुद्ध - भावन - संवर भावै।
डाट लगत यह नाव पड़ी मझधार पार जावै॥ 19॥

9. निर्जरा भावना

ज्यों सरवर जल रुका सूखता, तपन पड़ै भारी।
संवर रोकै कर्म निर्जरा, ह्वै सोखन हारी॥
उदय-भोग सविपाक-समय, पक जाय आम डाली।
दूजी है अविपाक पकावै, पालविषै माली॥ 20॥
पहली सबके होय नहीं, कुछ सरै काम तेरा।
दूजी करै जू उद्यम करकै, मिटे जगत फेरा॥
संवर सहित करो तप प्रानी, मिलै मुकत रानी।
इस दुलहिन की यही सहेली, जानै सब ज्ञानी॥ 21॥

10. लोक भावना

लोक अलोक आकाश माहिं थिर, निराधार जानो।
पुरुषरूप कर - कटी भये षट, द्रव्यन सों मानो॥

इसका कोई न करता हरता, अमिट अनादी है।
जीवरु पुद्गल नाचै यामैं, कर्म उपाधी है॥ 22॥
पाप पुण्य सों जीव जगत में, नित सुख दुःख भरता।
अपनी करनी आप भरै सिर, औरन के धरता॥
मोह कर्म को नाश, मेटकर सब जग की आसा।
निज पद में थिर होय लोक के, शीश करो वासा॥ 23॥

11. बोधि-दुर्लभ भावना

दुर्लभ है निगोद से थावर, अरु त्रस गति पानी।
नरकाया को सुरपति तरसै सो दुर्लभ प्रानी॥
उत्तम देश सुसंगति दुर्लभ, श्रावक कुल पाना।
दुर्लभ सम्यक दुर्लभ संयम, पंचम गुणठाना॥ 24॥
दुर्लभ रत्नत्रय आराधन दीक्षा का धरना।
दुर्लभ मुनिवर के व्रत पालन, शुद्ध भाव करना॥
दुर्लभ से दुर्लभ है चेतन, बोधि ज्ञान पावै।
पाकर केवलज्ञान नहीं फिर, इस भव में आवे॥ 25॥

12. धर्म भावना

धर्म अहिंसा परमो धर्मः ही सच्चा जानो।
जो पर को दुख दे, सुख माने, उसे पतित मानो॥
राग द्वेष मद मोह घटा आतम रुचि प्रकटावे।
धर्म-पोत पर चढ़ प्राणी भव-सिन्धु पार जावे॥ 26॥
वीतराग सर्वज्ञ दोष बिन, श्रीजिन की वानी।
सप्त तत्त्व का वर्णन जा में, सबको सुखदानी॥
इनका चिंतवन बार - बार कर, श्रद्धा उर धरना।
'मंगत' इसी जतनतैं इकदिन, भव-सागर-तरना॥ 27॥

## 4. आलोचना-पाठ

वंदौं पांचों परम गुरु, चौबीसों जिनराज।
करूँ शुद्ध आलोचना, शुद्धिकरण के काज॥
सुनिये जिन अरज हमारी, हम दोष किये अति भारी।
तिनकी अब निर्वृत्ति काजा, तुम सरन लही जिनराजा॥
इक वे ते चउ इन्द्री वा, मनरहित-सहित जे जीवा।
तिनकी नहिं करुणा धारी, निरदइ ह्वै घात विचारी॥
समरंभ समारंभ आरंभ, मन वच तन कीने प्रारंभ।
कृत कारित मोदन करिकै, क्रोधादि चतुष्टय धरिकै॥
शत आठ जु इमि भेदन तैं, अघ कीने परिछेदन तैं।
तिनकी कहुं कोलों कहानी, तुम जानत केवलज्ञानी॥
विपरीत एकांत विनय के, संशय अज्ञान कुनय के।
वश होय घोर अघ कीने, वचतैं नहिं जाय कहीने॥
कुगुरुन की सेवा कीनी, केवल अदयाकरि भीनी।
या विधि मिथ्यात बढ़ायो, चहुंगतिमधिदोष उपायो॥
हिंसा पुनि झूठ जु चोरी, परवनिता सों दृगजोरी।
आरंभ परिग्रह भीनो, पन पाप जु या विधि कीनो।।
सपरस रसना घ्राननको, चखु कान विषय-सेवनको।
बहु करम किये मनमाने, कछु न्याय अन्याय न जाने॥
फल पंच उदम्बर खाये, मधु मांस मद्य चित चाये।
नहिं अष्ट मूलगुण धारे, विसयन सेये दुखकारे॥
दुइबीस अभख जिन गाये, सो भी निशदिन भुंजाये।
कछु भेदाभेद न पायो, ज्यों-त्यों करि उदर भरायो॥
अनंतानुबंधी जु जानो, प्रत्याख्यान अप्रत्याख्यानो।

संज्वलन चौकड़ी गुनिये, सब भेद जु षोडश गुनिये॥
परिहास अरति रति शोग, भय ग्लानि तिवेद संयोग।
पनवीस जु भेद भये इम, इनके वश पाप किये हम॥
निद्रावश शयन कराई, सुपने मधि दोष लगाई।
फिर जागि विषय-वनधायो, नानाविध विष-फल खायो॥
आहार विहार निहारा, इनमें नहिं जतन विचारा।
बिन देखी धरी उठाई, बिन सोधी वस्तु जु खाई॥
तब ही परमाद सतायो, बहुविधि विकलप उपजायो।
कछु सुधि बुधि नाहिं रही है, मिथ्यामति छाय गयी है॥
मरजादा तुम ढिंग लीनी, ताहू में दोस जु कीनी।
भिनभिन अब कैसे कहिये, तुम ज्ञानविषैं सब पइये॥
हा हा! मैं दुठ अपराधी, त्रसजीवन राशि विराधी।
थावर की जतन न कीनी, उरमें करुना नहिं लीनी॥
पृथिवी बहु खोद कराई, महलादिक जागां चिनाई।
पुनि बिनगाल्यो जलढोल्यो, पंखातैं पवन बिलोल्यो॥
हा हा! मैं अदयाचारी, बहु हरितकाय जु विदारी।
तामधि जीवन के खंदा, हम खाये धरि आनंदा॥
हा हा! परमाद बसाई, बिन देखे अगनि जलाई।
तामधि जे जीव जु आये, ते हू परलोक सिधाये॥
बींध्यो अन राति पिसायो, ईंधन बिन-सोधि जलायो।
झाडू ले जागां बुहारी, चिंवटाऽदिक जीव बिदारी॥
जल छानि जिवानी कीनी, सो हू पुनि-डारि जु दीनी॥
नहिं जल-थानक पहुँचाई, किरिया बिन पाप उपाई॥
जलमल मोरिन गिरवायो, कृमिकुल बहुघात करायो।

नदियन बिच चीर धुवाये, कोसन के जीव मराये॥
अन्नादिक शोध कराई, तामें जु जीव निसराई।
तिनका नहिं जतन कराया, गलियारैं धूप डराया॥
पुनि द्रव्य कमावन काजे, बहु आरंभ हिंसा साजे।
किये तिसनावश अघ भारी, करुना नहिं रंच विचारी॥
इत्यादिक पाप अनंता, हम कीने श्री भगवंता।
संतति चिरकाल उपाई, व ानी तैं कहिय न जाई॥
ताको जु उदय अब आयो, नानाविध मोहि सतायो।
फल भुँजत जिय दुख पावै, वचतैं कैसें करि गावै॥
तुम जानत केवलज्ञानी, दुख दूर करो शिवथानी।
हम तो तुम शरण लही है जिन तारन विरद सही है॥
इक गांवपती जो होवे, सो भी दुखिया दुख खोवै।
तुम तीन भुवन के स्वामी, दुख मेटहु अन्तरजामी॥
द्रोपदिको चीर बढ़ायो, सीता प्रति कमल रचायो।
अंजन से किये अकामी, दुख मेटो अन्तरजामी॥
मेरे अवगुन न चितारो, प्रभु अपनो विरद सम्हारो।
सब दोषरहित करि स्वामी, दुख मेटहु अन्तरजामी॥
इंद्रादिक पद नहिं चाहूँ, विषयनि में नाहिं लुभाऊं।
रागादिक दोष हरीजे, परमातम निजपद दीजे॥

दोष रहित जिनदेवजी, निजपद दीज्यो मोय।
सब जीवन के सुख बढ़ै, आनंद-मंगल होय॥
अनुभव माणिक पारखी, 'जौहरी' आप जिनन्द।
ये ही वर मोहि दीजिये, चरन-शरन आनन्द॥

# 5. निर्वाण काण्ड

वीतराग वन्दौं सदा, भाव सहित सिरनाय।
कहूँ काण्ड निर्वाण की, भाषा सुगम बनाय॥ 1॥

अष्टापद आदीश्वर स्वामि, वासुपूज्य चम्पापुरि नामि।
नेमिनाथ स्वामी गिरनार, वन्दो भाव-भगति उर धार॥ 2॥
चरम तीर्थंकर चरम - शरीर, पावापुरि स्वामी महावीर।
शिखरसम्मेद जिनेसुर बीस, भावसहित वन्दौं निश-दीस॥ 3॥
वरदत्तराय रु इन्द मुनिन्द, सायरदत्त आदि गुणवृन्द।
नगर तारवर मुनि उठकोडि, वन्दौं भावसहित कर जोड़ि॥ 4॥
श्रीगिरनार शिखर विख्यात, कोडि बहत्तर अरु सौ सात।
शम्बु प्रद्युम्न कुमार द्वैभाय, अनिरुद्ध आदि नमूं तसु पाय॥ 5॥
रामचन्द्र के सुत द्वै वीर, लाडनरिन्द आदि गुणधीर।
पाँच कोडि मुनि मुक्ति मँझार, पावागिरी वन्दौं निरधार॥ 6॥
पाण्डव तीन द्रविड-राजान, आठ कोडि मुनि मुकति पयान।
श्री शत्रुंजयगिरि के सीस, भावसहित वन्दौं निश-दीस॥ 7॥
जे बलभद्र मुकति में गये, आठ कोडि मुनि औरहु भये।
श्रीगजपन्थ शिखर-सुविशाल, तिनके-चरण नमूँ तिहूँ काल॥ 8॥
राम हनू सुग्रीव सुडील, गवय गवाख्य नील महानील।
कोडि निन्यानवै मुक्तिपयान, तुंगीगिरिवन्दौं धरि ध्यान॥ 9॥
नंग अनंग कुमार सुजान, पाँच कोडि अरु अर्ध प्रमान।
मुक्ति गये सोनागिरि शीश, ते वन्दौं त्रिभुवनपति ईस॥ 10॥
रावण के सुत आदिकुमार, मुक्ति गये रेवा-तट सार।
कोटि पंच अरु लाख पचास, ते वन्दौं धरि परम हुलास॥ 11॥
रेवानदी सिद्धवर कूट, पश्चिम दिशा देह जहँ छूट।

द्वै चक्री दश कामकुमार, ऊठकोडि वन्दौं भव पार॥ 12॥
बडवानी बडनयन सुचंग, दक्षिण दिशि गिरि चूल उतंग।
इन्द्रजीत अरु कुम्भ जु कर्ण, ते वन्दौं भव-सागर-तर्ण॥ 13॥
सुवरण भद्र आदि मुनि चार, पावागिरि-वर शिखर-मँझार।
चेलना नदी-तीर के पास, मुक्ति गये वन्दौं नित तास॥ 14॥
फलहोड़ी बड़गाम अनूप, पच्छिम दिशा द्रोणगिरि रूप।
गुरुदत्तादि-मुनीसुर जहाँ, मुक्ति गये वन्दौं नित तहाँ॥ 15॥
बाल महाबाल मुनि दोय, नागकुमार मिले त्रय होय।
श्रीअष्टापद मुक्ति मँझार, ते वन्दौं नित सुरत सँभार॥16॥
अचलापुर की दिशा ईसान, तहाँ मेढगिरि नाम प्रधान।
साढ़े तीन कोडि मुनिराय, तिनके चरण नमूँ चित लाय॥ 17॥
वंशस्थल वन के ढिग होय, पश्चिम दिशा कुन्थुगिरि सोय।
कुलभूषणदिशभूषण नाम, तिनके चरणनि करुँ प्रणाम॥ 18॥
जसरथ राजा के सुत कहे, देश कलिंग पाँच सौ लहे।
कोटिशिला मुनि कोटि प्रमान, वन्दन करुँ जोरि जुगपान॥ 19॥
समवसरण श्रीपार्श्व - जिनन्द, रेसिन्दीगिरी नयनानन्द।
वरदत्तादि पंच ऋषिराज, ते वन्दौं नित धरम-जिहाज॥ 20॥
मथुरापुर पवित्र उद्यान, जम्बूस्वामी गये निर्वाण।
चरमकेवली पंचमकाल, ते वन्दौं नित दीनदयाल॥ 21॥
तीन लोक के तीरथ जहाँ, नित प्रति वन्दन कीजै तहाँ।
मनवचकायसहितसिरनाय, वन्दन करहिं भविकगुणगाय॥22॥
संवत सतरह सौ इकताल, आश्विन सुदि दशमी सुविशाल।
'भैया' वन्दनकरहिंत्रिकाल, जयनिर्वाणकाण्डगुणमाल॥23॥

● ● ●

## 6. वैराग्य भावना

बीज राख फल भोगवै, ज्यों किसान जग माहिं।
त्यों चक्री नृप सुख करै, धर्म बिसारै नाहिं॥ 1॥

इह विधि राज करै नरनायक, भोगे पुण्य विशालो।
सुख सागर में रमत निरन्तर, जात न जान्यो कालो॥
एक दिवस शुभ कर्म - संजोगे, क्षेमंकर मुनि वंदे।
देखि शिरीगुरु के पदपंकज, लोचन अलि आनन्दे॥ 2॥

तीन प्रदच्छन दे सिर नायो, करि पूजा थुति कीनी।
साधु-समीप विनय कर बैठ्यो, चरनन में दिठि दीनी॥
गुरु उपदेश्यो धरम - शिरोमणि, सुन राजा वैरागे।
राजरमा, वनितादिक, जे रस, ते रस बेरस लागे॥ 3॥

मुनि- सूरज कथनी किरणावलि लगत भरम बुधि भागी।
भव-तन-भोग-स्वरूप विचार्यो, परम धरम अनुरागी॥
इह संसार महावन भीतर, भरमत ओर न आवै।
जामन मरन जरा दव दाझै जीव महादुख पावै॥ 4॥

कबहूँ जाय नरक थिति भुंजै, छेदन भेदन भारी।
कबहूँ पशु परजाय धरै तहँ, वधबन्धन भयकारी॥
सुरगति में परसम्पति देखे राग उदय दुख होई।
मानुष योनि अनेक विपतिमय, सर्वसुखी नहिं कोई॥ 5॥

कोई इष्ट वियोगी विलखै, कोई अनिष्ट संयोगी।
कोई दीन - दरिद्री विलखे, कोई तन का रोगी॥

किसही घर कलिहारी नारी, कै बैरी सम भाई।
किसही के दुख बाहिर दीखें, किसही उर दुचिताई॥ 6॥

कोई पुत्र बिना नित झूरै, होय मरै तब रोवै।
खोटी संततिसों दुख उपजै, क्यों प्रानी सुख सोवै॥
पुण्य उदय जिनके तिनके भी नाहिं सदा सुख साता।
यो जगवास जथारथ देखें, सब दीखै दुखदाता॥ 7॥

जो संसार विषैं सुख होता, तीर्थङ्कर क्यों त्यागै।
काहे को शिवसाधन करते, संजमसों अनुरागै॥
देह अपावन अथिर घिनावन, यामें सार न कोई।
सागर के जलसों शुचि कीजे, तो भी शुद्ध न होई॥ 8॥

सात कुधातु भरी मल - मूरत, चर्म लपेटी सोहै।
अन्तर देखत या सम जग में, अवर अपावन को है॥
नव-मल-द्वार स्रवैं निशिवासर, नाम लिये घिन आवै।
व्याधिउपाधि अनेक जहाँतहँ, कौन सुधी सुखपावै॥ 9॥

पोषत तो दुःख दोष करै अति, सोषत सुख उपजावै।
दुर्जन देह स्वभाव बराबर, मूरख प्रीति बढ़ावै॥
राचन-जोग स्वरूप न याको विरचन - जोग सही है।
यह तन पाय महातप कीजे यामें सार यही है॥ 10॥

भोग बुरे भव रोग बढ़ावै, बैरी हैं जग जीके।
बेरस होंय विपाक समय अति, सेवत लागैं नीके॥
वज्र - अगिनि विषसे विषधरसे, ये अधिके दुखदाई।
धर्म-रतन के चोर चपल अति, दुर्गति- पंथ सहाई॥ 11॥

मोह-उदय यह जीव अज्ञानी, भोग भले कर जानै।
ज्यों कोई जन खाय धतूरा, सो सब कंचन माने॥
ज्यों ज्यों भोग संजोग मनोहर, मन-वांछित जन पावै।
तृष्णा नागिन त्यों-त्यों डंके, लहर जहर की आवे॥ 12॥

मैं चक्री पद पाय निरन्तर, भोगे भोग घनेरे।
तौ भी तनिक भये नहिं पूरन, भोग मनोरथ मेरे॥
राजसमाज महा अघ - कारण, बैर बढ़ावन-हारा।
वेश्या सम लछमी अति चंचल, याका कौन पत्यारा॥ 13॥

मोह-महा-रिपु बैर विचार्यो, जग-जिय संकट डारे।
घर - कारागृह वनिता बेड़ी, परिजन जन रखवारे॥
सम्यग्दर्शन ज्ञान चरण तप, ये जियके हितकारी।
ये ही सार असार और सब, यह चक्री चितधारी॥ 14॥

छोड़े चौदह रतन नवों निधि, अरु छोड़े संग साथी।
कोटि अठारह घोड़े छोड़े, चौरासी लख हाथी॥
इत्यादिक संपति बहुतेरी, जीरण-तृण-सम त्यागी।
नीति विचार नियोगी सुतकों, राज दियो बड़भागी॥ 15॥

होय निशल्य अनेक नृपति संग, भूषण वसन उतारे।
श्री गुरु चरण धरी जिनमुद्रा, पंच महाव्रत धारे॥
धनि यह समझ सुबुद्धि जगोत्तम, धनि यह धीरजधारी।
ऐसी सम्पति छोड़ बसे वन, तिन पद धोक हमारी॥ 16॥

दोहा

परिग्रहपोट उतार सब, लीनों चारित पंथ।
निज स्वभाव में थिर भये, वज्रनाभि निरग्रंथ॥

# 7. सामायिक पाठ

प्रेम भाव हो सब जीवों से, गुणीजनों में हर्ष प्रभो।
करुणा स्त्रोत बहे दुखियों पर, दुर्जन में मध्यस्थ विभो॥ 1॥
यह अनन्त बल शील आत्मा, हो शरीर से भिन्न प्रभो।
ज्यों होती तलवार म्यान से, वह अनन्त बल दो मुझको॥ 2॥
सुख दुख बैरी बन्धु वर्ग में, काँच कनक में समता हो।
वन उपवन प्रासाद कुटी में नहीं खेद, नहिं ममता हो॥ 3॥
जिस सुन्दर तम पथ पर चलकर, जीते मोह मान मन्मथ।
वह सुन्दर पथ ही प्रभु मेरा, बना रहे अनुशीलन पथ॥ 4॥
एकेन्द्रिय आदिक प्राणी की यदि मैंने हिंसा की हो।
शुद्ध हृदय से कहता हूँ वह, निष्फल हो दुष्कृत्य विभो॥ 5॥
मोक्ष मार्ग प्रतिकूल प्रवर्तन जो कुछ किया कषायों से।
विपथ गमन सब कालुष मेरे, मिट जावें सद्भावों से॥ 6॥
चतुर वैद्य विष विक्षत करता, त्यों प्रभु मैं भी आदि उपान्त।
अपनी निन्दा आलोचन से करता हूँ पापों को शान्त॥ 7॥
सत्य अहिंसादिक व्रत में भी मैंने हृदय मलीन किया।
व्रत विपरीत प्रवर्तन करके शीलाचरण विलीन किया॥ 8॥
कभी वासना की सरिता का, गहन सलिल मुझ पर छाया।
पी पीकर विषयों की मदिरा मुझ में पागलपन आया॥ 9॥
मैंने छली और मायावी हो, असत्य आचरण किया।
परनिन्दा गाली चुगली जो मुँह पर आया वमन किया॥ 10॥
निरभिमान उज्ज्वल मानस हो, सदा सत्य का ध्यान रहे।
निर्मल जल की सरिता सदृश, हिय में निर्मल ज्ञान बहे॥ 11॥

मुनि चक्री शक्री के हिय में, जिस अनन्त का ध्यान रहे।
गाते वेद पुराण जिसे वह, परम देव मम हृदय रहे॥ 12॥
दर्शन ज्ञान स्वभावी जिसने, सब विकार ही वमन किये।
परम ध्यान गोचर परमातम, परम देव मम हृदय रहे।। 13॥
जो भव दुख का विध्वंसक है, विश्व विलोकी जिसका ज्ञान।
योगी जन के ध्यान गम्य वह, बसे हृदय में देव महान्॥ 14॥
मुक्ति मार्ग का दिग्दर्शक है, जनम मरण से परम अतीत।
निष्कलंक त्रैलोक्य दर्शी वह देव रहे मम हृदय समीप॥ 15॥
निखिल विश्व के वशीकरण वे, राग रहे न द्वेष रहे।
शुद्ध अतीन्द्रिय ज्ञान स्वभावी, परम देव मम हृदय रहे॥ 16॥
देख रहा जो निखिल विश्व को कर्म कलंक विहीन विचित्र।
स्वच्छ विनिर्मल निर्विकार वह देव करें मम हृदय पवित्र॥ 17॥
कर्म कलंक अछूत न जिसको कभी छू सके दिव्य प्रकाश।
मोह तिमिर को भेद चला जो परम शरण मुझको वह आप्त॥ 18॥
जिसकी दिव्य ज्योति के आगे, फीका पड़ता सूर्य प्रकाश।
स्वयं ज्ञानमय स्व पर प्रकाशी, परम शरण मुझको वह आप्त॥ 19॥
जिसके ज्ञान रूप दर्पण में, स्पष्ट झलकते सभी पदार्थ।
आदि अन्तसे रहित शान्तशिव, परम शरण मुझको वह आप्त॥ 20॥
जैसे अग्नि जलाती तरु को, तैसे नष्ट हुए स्वयमेव।
भय विषाद चिन्ता नहीं जिनको, परम शरण मुझको वह देव॥ 21॥
तृण, चौकी, शिल, शैलशिखर नहीं, आत्म समाधि के आसन।
संस्तर, पूजा, संघ-सम्मिलन, नहीं समाधि के साधन॥ 22॥
इष्ट वियोग अनिष्ट योग में, विश्व मनाता है मातम।

हेय सभी हैं विषय वासना, उपादेय निर्मल आतम॥ 23॥
बाह्य जगत कुछ भी नहीं मेरा, और न बाह्य जगत का मैं।
यह निश्चय कर छोड़ बाह्य को, मुक्ति हेतु नित स्वस्थ रमें॥ 24॥
अपनी निधि तो अपने में है, बाह्य वस्तु में व्यर्थ प्रयास।
जग का सुख तो मृग तृष्णा है, झूठे हैं उसके पुरुषार्थ॥ 25॥
अक्षय है शाश्वत है आत्मा, निर्मल ज्ञान स्वभावी है।
जो कुछ बाहर है, सब पर है, कर्माधीन विनाशी है॥ 26॥
तन से जिसका ऐक्य नहीं हो, सुत, तिय, मित्रों से कैसे।
चर्म दूर होने पर तन से, रोम समूह रहे कैसे॥ 27॥
महा कष्ट पाता जो करता, पर पदार्थ, जड़-देह संयोग।
मोक्ष महल का पथ है सीधा, जड़-चेतन का पूर्ण वियोग॥ 28॥
जो संसार पतन के कारण, उन विकल्प जालों को छोड़।
निर्विकल्प निर्द्वन्द आत्मा, फिर-फिर लीन उसी में हो॥ 29॥
स्वयं किये जो कर्म शुभाशुभ, फल निश्चय ही वे देते।
करे आप, फल देय अन्य तो स्वयं किये निष्फल होते॥ 30॥
अपने कर्म सिवाय जीव को, कोई न फल देता कुछ भी।
'पर देता है' यह विचार तज स्थिर हो, छोड़ प्रमादी बुद्धि॥ 31॥
निर्मल, सत्य, शिवं सुन्दर है, 'अमित गति' वह देव महान।
शाश्वत निज में अनुभव करते, पाते निर्मल पद निर्वाण॥ 32॥

इन बत्तीस पदों से जो कोई, परमातम को ध्याते हैं।
साँची सामायिक को पाकर, भवोदधि तर जाते हैं॥

• • •

# 8. भावना बत्तीसी

मेरा आतम सब जीवों पर मैत्री भाव करे,
गुणगण मण्डित भव्य जनों पर प्रमुदित भाव धरे।
दीन दुखी जीवों पर स्वामी! करुणाभाव करे,
और विरोधी के ऊपर नित समता भाव धरे॥ 1॥
तुम प्रसाद से हो मुझमें वह शक्ति नाथ! जिससे,
अपने शुद्ध अतुल बलशाली चेतन को तन से।
पृथक् कर सकूँ पूर्णतया मैं ज्यों योद्धा रण में,
खींचे निज तलवार म्यान से रिपु सन्मुख क्षण में॥ 2॥
छोड़ा है सबमें अपनापन मैंने मन मेरा,
बना रहे नित सुख में दुःख में समता का डेरा।
शत्रु-मित्र में मिलन-विरह में, भवन और वन में,
चेतन को जाना न पड़े फिर नित नूतन तन में॥ 3॥
अन्धकार नाशक दीपक सम अडिग चरण तेरे,
अहो! विराजे रहें हमेशा उर में ही मेरे।
हों मुनीश! वे धुले हुए से या कीलित जैसे,
अथवा खुदे हुए से हों या प्रतिबिम्बित जैसे॥ 4॥
हो प्रमाद वश जहाँ-तहाँ यदि मैंने गमन किया,
एकेन्द्रिय-आदिक जीवों को घायल बना दिया।
पृथक् किया या भिड़ा दिया हो अथवा दबा दिया,
मिथ्या हो दुष्कृत वह मेरा प्रभुपद शीश किया॥ 5॥
चल विरुद्ध शिव-पथ के मैंने जो दुर्मति होके,

होके वश में दुष्ट इन्द्रियों और कषायों के।
खण्डित की जो चरित-शुद्धि वह दुष्कृत निष्फल हो,
मेरा मन भी दुर्भावों को तजकर निर्मल हो॥ 6॥
मन्त्र शक्ति से वैद्य उतारे ज्यों अहि-विष सारा,
त्यों अपनी निन्दा-गर्हा व आलोचन द्वारा।
मन वच तन से या कषाय से संचित अघ भारी,
भव दुख कारण नष्ट करूँ मैं होकर अविकारी॥ 7॥
धर्म क्रिया में मुझे लगा जो कोई अघकारी,
अतिक्रम, व्यतिक्रम, अतीचार व अनाचार भारी।
कुमति, प्रमाद निमित्तक उसका प्रतिक्रमण करता,
प्रायश्चित बिना पापों को कौन, कहाँ हरता॥ 8॥
चित्त शुद्धि की विधि की क्षति को अतिक्रमण कहते।
शीलबाड़ के उल्लंघन को व्यतिक्रमण कहते,
त्यक्त विषय के सेवन को प्रभु! अतीचार कहते।
विषयासक्तपने को जग में अनाचार कहते॥ 9॥
शास्त्र पठन में मेरे द्वारा यदि जो कहीं-कहीं,
प्रमाद से कुछ अर्थ, वाक्य, पद, मात्रा छूट गयी।
सरस्वती मेरी उस त्रुटि को कृपया क्षमा करें,
और मुझे कैवल्यधाम में माँ अविलम्ब धरे॥ 10॥
वांछित फलदात्री चिन्तामणि सदृश मात! तेरा,
वन्दन करने वाले मुझको मिले पता मेरा।
बोधि, समाधि, विशुद्ध भावना, आत्मसिद्धि मुझको,
मिले और मैं पा जाऊँ माँ! मोक्ष महा सुख को॥ 11॥

सब मुनिराजों के समूह भी जिनका ध्यान करें,
सुरों-नरों के सारे स्वामी जिन गुणगान करें।
वेद, पुराण, शास्त्र भी जिनके गीतों के डेरे,
वे देवों के देव विराजें उर में ही मेरे॥12॥
जो अनन्त-दृग-ज्ञान स्वरूपी सुख-स्वभाव वाले,
भव के सभी विकारों से भी जो रहे निराले।
जो समाधि के विषयभूत हैं परमातम नामी,
वे देवों के देव विराजें मम उर में स्वामी॥ 13॥
जो भव दुख का जाल काट कर उत्तम सुख वरते,
अखिल-विश्व के अन्तःस्थल का अवलोकन करते।
जो निज में लवलीन हुए प्रभु ध्येय योगियों के,
वे देवों के देव विराजे मम उर के होके॥ 14॥
मोक्षमार्ग के जो प्रतिपादक सब जग उपकारी,
जन्म मरण के संकटादि से रहित निर्विकारी।
त्रिलोकदर्शी दिव्य शरीरी सब कलंकनाशी,
वे देवों के देव रहे मम उर में अविनाशी॥ 15॥
आलिंगित हैं जिनके द्वारा जग के सब प्राणी,
वे रागादिक दोष न जिनके सर्वोत्तम ध्यानी।
इन्द्रिय-रहित परम-ज्ञानी जो अविचल अविनाशी,
वे देवों के देव रहें मम उर के ही वासी॥ 16॥
जग कल्याणी परिणति से जो व्यापक गुण-राशी,
भावी-सिद्ध, विशुद्ध, जिनेश्वर, कर्म-पाप-नाशी।
जिसने ध्येय बनाया उसके सकल-दोष-हारी,

वे देवों के देव रहें मम उर में अविकारी॥ 17॥
कर्म कलंक दोष भी जिनको कभी न छू पाते,
ज्यों रवि के सन्मुख न कभी भी तम समूह आते।
नित्य निरंजन जो अनेक हैं और एक भी हैं,
उन अरहंतदेव की मैंने सुखद शरण ली है॥ 18॥
जगतप्रकाशक जिनके रहते सूर्य प्रभाधारी,
किंचित भी न शोभा पाता जिनवर अविकारी।
निज आतम में हैं जो सुस्थित ज्ञान-प्रभाशाली,
उन अरहंतदेव की मैंने सुखद शरण पा ली॥ 19॥
जिनका दर्शन पा लेने पर प्रकट झलक आता,
अखिल विश्व से भिन्न आतमा जो शाश्वत ज्ञाता।
शुद्ध, शान्त, शिवरूप आदि या अन्तविहीन बली,
उन अरहंतदेव की मुझको अनुपम शरण मिली॥ 20॥
जो मद, मदन, ममत्व, शोक, भय, चिन्ता, दुख, निद्रा,
जीत चुके हैं जिन पौरुष को कहती जिन-मुद्रा।
ज्यों दावानल तरु-समूह को शीघ्र जला देता,
उन अरहंतदेव की मैं भी सुखद शरण लेता॥ 21॥
ना पलाल पाषाण न धरती हैं संस्तर कोई,
ना विधिपूर्वक रचित काठ का पाटा भी कोई।
कारण, इन्द्रिय वा कषाय-रिपु जीते जो ध्यानी,
उसका आतम ही शुचि संस्तर माने सब ज्ञानी॥ 22॥
ना समाधि का साधन संस्तर न ही लोक-पूजा,
ना मुनि-संघों का सम्मेलन या कोई दूजा।

इसीलिये हे भद्र! सदा तुम आतमलीन बनो,
तज बाहर ही सभी वासना कुछ ना कहो-सुनो॥ 23॥
पर-पदार्थ कोई ना मेरे, थे, होंगे, ना हैं,
और कभी उनका त्रिकाल में हो पाऊँगा मैं।
ऐसा निर्णय करके पर के चक्कर को छोड़ो,
स्वस्थ रहो नित भद्र! मुक्ति से तुम नाता जोड़ो॥ 24॥
तुम अपने में अपना दर्शन करने वाले हो,
दर्शन-ज्ञानमयी शुद्धातम पर से न्यारे हो।
जहाँ कहीं भी बैठे मुनिवर अविचल मन-धारी,
वहीं समाधि लगे उनकी जो उनको अति-प्यारी॥ 25॥
नित एकाकी मेरा आतम नित अविनाशी है,
निर्मल दर्शन-ज्ञानस्वरूपी स्व-पर-प्रकाशी है।
देहादिक या रागादिक जो कर्म-जनित दिखते,
क्षणभंगुर हैं वे सब मेरे कैसे हो सकते॥ 26॥
जहाँ देह से नहीं एकता जो जीवनसाथी,
वहाँ मित्र सुत वनिता कैसे हों मेरे साथी।
इस काया के ऊपर से यदि चर्म निकल जाये,
रोमछिद्र तब कैसे इसके बीच ठहर पाये॥ 27॥
भव वन में संयोगों से यह संसारी-प्राणी,
भोग रहा है कष्ट अनेकों कह न सके वाणी।
अतः त्याज्य है मन वच तन से वह संयोग सदा,
उसको, जिसको इष्ट हितैषी मुक्ति विगत विपदा॥ 28॥
भव वन में पड़ने के कारण हैं विकल्प सारे,

उनका जाल हटाकर पहुँचों शिवपुर के द्वारे।
अपने शुद्धातम का दर्शन तुम करते-करते,
लीन रहो परमात्म-तत्त्व में दुःखों को हरते॥ 29॥
किया गया जो कर्म पूर्व में स्वयं जीव द्वारा,
उसका ही फल मिले शुभाशुभ अन्य नहीं चारा।
औरों के कारण यदि प्राणी सुख-दुख को पाता,
तो निज कर्म अवश्य स्वयं ही निष्फल हो जाता॥ 30॥
अपने अर्जित कर्म बिना इस प्राणी को जग में,
कोई अन्य न सुख दुख देता कहीं किसी डग पे।
ऐसा अडिग विचार बना कर तुम निज को मोड़ो,
अन्य मुझे सुख-दुख देता है ऐसी हठ छोड़ो॥ 31॥
परमातम सबसे न्यारे हैं, अतिशय अविकारी,
सन्त 'अमितगति' से वन्दित हैं शम दम समधारी।
जो भी भव्य मनुज प्रभुवर को नित उर में लाते,
वे निश्चित ही उत्तम वैभव मोक्ष महल पाते॥ 32॥
जो ध्याता जगदीश को, ले यह पद बत्तीस।
अचल-चित्त होकर वही, बने अचलपद ईश॥ 33॥

• • •

# 9. सम्मेद-शिखर-वंदना

(दोहा)

**सम्मेद शिखर वन्दूँ सदा, भाव सहित नत भाल।**
**कहूँ वन्दना क्षेत्र की, पाने शिव की चाल॥**

(चौपाई)

**प्रथम कूट है गौतम स्वामी, वन्दो गणधर पद जगनामी।**
**चौबीसों के परम गणीशा, चौदह सौ बावन श्री ईशा॥ 1॥**
**कूट ज्ञानधर कुन्थु जिनंदा, वन्दूँ मन वच मेटो फँदा।**
**बहुत निकट हैं पूर्ण दयालू, हो जाऊँ मैं परम कृपालू॥ 2॥**
**नमि जिनवर जी जग के चंदा, कूट मित्रधर सुख आनंदा।**
**तीन लोक के सभी जीव जी, बने मित्र मम मिटे पीव जी॥ 3॥**
**नाटक तजकर अर जिनस्वामी, नाटक वन्दूँ शिवपथ गामी।**
**चक्रवर्ति का चक्कर छोड़ा, हमने तुमसे नाता जोड़ा॥ 4॥**
**मल्लिप्रभु का कूट सुसंबल, बसो हृदय में मेरे पल-पल।**
**बाल ब्रह्म-मय विरत विरागी, बना रहूँ मैं तुम पद रागी॥ 5॥**
**सुरनर किन्नर संकुल पूजें, वन्दत श्रेयनाथ अघ धूजे।**
**समवशरण में ऐसे सोहे, नखतों में ज्यों चंदा मोहे॥ 6॥**
**सुप्रभ से श्री सुविधिनाथजी, वन्दूँ देना नित्य साथजी।**
**धवल वर्ण के चरण तुम्हारे, धवल भाव हो नाथ हमारे॥ 7॥**
**पद्मप्रभ का मोहन कूटा, माना जग में शिव का खूँटा।**
**मोह नाश कर शिव महि पाई, वंदूँ तुमको नित शिर नाई॥ 8॥**
**मुनिसुव्रत का कूट सुनिर्झर, वन्दत होते अघ भी झर-झर।**

मुनियों में तुम श्रेष्ठ मुनी हो, चरणा नमते श्रेष्ठ गुणी औ ॥9 ॥
चंद्रप्रभ का ललित सुहाना, वन्दूँ देना शिव का दाना।
इसी कूट से असंख्यात भी, साधु गये शिव कर्म घात ही ॥10 ॥
कैलाशं से आदि जिनेश्वर, वन्दूँ निशदिन हे परमेश्वर।
सहस मुनीश्वर बाहुबली भी, मोक्ष गये इह आत्म बली जी ॥11
शीतल जिनवर विद्युतवर से, पूजक को ये इच्छित वर दे।
पाप-ताप को शीतल करके, भक्ती से हम उर में धर लें ॥12 ॥
स्वयंप्रभा के नाथ अनंता, वन्दूँ मेटो दुख के कंता।
नमः सिद्ध कह दीक्षा लीनी, भव्यों को शिव शिक्षा दीनी ॥13 ॥
संभव शम सुख पाने हेतू, वन्दूँ धवल कूट वृष केतू।
तीनों रत्नों को पा तीजे, पहुँचे शिव में सब अघ छीजे ॥ 14 ॥
चंपापुर से वासुपूज्य है, मन-वच-तन से करूँ पूज मैं।
पंचकल्याणक गिरि मंदारा, पाये पाँच युगल इह सारा ॥ 15 ॥
अभिनंदन जी आनंद दाता, आनंद कूटा बहु विख्याता।
सर्व गुणों का नंदन करने, आये हम सब वंदन करने ॥ 16 ॥
सुदत्तकूट है नाथ धर्म का, कारण है यह मोक्ष शर्म का।
धर्म पुण्य को करलो भाई, वंदत ही सब अघ नश जाई ॥17 ॥
सुमतिनाथ जी अविचल कूटा, गये मोक्ष ये जग से छूटा।
श्रेष्ठमती दो हमको जेष्ठा, सुर-नर वंदित वन्दूँ श्रेष्ठा ॥ 18 ॥
शांति प्रभ है शांति जिनेशा, वन्दूँ तुमको हे तीर्थेशा।
कुन्दप्रभ है दूजा नामा, नमते बनते सार्थक कामा ॥ 19 ॥
पावापुर से श्री महावीरा, वर्द्धमान हो सन्मति धीरा।
पद्म सरोवर शिव का थाना, वन्दूँ सुख का द्वारा माना ॥ 20 ॥

सुपार्श्वनाथ का कूट प्रभासा, चमके सूरज सम है खासा।
रोग मिटाती इसकी धूली, वन्दूँ, पाने शिव की चूली॥ 21॥
सुवीर कूट श्री विमल प्रधाना, वन्दूँ मन में धरि-धरि ध्याना।
चरण-शरण के बिन ही नाथा, भटका कर दो आज सनाथा।।22
चढ़ते - चढ़ते घाटी उच्च, हाँफ गया हूँ प्रभुवर सच्च।
सिद्धिवरा है कूट अजीतं, वन्दूँ गाऊँ तुमरे गीतं॥ 23॥
ऊर्जयन्त है श्री गिरनारी, पाई तप बल से शिवनारी।
कारण हुण्डासर्पण काल, वन्दूँ नेमि जिनेश्वर चाल॥ 24॥
स्वर्ण भद्र है कूट प्रसिद्धा, पार्श्वनाथ का मानों सिद्धा।
वंदन होती पूर्ण यहाँ है, चरण गुफा में श्रेष्ठ तहाँ है॥ 25॥
एक बार भी करलो वंदन, मिट जावे फिर भव के बंधन।
तीन काल में तीन योग से, वंदूँ चरणा नित्य धोक दे॥ 26॥
विवेक सूरि की शिष्या पंचम, भव को तज गति पाने पंचम।
बार-बार ये विनती करके, फिर-फिर वन्दें उर में धरके।।27॥

## प्रशस्ति

(छंद-ज्ञानोदय)

अकलंकं ने सौंदा मठ में, जिनशासन की रक्षा की।
बौद्धमती से वाद जीतकर, जैनधर्म की शिक्षा दी॥
यहीं हुई यह सिद्धक्षेत्र की, पूर्ण वंदना प्यारी है।
पढ़ो सुनो हे भव्य जनो, यदि चाहो सुख की क्यारी है॥ 28॥

माघ शुक्ल की पंचमी, सूर्यवार इकतीस।
वीर मोक्ष पच्चीस सौ, पूर्ण हुई थुति ईश॥ 29॥

● ● ●

# 10. योगिभक्ति

नरक-पतन से भीत हुए हैं जाग्रत-मति हैं मथित हुए।
जनन-मरण-मय शत-शत रोगों,से पीड़ित हैं व्यथित हुए॥
बिजली बादल-सम वैभव है जल-बुदबुद-सम जीवन है।
यूँ चिन्तन कर प्रशम हेतु मुनि वन में काटे जीवन है॥ 1॥
गुप्ति-समिति-व्रत से संयुत जो मन शिव-सुख की ओर रहा।
मोहभाव के प्रबल-पवन से जिनका मन ना डोल रहा॥
कभी ध्यान में लगे हुए है श्रुत-मन्थन में लीन कभी।
कर्म-मलों को धोना है सो तप करते स्वाधीन सुधी॥ 2॥
रवि-किरणों से तपी शिला पर सहज विराजे मुनिजन हैं।
विधि-बन्धन को ढीले करते जिनका मटमैला तन है॥
गिरि पर चढ़ दिनकर के अभिमुख, मुख करके हैं तप तपते।
ममत्व मत्सर मान रहित हो बने दिगम्बर-पथ नपते॥ 3॥
दिवस रहा हो रात रही हो बोधामृत का पान करें।
क्षमा नीर से सिंचित जिनका पुण्यकाय छविमान अरे!
धरें छत्र संतोष - भाव के सहज छाँव का दान करें।
यूँ सहते मुनि तीव्र-ताप को 'ज्ञानोदय' गुणगान करें॥ 4॥
मोर कण्ठ या अलि-सम काले इन्द्रधनुष युत बादल हैं।
गरजे बरसे बिजली तड़की झंझा चलती शीतल है॥
गगन दशा को देख निशा में और तपोधन तरुतल में।
रहते, सहते,कहते कुछ ना भीति नहीं मानस-तल में॥ 5॥
वर्षा ऋतु में जल की धारा मानो बाणों की वर्षा।
चलित चरित से फिर भी कब हो करते जाते संघर्षा॥
वीर रहे नर-सिंह रहे मुनि परिषह रिपु को घात रहे।
किन्तु सदा भव-भीत रहे हैं इनके पद में माथ रहे॥ 6॥

अविरल हिमकण जल से जिनकी काय-कान्ति ही चली गई।
साँय-साँय कर चली हवाएँ, हरियाली सब जली गई॥
शिशिर तुषारी घनी निशा को व्यतीत करते श्रमण यहाँ।
और ओढ़ते धृति-कम्बल हैं गनन तले भूशयन अहा!॥ 7॥
एक वर्ष में तीन योग ले बने पुण्य के वर्धक हैं।
बाह्याभ्यन्तर द्वादश-विध तप तपते हैं मद-मर्दक हैं॥
परमोत्तम आनन्द मात्र के प्यासे भदन्त ये प्यारे।
आधि-व्याधि औ उपाधि-विरहित समाधि हममें बस डारे॥ 8॥

ग्रीष्मकाल में आग बरसती गिरि-शिखरों पर रहते हैं।
वर्षा-ऋतु में कठिन परीषह तरुतल रहकर सहते हैं॥
तथा शिशिर हेमन्त काल में बाहर भू-पर सोते हैं।
वन्द्य साधु ये वन्दन करता दुर्लभ-दर्शन होते हैं॥ 9॥

अञ्चलिका

योगीश्वर सद्भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ ले प्रभु! तव संसर्ग॥ 1॥

अर्ध सहित दो द्वीप तथा दो सागर का विस्तार जहाँ।
कर्म-भूमियाँ पन्द्रह जिनमें संतों का संचार रहा॥
वृक्षमूल-अभ्रावकाश औ आतापन का योग धरें।
मौन धरें वीरासन आदिक, का भी जो उपयोग करें॥ 2॥
बेला, तेला, चोला, छह-ला, पक्ष, मास, छह मास तथा।
मौन रहें उपवास करें है करें न तन की दास कथा॥
भाव-भक्ति से चाव-शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वन्दूँ, पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ इन मुनिजन को॥ 3॥
कष्ट दूर हो, कर्म चूर हो, बोधि लाभ हो, सद्गति हो।
वीर मरण हो, जिनपद मुझको, मिले सामने सन्मति ओ!॥4॥

## 11. पञ्चमहागुरुभक्ति

सुरपति शिर पर किरीट धारा, जिसमें मणियाँ कई हजारा।
मणि की द्युतिजल से धुलते हैं, प्रभु पद-नमता सुख फलते हैं॥ 1॥

सम्यक्त्वादिक वसु-गुण धारे,वसु-विध विधि-रिपु नाशन-हारे।
अनेक-सिद्धों को नमता हूँ, इष्ट-सिद्धि पाता समता हूँ॥ 2॥

श्रुत-सागर को पार किया है, शुचि संयम का सार लिया है।
सूरीश्वर के पदकमलों को, शिर पर रख लूँ दुःख-दलनों को॥ 3॥

उन्मार्गी के मद-तम हरते, जिनके मुख से प्रवचन झरते।
उपाध्याय ये सुमरण कर लूँ, पाप नष्ट हो सु-मरण कर लूँ॥ 4॥

समदर्शन के दीपक द्वारा, सदा प्रकाशित बोध सुधारा॥
साधु चरित के ध्वजा कहाते, दे-दे मुझको छाया तातैं॥ 5॥

विमल गुणालय-सिद्धजिनों को, उपदेशक मुनि-गणी गणों को॥
नमस्कार पद पञ्च इन्हीं से, त्रिधा नमूँ शिव मिले इसी से॥ 6॥

नमस्कार वर मन्त्र यही है, पाप नसाता देर नहीं है।
मंगल-मंगल बात सुनी है, आदिम मंगल-मात्र यही है॥ 7॥

सिद्ध शुद्ध हैं जय अरहन्ता, गणी पाठका जय ऋषि संता।
करें धरा पर मंगल साता, हमें बना दें शिव सुख धाता॥ 8॥

सिद्धों को जिनवर चन्द्रों को, गण नायक पाठक वृन्दों को।
रत्नत्रय को साधु जनों को, वन्दूँ पाने उन्हीं गुणों को॥ 9॥

सुरपति चूड़ामणि-किरणों से, लालित सेवित शतों दलों से।
पाँचों परमेष्ठी के प्यारे, पादपद्म ये हमें सहारे॥10॥

महाप्रतिहार्यों से जिनकी, शुद्ध गुणों से सुसिद्ध गण की।
अष्ट मातृकाओं से गणि की, शिष्यों से उपदेशक गण की॥
वसु विध योगांगों से मुनि की, करूँ सदा थुति शुचि से मन की॥ 11॥

## अञ्चलिका

पञ्चमहागुरु भक्ति का करके कायोत्सर्ग।
आलोचन उसका करूँ, ले प्रभु तव संसर्ग॥ 1॥

लोक शिखर पर सिद्ध विराजे अगणित गुणगण मण्डित हैं।
प्रातिहार्य आठों से मण्डित जिनवर पण्डित-पण्डित हैं॥
पञ्चाचारों रत्नत्रय से शोभित हो आचार्य महा।
शिव पथ चलते और चलाते औरों को भी आर्य यहाँ॥ 2॥
उपाध्याय उपदेश सदा दे चरित बोध का शिव पथ का।
रत्नत्रय पालन में रत हो साधु सहारा जिनमत का॥
भाव भक्ति से चाव शक्ति से निर्मल कर-कर निज मन को।
वंदूँ पूजूँ अर्चन कर लूँ नमन करूँ मैं गुरुगण को॥ 3॥
कष्ट दूर हो कर्म चूर हो बोधि लाभ हो सद्गति हो।
वीर-मरण हो जिनपद मुझको मिले सामने सन्मति ओ!॥4॥

● ● ●

## 12. श्रावक प्रतिक्रमण

गुरुदेव दया करके, मुझे जग से छुड़ा देना।
पा जाऊँ मैं आतम को, वो राह दिखा देना॥
करुणानिधि नाम तेरा, करुणा को जगाओ तुम,
मैत्री के भावों को, हे नाथ जगा दो तुम।
प्रतिपल समता में रहूँ, संवर ये सिखा देना॥
गुरुदेव दया..........॥
लाखों को तारा है, मुझको भी तारो तुम,
मैं शरण पड़ा तेरी, मेरी ओर निहारो तुम।
मेरा जनम मरण छूटे, वो भक्ति जगा देना॥
गुरुदेव दया..........॥
मैं अनादि से घायल हूँ, उपचार कराओ तुम,
हो जाऊँ निरोग सदा, औषध वो पिलाओ तुम।
पा जाऊँ परम पद को, वो राह चला देना॥
गुरुदेव दया..........॥
टूटी हुई वीणा के सब, तार मिला दो तुम,
गाऊँ मैं मधुर संगीत, वो साज बना दो तुम।
ये गीत जो बिछुड़ा है, गायक से मिला देना॥
गुरुदेव दया..........॥
बहती हुई सरिता की, आवाज मिटाओ तुम,
अंतस में हे स्वामी, ज्योति प्रकटाओ तुम।
ये बूँद जो बिछुड़ी है, सागर से मिला देना॥
गुरुदेव दया..........॥

हे भगवन् ! जिनेन्द्र देव के कहे अनुसार जिनधर्म का पालन करते हुए ग्रहण किये हुए नियमों में /व्रतों में जाने अनजाने में मन वचन काय की चंचलता से जो भी दोष लगे हों उन दोषों की शुद्धि एवं मन की पवित्रता हेतु भावशुद्धि पूर्वक प्रतिक्रमण करता हूँ।

हे भगवन्! मैं सब जीवों के प्रति मैत्री भाव रखता हुआ सबसे क्षमा चाहता हूँ सभी जीव मुझे क्षमा करें एवं मैं भी सभी जीवों को क्षमा करता हूँ। मेरा किसी से भी बैर भाव नहीं है।

चार घातिया कर्मों से रहित अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन, अनंत सुख एवं अनंत वीर्य रूप अनंत चतुष्टय से सहित समवसरण आदि दिव्य वैभव से युक्त अरिहंत परमात्मा को मेरा बारम्बार नमस्कार हो नमस्कार हो नमस्कार हो।

ज्ञानावरणादि आठ कर्मों से रहित, सम्यक्त्व आदि आठ गुणों से सहित, लोक के अग्रभाग में स्थित, शरीर से रहित, अशरीरी सिद्ध परमात्मा को मेरा नमस्कार हो नमस्कार हो नमस्कार हो।

ज्ञानाचार, दर्शनाचार, तपाचार, वीर्याचार, चारित्राचार रूप पंचाचारों से सहित, दीक्षा और प्रायश्चित आदि देने में कुशल, मुनि संघ के नायक, आचार्य परमेष्ठी की मैं बारम्बार स्तुति करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें मेरा नमस्कार हो, नमस्कार हो, नमस्कार हो।

मुनि शिष्यों को पढ़ाने वाले रत्नत्रय से विशुद्ध उपाध्याय परमेष्ठी को मेरा नमस्कार हो नमस्कार हो नमस्कार हो।

अट्ठाईस मूलगुणों के पालन करने में निरत, परिग्रह से रहित, ज्ञान, ध्यान, तप में लीन रहने वाले साधु परमेष्ठी को मेरा नमस्कार हो नमस्कार हो नमस्कार हो।

हे भगवन्! मैं पापी हूँ, दुरात्मा हूँ, अल्पबुद्धि वाला हूँ, रागद्वेष से युक्त कषायी हूँ।

हे भगवन्! मैंने दुष्ट कार्य किए, दुष्ट चिंतन किया, दुष्ट भाषण किया, अतः भीतर ही भीतर पश्चाताप की आग में जल रहा हूँ।

हे भगवन्! आज तक मेरे मन में अहिंसा आदि धर्म पालन करने की

भावनाएँ नहीं हुईं। मैं रात-दिन क्रोध रूपी अग्नि में जलता रहा हूँ। मैं निरंतर लोभ रूपी सर्प के द्वारा काटा गया हूँ।

हे प्रभो! मैंने आज तक दीनों को अथवा सत्पात्रों को दान नहीं दिया, सत् चारित्र को अंगीकार नहीं किया है, मैंने कभी भी तप का आचरण नहीं किया और मैं निरंतर माया जाल, छलकपट करने में लीन रहा हूँ।

हे भगवन्! मैं आपके पास आने में संकोच करता हूँ, मुझे डर लगता है। हे प्रभो ! वास्तव में हमारे जैसे नरों का जन्म ही व्यर्थ है। किन्तु फिर भी प्रभो आप दयालु हैं, करुणा निधान हैं, संसार दु:ख के वैद्य हैं, अनुपम कृपा अवतार हैं, परम पिता परमात्मा हैं। एक अज्ञानी बालक जिस तरह अपने माता-पिता के सामने अपनी तोतली भाषा में अपने हृदय की बात को ज्यों का त्यों बिना किसी छल-कपट के कह देता है, उसी प्रकार मैं भी अपने हृदय का हाल, अपनी बुराई, दुर्गुण, अपने दोषों को आपसे विनय से प्रीतिपूर्वक कह रहा हूँ। मुझे विश्वास है आप निश्चित ही मुझ अज्ञानी पर कृपा करेंगे।

( नौ बार णमोकार )

## तीर्थंकर की स्तुति

सौ इन्द्रों से पूजित श्री ऋषभ नाथ भगवान, तीन लोक को प्रकाशित करने वाले श्री अजितनाथ भगवान, संसारी प्राणियों को सुख के कारणभूत श्री सम्भवनाथ भगवान, मुनि गणों में श्रेष्ठ आदरणीय श्री अभिनन्दननाथ भगवान, कर्म रूपी शत्रु को नष्ट करने वाले सद्‌बुद्धि प्रदाता श्री सुमतिनाथ भगवान, अंतरंग एवं बहिरंग लक्ष्मी से सुशोभित श्री पद्मप्रभ भगवान,पाँच इन्द्रियों को दमन करने वाले श्रीसुपार्श्वनाथ भगवान, चंद्रमा के समान उज्ज्वल गुणों से युक्त श्री चन्द्रप्रभ भगवान, तीन लोक में प्रसिद्ध श्रीपुष्पदन्त भगवान, तृष्णा रूपी अग्नि को शांत करने वाले श्री शीतलनाथ भगवान, भव्य प्राणियों का कल्याण करने वाले श्री श्रेयांसनाथ भगवान, चक्रवर्ती आदि मनुष्यों से पूजित श्री वासुपूज्यभगवान,निर्मल मोक्ष पद को देने वाले श्री विमलनाथ भगवान, अनंत गुणों के धारी श्री अनन्तनाथ भगवान,दया

धर्म के उपदेशक श्री धर्मनाथ भगवान, शांति के प्रदाता श्री शांतिनाथ भगवान,कुंथु आदि छोटे-छोटे जीवों के रक्षक श्री कुन्थुनाथ भगवान, श्रमणों के नायक श्री अरनाथ भगवान, मोहरूपी योद्धा को नष्ट करने वाले श्री मल्लिनाथ भगवान, मुक्ति के मार्गरूप मुनिव्रत का उपदेश करने वाले श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान, अनाथों के नाथ श्री नमिनाथ भगवान, हरिवंश के तिलक बाल ब्रह्मचारी श्री नेमिनाथ भगवान, घोर उपसर्ग पर विजय प्राप्त करने वाले श्री पार्श्वनाथ भगवान, वर्तमान शासन नायक तीन लोक का हित करने वाले श्री महावीर भगवान की मैं मन से, वचन से और काय से निरंतर स्तुति करता हूँ।

जो मेरे द्वारा कीर्तित, वन्दित और पूजित हैं, लोक में उत्तम हैं तथा कृतकृत्य हैं ऐसे जिनेन्द्र चौबीस तीर्थंकर भगवान मेरे लिये आरोग्य लाभ, ज्ञान लाभ, समाधि और बोधि प्रदान करें।

श्रद्धावान्, विवेकवान् और क्रियावान् पुरुष सच्चा श्रावक कहलाता है। हे प्रभो ! मैंने वीतराग प्रभो को छोड़कर अन्य रागी-द्वेषी देवी-देवताओं की आराधना की हो, लोभ, भय, ख्याति, पूजा, धन-पुत्रादि की चाह के वशीभूत हो, मिथ्यात्व का पोषण किया हो। आरम्भ परिग्रह में लीन गुरुओं की आराधना, सेवा की हो। आत्मिक सुख का साक्षात् कारण पवित्र जिनधर्म में यदि मेरी श्रद्धा न रही हो, श्रद्धा में मलिनता उत्पन्न हुई हो तो हे प्रभो! मेरे वे दुष्कृत्य मिथ्या होवे, मेरी जिनधर्म में दृढ़ता हो, वीतरागी, निष्परिग्रही, दया धर्म के उपदेशक देवशास्त्र गुरु के प्रति आस्था, श्रद्धा, भक्ति में जो कुछ भी दोष लगे हों, वह सभी दोष मिथ्या होवें, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने अज्ञान एवं अविवेक के कारण अभक्ष्य पदार्थों का सेवन किया हो, दूसरों को कराया हो, करने वालों की अनुमोदना की हो तो मेरा वह दुष्कृत्य मिथ्या हो।

हे प्रभो ! घोर दुःखों अर्थात् नरक के कारणभूत सात प्रकार के व्यसन-माँस सेवन, मदिरा सेवन, जुआँ खेलना, चोरी करना,परस्त्री सेवन, वेश्यागमन एवं शिकार खेलना इन व्यसनों को मैंने किया हो, कराया हो,

करने की अनुमोदना की हो, वह मेरा दुष्कृत्य मिथ्या होवे, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मैंने राग के वशीभूत हो धर्म का बहुमान न करते हुए बुरी संगति से अज्ञान के वशीभूत होकर नरक का द्वार, दुर्गति का कारणभूत, अनेक त्रस एवं स्थावर जीवों की हिंसा का साधन, रात्रि में अन्न-जल का सेवन किया हो, कराया हो, करने वालों की अनुमोदना की हो वह सब पाप मिथ्या होवे मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने अभिमान और अज्ञान के कारण धर्म का पालन करने में लज्जा का अनुभव करते हुये रसना इन्द्रिय के वशीभूत हो बिना छने जल का प्रयोग किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो, होटल आदि में निर्मित अभक्ष्य खाद्य सामग्री का मन वचन काय से सेवन किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो वह सब पाप मिथ्या होवे। इस दुष्कृत्य के लिये मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने बहुत दिन पहले बने हुए त्रस जीवों के कलेवर ऐसे अचार, मुरब्बा का सेवन किया हो। साबूदाना, ब्रेड, पापुलर च्वाइंगम आदि का सेवन किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो वह सब पाप मिथ्या होवे। इस दुष्कृत्य के लिये मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! खोटी संगति के कारण, लत पड़ने के कारण सभी को अनिष्ट लगने वाले, शरीर को हानिकारक, संसार कलह का कारण, धर्म को नष्ट करने वाली तम्बाखू, जर्दा, पान-मसाला, अफीम, चिलम, गांजा, शराब, चरस अन्य नशीली दवाईयों का, सिगरेट, बीड़ी आदि धूम्रपान का सेवन किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो वह सब पाप मिथ्या होवे। इस दुष्कृत्य के लिये मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने अपने शरीर के श्रृंगार के लोभ के वशीभूत होकर घोर नरक दुःखों के कारण, तिर्यञ्च योनि में जन्म के कारणभूत हिंसात्मक प्रसाधन सामग्री का प्रयोग जैसे शैम्पू, क्रीम-पॉवडर अनेक प्रकार के सुगंधित तेल, लिपिस्टिक, नेल पॉलिश, परफ्यूम, चमड़े के बने जूते, बेल्ट, बैग, पर्स आदि का प्रयोग किया हो, कराया हो, करने वाले की अनुमोदना की

हो वह सब पाप मिथ्या होवे। मेरा वह दुष्कृत्य मिथ्या हो मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने व्यापार, गृहसम्बन्धी कार्यों के निमित्त एक इन्द्रिय जीव ( पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि व वनस्पति ), दो इन्द्रिय( इल्ली, शंख, सीप, कृमि आदि ), तीन इन्द्रिय जीव ( चींटी, खटमल आदि ), चार इन्द्रिय जीव ( मक्खी, मच्छर, पतंगा आदि ), पंचेन्द्रिय जीव गाय, मनुष्यादि जीवों को पीड़ा पहुँचाई हो, उनको मारा हो, उनका वध किया हो, उनका छेदन-भेदन आदि किसी भी तरह दु:ख पहुँचाया हो, वह सब पाप मिथ्या होवे, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मेरे चलने-फिरने में, दौड़ने में, वस्तु उठाने-रखने में, मल-मूत्र, कफ आदि विकारों का उत्सर्ग करने में, सोने में, करवट लेने में, झाड़ू-पोंछा लगाने में, भोजन बनाने में, अग्नि जलाने में, कपड़े धोने में, सर्फ का पानी नाली में डालने में, भूमि खोदने में, स्कूटर-मोटर-गाड़ी आदि चलाने में जीवों को मेरे द्वारा पीड़ा पहुँची हो, उनका घात हुआ हो तो हे प्रभो ! मैं आपके समक्ष उन दोषों की शुद्धि हेतु आलोचना, निंदा करता हूँ। वह मेरा दुष्कृत्य मिथ्या होवे, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मैंने क्रोध,मान, माया, लोभ, हंसी, भय आदि के वशीभूत होकर असत्य भाषण किया हो, झूठ बोला हो, दूसरों को कष्टप्रद हों ऐसे मर्मभेदी वचन बोले हों, गाली तथा अपशब्द कहे हों, बुरा बोला हो, निंदा की हो, चुगली की हो, राग को बढ़ाने वाले कामवर्द्धक वचन बोले हों, कुचेष्टा की हो, आपस में बैर बढ़ाने वाले, फूट डालने वाले वचन कहे हों, असत्य खबर आदि पेपरों में दी हो, मिथ्या प्रचार किया हो व्यर्थ में बकवास की हो, अनावश्यक एवं बहुत वाद-विवाद किया हो, उसके लिये मैं पश्चाताप करता हूँ। मेरे सब दुष्कृत्य मिथ्या होवें।

हे प्रभो ! मैंने प्रमाद, लोभ आदि के वशीभूत हो बिना दिया हुआ द्रव्य, धन, वस्त्र, मकान आदि को लिया हो, जमीन आदि का हरण किया हो, कम मूल्य की वस्तु अधिक मूल्य में बेची हो, चोरी किया माल खरीदा हो, राज्य के नियमों के विरुद्ध सेलटेक्स ( विक्रयकर ), इन्कमटेक्स

( आयकर ), प्रोपर्टी टेक्स ( सम्पत्तिकर ) आदि का भुगतान नहीं किया हो। तेल, घी, चावल, गेहूँ आदि सामग्री में मिलावट किया हो, नाप-तौल करने में गड़बड़ी की हो, घूसखोरी अर्थात् रिश्वत द्वारा गलत कार्यों को सम्पन्न कराया हो, किया हो, करने वाले की अनुमोदना की हो तो मेरा वह दुष्कृत्य मिथ्या होवे, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मैंने काम इन्द्रिय, विषय वासनाओं के वशीभूत हो, अब्रह्म/ मैथुन कर्म किया हो, परस्त्री सेवन किया हो, वेश्या सेवन किया हो, स्वस्त्री को छोड़कर अथवा ब्रह्मचर्य आश्रम में, विद्यार्थी जीवन में रहते हुए अन्य महिला वर्ग में माँ, बहिन की दृष्टि छोड़कर अन्य काम विकार की दृष्टि से देखा हो, उनके मनोहर अंगों का निरीक्षण किया हो। स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु एवं कर्ण इन पाँच इन्द्रियों के विषयों के सेवन में गृद्धता रखी हो, अश्लील हरकत की हो, चारित्र को विकृत करने वाले चल चित्र ( सिनेमा ) देखें हों, कामवर्द्धक पुस्तकों का पठन किया हो, विकार ग्रस्त होकर अंगोपांग की प्रवृत्ति की हो तो प्रभो मैं अपनी निंदा करता हुआ आलोचना करता हूँ मेरा यह दुष्कृत्य मिथ्या होवे।

हे प्रभो! लोभ के वशीभूत हो मैंने सोना-चाँदी, मकान, जमीन, दुकान, गाय-भैंस, रुपया-पैसा, भोगोपभोग सामग्री आदि का संग्रह किया हो। जड़ पदार्थों को इकट्ठा करने की इच्छा रखी हो, धन के प्रति अति गृद्धता, लोलुपता, मूर्च्छा रखी हो, धन का न स्वयं उपयोग किया हो, न ही दूसरों को दान दिया हो, हमेशा जोड़-जोड़ कर धन रखा हो तथा परिग्रह संग्रह करने में जो भी पापकर्म किया हो वह सब दुष्कृत्य मिथ्या होवे, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो! मैंने श्रावकों के करने योग्य आवश्यक कार्यों में प्रमाद किया हो, अनादर किया हो, उत्साह न रखा हो, रुचि न रखी हो, रात्रि में पूजन आदि सामग्री धोई हो, कुँए से जल खींचा हो, जिवानी डालने में प्रमाद किया हो, अहंकार के कारण पूजन करते हुए क्रोध किया हो, किसी को अपशब्द कहा हो, जल्दी-जल्दी बिना अर्थ एवं भाव के पूजा की हो, पूजा करते समय तथा अन्य धर्मादिक कार्यों को करते समय भावों में

मलिनता आई हो, पूजन करते समय दूसरे से बात की हो तो वे सब पाप मिथ्या होवें। हे भगवान! मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मैंने स्वाध्याय आदि आवश्यक क्रियाओं में प्रमाद किया हो, जिनवाणी की विनय न की हो, संयम ग्रहण करने में भय किया हो, आलस्य किया हो, अव्रतों का सेवन किया हो। शरीर के वशीभूत होकर, मोह के कारण अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रस परित्याग, कायक्लेश आदि तप न किया हो। आहार दान, औषध दान, अभयदान, उपकरण दान आदि दान देने में कृपणता की हो, मन मलीन किया हो तो वह सब मेरे दुष्कृत्य मिथ्या होवें, मैं पश्चाताप करता हूँ।

हे प्रभो ! मैंने चारित्र मोहनीय कर्मोदय के वशीभूत हो अथवा समीचीन पुरुषार्थ न कर पाने के कारण दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, सचित्तत्याग, रात्रिभुक्ति अथवा दिवामैथुन त्याग, ब्रह्मचर्य, आरम्भत्याग, परिग्रह त्याग, अनुमति त्याग एवं उद्दिष्ट त्याग इत्यादिश्रावकों की ग्यारह प्रतिमाओं को न स्वयं ग्रहण किया न दूसरों को करवाया और न ही पालन करने वाले त्यागी व्रतियों की अनुमोदना की, तत्सम्बन्धी मेरा दुष्कृत्य मिथ्या होवे।

हे प्रभो ! पञ्च परमेष्ठी की शरण रूप दर्शन प्रतिमा, अहिंसा सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य एवं परिग्रह परिमाण रूप पाँच अणुव्रत, दिग्व्रत, देशव्रत एवं अनर्थदण्डविरति रूप तीन गुणव्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, भोगोपभोग परिमाण एवं अतिथि संविभाग रूप चार शिक्षाव्रत इस प्रकार कुल 12 व्रत रूप व्रत प्रतिमा, त्रिकाल सामायिक रूप सामायिक प्रतिमा, पर्वों में उपवास रूप प्रोषधोपवास प्रतिमा, जीवदया पालन रूप सचित्त त्याग प्रतिमा, इन्द्रिय संयम एवं प्राणी संयम रूप दिवा मैथुन त्याग अथवा रात्रि भुक्ति त्याग प्रतिमा, ब्रह्मचर्य प्रतिमा, आरम्भ त्याग अथवा परिग्रह त्याग प्रतिमा, अनुमतित्याग प्रतिमा एवं उद्दिष्टत्याग प्रतिमा रूप ग्यारह प्रतिमाओं के पालन करने में मन वचन काय से प्रमाद पूर्वक, अज्ञानवश जो दोष लगे हों, वे सब मिथ्या होवे, मैं अपनी निन्दा करता हूँ आलोचना करता हूँ।

हे प्रभो ! शारीरिक मानसिक आदि समस्त दुःखों को नष्ट करने वाले मोक्ष प्राप्ति का साक्षात् कारण, बाह्य आभ्यन्तर परिग्रह से रहित निर्ग्रन्थ लिंग की मैं इच्छा करता हूँ। इसके सिवा कोई दूसरा मोक्षमार्ग नहीं है। यह केवली भगवान द्वारा कथित परिपूर्ण, समता रूप, माया मिथ्या निदान शल्य से रहित, शांति और क्षमा का मार्ग है। उस निर्ग्रन्थ लिंग से बढ़कर अन्य कोई मोक्ष का हेतु वर्तमान में नहीं है, भूतकाल में नहीं था और न ही भविष्यकाल में होगा। मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्र से विरक्त होता हुआ मैं सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र में श्रद्धान करता हूँ आचरण करता हूँ। मेरे द्वारा दिवस और रात्रि में जो कोई भी अतिचार, अनाचार हुए हो तत्सम्बन्धी मेरा दुष्कृत्य, समस्त पाप मिथ्या हो निष्फल होवे।

हे भगवन ! दैवसिक रात्रिक क्रियाओं में दुष्ट चिन्तन किया हो, दुर्वचन कहे हो, मानसिक दुष्परिणाम किये हों, खोटे स्वप्न देखे हों, खोटा आचरण किया हो, जीवों की विराधना की हो, इसके सिवा अन्य उच्छ्वास में, खाँसी में, जंभाई में, पलक झपकाने में, हाथ-पैर के हिलाने में, सूक्ष्म अंगों के हलन-चलन में दृष्टि को चलायमान करने इत्यादि अशुभ क्रियाओं तथा सूत्रपाठ आदि क्रियाओं को विस्मरण किया हो, अन्यथा प्ररुपण किया हो, तत्सम्बन्धी मेरा दुष्कृत्य मिथ्या होवे।

हे भगवन् ! मैं प्रतिक्रमण में लगे अतिचारों की आलोचना करता हूँ। देश के, आसन के, स्थान के, काल के, मुद्रा के, कायोत्सर्ग के, नमस्कार के, विधि के, आवर्त आदि के आश्रय से प्रतिक्रमण में मन, वचन,काय से जो आसादना की गई हो, कराई गई हो, आश्रय करने वाले की अनुमोदना की गई हो तो प्रतिक्रमण सम्बन्धी मेरे पाप मिथ्या होवे।

हे प्रभो! मेरे दुःखों का क्षय हो, कर्मों का क्षय, मुझे बोधि की प्राप्ति हो, सुगति में गमन हो, समाधिमरण हो, जिनेन्द्र गुणों की सम्पत्ति मुझे प्राप्त हो।

( कायोत्सर्ग करें )

## 13. सिद्ध भक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्लिक/अपराह्लिक आचार्य-वन्दना-क्रियायां, पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं,भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री-सिद्धभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

( 9 बार णमोकार )

सम्मत्त-णाण-दंसण-वीरिय-सुहुमं तहेव अवगहणं।
अगुरुलहु-मव्वावाहं,अट्ठगुणा होंति सिद्धाणं॥ 1॥
तव-सिद्धे, णय-सिद्धे, संजम-सिद्धे,चरित्त-सिद्धे य।
णाणम्मि दंसणम्मि य,सिद्धे सिरसा णमस्सामि॥ 2॥

इच्छामि भंत्ते। सिद्ध-भत्ति-काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-जुत्ताणं, अट्ठविह-कम्म-विप्प मुक्काणं-अट्ठगुण-संपण्णाणं, उड्ढलोय-मत्थयम्मि पइट्ठियाणं, तव-सिद्धाणं, णय-सिद्धाणं, संजम-सिद्धाणं, चरित्त-सिद्धाणं, अतीदा-णागद-वट्टमाण-कालत्तय-सिद्धाणं, सव्व-सिद्धाणं, णिच्च-कालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं समाहि-मरणं, जिणगुण-संपत्ति होउ मज्झं।

## श्रुत भक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्लिक/अपराह्लिक श्री आचार्य-वन्दना-क्रियायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं, भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री-श्रुतभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

( 9 बार णमोकार )

कोटिशतं द्वादश चैव कोट्यो, लक्षाण्य-शीतिस्-त्र्यधिकानि चैव।
पञ्चाश-दष्टौ च सहस्र-संख्य-मेतच्-छ्रुतं पञ्च-पदं नमामि॥ 1॥

अरहंत-भासियत्थं-गणहर-देवेहिं गंथियं सम्मं।
पणमामि भत्ति-जुत्तो, सुद-णाण-महोवहिं सिरसा॥ 2॥

इच्छामि भंत्ते ! सुद-भत्ति-काउसग्गो कओ तस्सालोचेउं-अंगोवंग-पइण्णय-पाहुडय-परियम्मि-सुत्त पढमाणि-ओग-पुव्वगय-चूलिया चेव-सुत्तत्थय-थुइ-धम्म-कहाइयं, सया णिच्च-कालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं, समाहि-मरणं जिणगुण-संपत्ति होउ-मज्झं।

## आचार्य भक्ति

नमोऽस्तु पौर्वाह्निक/अपराह्निक आचार्य-वन्दना-क्रियायां, पूर्वाचार्यानुक्रमेण, सकलकर्मक्षयार्थं, भाव-पूजा-वन्दना-स्तव-समेतं श्री-आचार्य भक्ति कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

( 9 बार णमोकार )

श्रुतजलधि-पारगेभ्य:,स्व-पर-मत-विभावना-पटुमतिभ्य:।
सुचरित-तपोनिधिभ्यो, नमो गुरुभ्यो-गुण-गुरुभ्य: ॥ 1 ॥
छत्तीस-गुण-समग्गे, पंच-विहाचार-करण-संदरिसे।
सिस्सा-णुग्गह-कुसले, धम्मा-इरिये सदा वंदे॥ 2॥
गुरु-भत्ति-संजमेण य, तरंति संसार-सायरं घोरम्।
छिण्णंति अट्ठकम्मं, जम्मण-मरणं ण पावेंति॥ 3 ॥
ये नित्यं-व्रत-मंत्र-होम-निरता, ध्यानाग्नि-होत्राकुला:।
षट्कर्माभिरतास्-तपो-धनधना:,साधु-क्रिया: साधव: ॥4 ॥
शील-प्रावरणा-गुण-प्रहरणाश्-चन्द्रार्क-तेजोऽधिका:।
मोक्ष-द्वार-कपाट-पाटन-भटा:, प्रीणंतु मां साधव: ॥ 5 ॥
गुरव: पान्तु नो नित्यं ज्ञान-दर्शन-नायका:।

चारित्रार्णव-गम्भीरा, मोक्षमार्गोपदेशका: ॥ 6 ॥

इच्छामि भन्ते! आइरिय भत्ति-काउसग्गो कओ, तस्सालोचेउं, सम्मणाण-सम्मदंसण-सम्मचरित्त-जुत्ताणं, पञ्च-विहाचाराणं, आइरियाणं, आयारादि-सुद-णाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं, ति-रयण-गुण-पालण-रयाणं सव्वसाहूणं, णिच्च-कालं, अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमस्सामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइ-गमणं-समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

( नोट- सुबह 18 बार एवं संध्या आचार्य वंदना में 36 बार णमोकार मंत्र पढ़े )

## 14. गुरु स्तुति

भो आचार्यः श्री विद्यासागरः भक्तित्रय सहितोहं, नमोऽस्तु कुर्वेहं।
बाल ब्रह्मचारिणः परमविरागिनः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 1 ॥
अनुपम ज्ञानिनः भेद विज्ञानिनः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 2 ॥
रहिताऽडम्बरः महादिगम्बरः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 3 ॥
मुनिगण नायकः दुरितविनाशकः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 4 ॥
भव्य शरीरिणः महामनीषिणः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 5 ॥
धर्मप्रभावकः धर्म प्रबोधकः भक्ति त्रय सहितोऽहं।
नमोऽस्तु कुर्वेहं .................... भो .................॥ 6 ॥

# 15. सामायिक पाठ

मुनि चर्या, श्रावक चर्या में, यह आवश्यक है।
ममता तजना, समता भजना, ही सामायिक है॥

चलो फिरो मत, हिलो डुलो मत, बोल नहीं बोलो।
कुछ ना सोचो, कुछ ना चाहो, बस निश्चल होलो॥
राग द्वेष अरु मोह करो मत, विधि आवश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 1॥

आने वाली अंतिम घड़ियाँ, कैसे सुधरेंगी?
जीवन कीं दुर्लभतम घड़ियाँ, यदि ये बिगड़ेगी॥
अरे सम्हलना,आज सम्हलना, अति आवश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 2॥

क्षमा भाव से क्रोध जीत लो, मान विनय धरके।
ऋजुता से माया को जीतो, लोभ तोष करके॥
विषय विजेता, कषाय जेता, ही इस लायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 3॥

आवश्यक में आवश्यक हो, आवश्यकता है।
आवश्यक करने वालों की, आवश्यकता है॥
आवश्यक में सबसे उत्तम, यह आवश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 4॥
समता बिन उपवास वृथा है, औ वनवास वृथा।
मौन-ध्यान, अध्ययन अध्यापन, जानो व्यर्थ प्रथा॥

समता धन ही संतजनों को, शिवसुखदायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 5॥

अब तक जितने सिद्ध हुए हैं, सबने स्वीकारा।
सिद्ध हो रहे, आगे होंगे, सामायिक द्वारा॥
आत्म सिद्धि पाने वालों को, सिद्धि प्रदायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 6॥

कुछ भी टूटे, कुछ भी फूटे, या सब जग रूठे।
काया छूटे माया छूटे, या सब जग छूटे॥
समता ताला कभी न टूटे, परमावश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 7॥

राजाओं ने राज तजा है, जिसके पाने को।
सम्राटों ने ताज तजा है, जिसके पाने को॥
वह दुर्लभ सामायिक करलो, जो आवश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 8॥

जन्म मरण में लाभ हानि में, हर पल समता हो।
शत्रु-मित्र में, काँच कनक में, समता-समता हो॥
समता लाओ सब सुख पाओ, यह सुखदायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 9॥
सर्व गुणों का यही खजाना, निज में पाना है।
इसको लेने कही न जाना, निज में आना है॥
आत्मशांति की यही विधि है, यही विधायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 10॥

सामायिक जप सामायिक तप, सामायिक व्रत है।
ध्यान दुग्ध धारा से निकला, सामायिक घृत है॥
आत्म तत्त्व के अन्वेषी को, नित आवश्यक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 11॥

मैं ही कर्त्ता कर्म करण हूँ, मैं ही किरिया हूँ।
मैं ही चेतन, मैं ही चिंतन, मैं ही चर्या हूँ॥
मेरी सामायिक ही मुझको, हित सम्पादक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 12॥

यही ज्ञान है, यही ध्यान है, यही साधना है।
यही भाव है, यही भासना, यही भावना है॥
इस पथ पर चलने वाला ही, शिवपथनायक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 13॥

हे समता धर पारस प्रभुवर, तुम्हें नमन मेरा।
हे समताधर सन्त यशोधर, तुम्हें नमन मेरा॥
सामायिक में समता धरना, सदा नियामक है।
ममता तजना समता भजना, ही सामायिक है॥ 14॥

● ● ●

# शुभ भावना

पुण्य नहीं कीना है मैंने, पूर्व जन्म में हे भगवान्।
वर्तमान भी ऐसा बीता, जैसे ढलता सूर्य महान्॥
बीते आगामी अब कैसा, कब होगा मेरा उद्धार।
भगवन तुमको आज पुकारूँ, कर दो मुझको भव से पार॥

धन्य हुए प्रभु नयन हमारे, आज आपके दर्शन से।
धन्य हो गया दिवस हमारा, आज आपके वंदन से॥
धन्य हो गया जीवन मेरा, तेरे पथ को पाऊँगा।
सिद्धालय में जाकर के फिर वापिस कभी ना आऊँगा॥

सागर में गिर जाये रतन तो, फिर मिल पाना मुश्किल है।
वैसे ही नर जन्म गया तो फिर मिल पाना मुश्किल है॥
सात व्यसन और चार कषायें ये ही दुःख का कारण हैं।
जिनने इनसे नाता तोड़ा, वे ही पायें शिवधन हैं॥
हम सबकी हो यही भावना, मेरा देश महान् बने।
भारत का हर बच्चा बच्चा, महावीर और राम बने॥

गर जनम हो दुबारा मानव जनम मिले,
फिर से यही जिनालय जिनवर शरण मिले॥

गर जनम हो दुबारा मानव जनम मिले।
फिर से यही हो आगम, आगम शरण मिले॥

गर जनम हो दुबारा मानव जनम मिले।
फिर से यही हो गुरुवर, गुरुवर शरण मिले॥

● ● ●